सच, सिर्फ सच

# वॉयस ऑफ लखनऊ

शनिवार, 15 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 45, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 200 अंकों की गिरावट

विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही। } 14

## अमित शाह ने पुलवामा शहीदों को दी श्रद्धांजलि

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पुलवामा आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पाकिस्तान में हवाई हमलों के जरिये आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। } 16



संक्षेप

### फ्रांस-अमेरिका यात्रा से भारत लौटे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की अपनी यात्रा से लौट आये हैं। इस दौरे के दौरान उन्होंने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उच्च स्तरीय द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें व्यापार, रक्षा, सुरक्षा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहित कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी बुधवार को फ्रांस से अमेरिका पहुंचे थे और बृहस्पतिवार को भारतीय समयानुसार शुक्रवार को राष्ट्रपति ट्रंप ने उनकी मेजबानी की। यह बैठक खास रही क्योंकि यह ट्रंप के दूसरे कार्यकाल की पहली द्विपक्षीय वार्ता थी। दोनों नेताओं ने भारत-अमेरिका संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले लिए। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज और राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से भी मुलाकात की। इन बैठकों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा हुई।

### बंद हुआ न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को मुंबई स्थित न्यू इंडिया को-ऑपरेटिव बैंक में खराब संचालन मानकों का हवाला देते हुए इसके निदेशक मंडल को भंग कर दिया। बैंक पर पर कई प्रतिबंध लगाने के एक दिन बाद आरबीआई ने यह कदम उठाया। आरबीआई की पाबंदियों के बाद शुक्रवार को बैंक की शाखाओं के बाहर ग्राहकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इन पाबंदियों में बैंक को नए कर्ज जारी करने से रोका गया है और साथ ही बैंक द्वारा ग्राहकों के जमा पैसे को छह महीने तक निकालने पर भी रोक लगा दी गई है। बैंक की 28 शाखाएं हैं, जिनमें से ज्यादातर मुंबई क्षेत्र में स्थित हैं। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि उसने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व मुख्य महाप्रबंधक श्रीकांत को बैंक के मामलों के प्रबंधन के लिए प्रशासक नियुक्त किया है।

### नहर में गिरी कार चार लोगों की मौत

हाथरस। जिले में जरेरा गांव के पास एक कार के नहर में गिर जाने से दो बच्चों समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। बृहस्पतिवार देर रात दुर्घटना उस समय हुई जब कार सवार लोग अलीगढ़ से एक विवाह समारोह में शामिल होने के बाद एटा जिले के जलेसर लौट रहे थे। पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि मृतकों में बबलू (45), उसके भाई की पत्नी पूनम (35), पूनम की बेटियां काव्या (3) और भूमि (1) शामिल हैं। पांच लोग घायल हुए हैं, जिनका सिकंदरा राऊ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज जारी है, वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि वह दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# भारत-अमेरिका का व्यापार होगा 500 अरब डॉलर

○ राष्ट्रपति ट्रंप और प्रधानमंत्री मोदी के बीच नयी रक्षा साझेदारी ○ भारत को एफ-35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति का रास्ता साफ

एजेंसी

वाशिंगटन। भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर पहुंचाने का संकल्प किया है। इसके साथ ही शुल्कों में कमी लाने तथा बाजार पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से द्विपक्षीय व्यापार समझौते की योजना की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यहां हुई बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों के लिए प्रतिबद्धता जाहिर की ताकि वृद्धि तथा निष्पक्षता को बढ़ावा मिले, राष्ट्रीय सुरक्षा तथा रोजगार सृजन सुनिश्चित हो। इसमें कहा गया इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए, नेताओं ने द्विपक्षीय व्यापार के लिए एक नया साहसिक लक्ष्य मिशन 500 निर्धारित किया, जिसके तहत मकसद 2030 तक कुल द्विपक्षीय व्यापार को दोगुने से अधिक बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करना है। दोनों



नेताओं ने इस बात को स्वीकार किया कि महत्वाकांक्षा के इस स्तर के लिए नए, निष्पक्ष-व्यापार शर्तों की आवश्यकता होगी। इसके लिए दोनों देशों ने 2025 अंत तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत पूरी करने की योजना की घोषणा की। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्ष इन वार्ताओं को आगे बढ़ाने के लिए वरिष्ठ प्रतिनिधियों को नामित करने और यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि व्यापार संबंध पूरी तरह से कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य तथा प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करने) आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करें। इसमें कहा गया इस नवोन्मेषी, व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए, अमेरिका तथा भारत माल व सेवा क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार को मजबूत करने के लिए एक एकीकृत दृष्टिकोण अपनाएंगे। साथ ही बाजार पहुंच बढ़ाने, शुल्क व गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने तथा आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे। आम तौर पर मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) में दो व्यापारिक साझेदार आपस में व्यापार की जाने वाली ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अंतरिक्ष अन्वेषण में अधिक सहयोग का आह्वान

वाशिंगटन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन सहित अंतरिक्ष अन्वेषण में सहयोग बढ़ाने का आह्वान करते हुए 2025 को अमेरिका-भारत असैन्य अंतरिक्ष सहयोग के लिए अग्रणी वर्ष बताया। इंडस इन्नोवेशन ब्रिज की शुरुआत करते हुए दोनों नेताओं ने बृहस्पतिवार (शुक्रवार भारतीय समयानुसार) को व्यापक चर्चा की, जिसमें रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष और महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों सहित द्विपक्षीय साझेदारी को व्यापक बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। चर्चा के बाद जारी संयुक्त ...शेष पृष्ठ 14 पर



टेस्ला कंपनी के मालिक एलन मस्क के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# यूपी में नौ हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

राजनाथ सिंह, सीएम योगी व नितिन गडकरी ने लखनऊ में फोर लेन के दो फ्लाईओवर का किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता

लखनऊ। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उत्तर प्रदेश के लिए 9,000 करोड़ रुपये लागत की नई सड़क परियोजनाओं की घोषणा की। इसमें प्रयागराज-वाराणसी 125 किमी हाई-स्पीड कॉरिडोर (12,000 करोड़ रुपये), आगरा-अलीगढ़ 65 किमी सड़क, बदायूं-बरेली 39 किमी सड़क, रायबरेली-जौनपुर सड़क और कई अन्य सड़कें शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि वाराणसी से कोलकाता और गोरखपुर से सिलीगुड़ी तक नई सड़क परियोजनाएं जल्द ही शुरू की जाएंगी। उन्होंने बताया किया राजधानी लखनऊ में 1000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यस व लोकार्पण किया। इस अवसर पर





राजधानी लखनऊ में परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व नितिन गडकरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में चार लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। एक बयान के मुताबिक इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रम नगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (तीन किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक ...शेष पृष्ठ 14 पर

## 26/11 हमले का आरोपी तहव्वुर राणा जल्द लाया जायेगा भारत

अमेरिका ने प्रत्यर्पण के तहत भेजने को दी मंजूरी

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि उनके प्रशासन ने 26।11 मुंबई आतंकवादी हमलों में संलिप्तता के लिए भारतीय जांच एजेंसियों द्वारा वांछित और बहुत बुरे व्यक्ति तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। माना जाता है कि वह मुंबई के 26/11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा है। अमेरिका की यात्रा



पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार का दिन) को कहा, आज मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि मेरे प्रशासन ने दुनिया के सबसे बुरे ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोशल मीडिया के 53 अकाउंट पर कार्रवाई

महाकुम्भ को लेकर भ्रामक सूचना फैलाने का आरोप

विशेष संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस ने प्रयागराज में जारी महाकुंभ के बारे में गलत एवं भ्रामक सूचना प्रसारित करने के आरोप में पिछले महीने 53 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा फर्जी खबरों पर लगाम लगाने के निर्देश के बाद यह कार्रवाई की गई।

वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार, अधिकारियों ने कई भ्रामक पोस्ट की पहचान की। इसमें पुराने वीडियो भी शामिल हैं, जिन्हें गलत तरीके से इस आयोजन से जोड़ा गया। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बृहस्पतिवार शाम को एक बयान में कहा कि विभाग ने एक व्यापक रणनीति



पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार

तैयार की है, जिसमें सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट की निगरानी और उसका मुकाबला करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस तथा विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा निरंतर साइबर निगरानी शामिल है। बयान में कहा गया कि 13 फरवरी को साइबर निगरानी के दौरान दो भ्रामक वीडियो सामने आए, जिन्हें गलत तरीके से महाकुंभ से जोड़ा गया था। पहला वीडियो मिस्र में आग लगने की घटना का है और इसे गलत तरीके से महाकुंभ में बस स्टैंड पर आग लगने की घटना से जोड़कर साझा किया गया था। पोस्ट में दावा किया गया था कि आग लगने की घटना में 40-50 वाहन जलकर नष्ट हो गए। हालांकि, जांच में पुष्टि हुई कि फुटेज वास्तव में 14 जुलाई, 2020 को काहिरा में पाइपलाइन में लगी आग की थी। प्रयागराज कुंभ मेला प्रशासन और उत्तर प्रदेश पुलिस ने आधिकारिक तौर पर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस दावे को खारिज कर दिया। इस गलत सूचना को फैलाने के लिए जिम्मेदार कई सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। दूसरा वीडियो नवंबर 2024 में बिहार के पटना ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दिल्ली में 700 से अधिक जगहों पर छापेमारी

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सभी जिलों और विशेष इकाइयों के सहयोग से राजधानी के 700 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापेमारी की और मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले 90 अपराधियों को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि अभियान कवच 7.0 बुधवार को शुरू हुआ और बृहस्पतिवार तक जारी रहा। विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध शाखा) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने बताया, इस अभियान के तहत मादक पदार्थ और साइकोट्रोपिक पदार्थ के मामलों में 90 मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से 553 ग्राम हेरोइन, 43 किलोग्राम मारिजुआना, 199 ग्राम कोकीन और दो लाख से ...शेष पृष्ठ 14 पर

## देवभूमि के साथ अब खेल भूमि बनी उत्तराखंड

राष्ट्रीय खेल के समापन पर पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

प्रमुख संवाददाता

हल्द्वानी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम गोलापार, हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेल का समापन समारोह आयोजित किया गया। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने 38वें राष्ट्रीय खेल के समापन की घोषणा की। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री ने प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले सर्विसेज, महाराष्ट्र और हरियाणा को सम्मानित किया।

समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने छोटे पहाड़ी राज्य में मजबूत इच्छाशक्ति व दृढ़ संकल्प से भौगोलिक कठिनाइयों से जूझते हुए



बेहद व्यवस्थित ढंग से आयोजन कराने में सफलता प्राप्त की है। उत्तराखंड के हर जिले में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने देवभूमि को राष्ट्रीय खेलों के नक्शे पर 25वें स्थान से 7वें स्थान पर लाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुभारंभ के अवसर पर हमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आशीर्वाद प्राप्त हुआ था। आज इन खेलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

मौनी अमावस्या पर सबसे अधिक आठ करोड़ व माघ पूर्णिमा पर 2.4 करोड़ ने किया था स्नान

# महाकुंभ : अब तक 50 करोड़ ने लगायी डुबकी

विशेष संवाददाता

महाकुंभ नगर (उप्र)। प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ हुए महाकुंभ में गंगा और त्रिवेणी संगम में स्नान करने वाले श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। मेला प्रशासन के आंकड़ों के मुताबिक अकेले शुक्रवार के दिन शाम छह बजे तक 92.84 लाख लोगों ने महाकुंभ में स्नान किया और अभी तक कुल 50.20 करोड़ से अधिक लोग डुबकी लगा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस संबंध में एक्स पर पोस्ट कर कहा, भारत की आध्यात्मिकता, एकात्मता, समता और समरसता के जीवंत प्रतीक महाकुंभ



2025, प्रयागराज में अब तक पावन त्रिवेणी में 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगा चुके हैं।

उन्होंने कहा भारत की कुल जनसंख्या में 110 करोड़ नागरिक सनातन धर्मावलंबी हैं और उसमें से 50 करोड़ से अधिक नागरिकों द्वारा संगम में पवित्र स्नान उत्कृष्ट मानवीय मूल्यों की श्रेष्ठतम ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ऊर्जा क्षेत्र में मजबूती से उभर रहा भारत : पुरी

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री ने ऊर्जा सप्ताह की अभूतपूर्व सफलता पर डाला प्रकाश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 की अभूतपूर्व सफलता पर प्रकाश डाला। इसमें प्रतिभागियों और प्रदर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई तथा तकनीकी शोध-पत्र प्रस्तुत किये गये। उन्होंने कहा कि इस आयोजन ने पेट्रोलियम, प्राकृतिक गैस, हरित ऊर्जा, जैव ईंधन और सीबीजी सहित विभिन्न क्षेत्रों को शामिल करके उल्लेखनीय रूप से अपेक्षाओं से अधिक अभिनव विकास को दर्शाया है।

पुरी ने इस बात पर जोर दिया कि तीन वर्षों की अल्पावधि में ही भारत ऊर्जा सप्ताह ने स्वयं को विश्व के दूसरे सबसे बड़े ऊर्जा मंच के रूप में स्थापित कर लिया है। इसका चौथा संस्करण गोवा में आयोजित किया जाएगा। भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 ने केवल नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म के रूप में काम करने के बजाय



पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी

वास्तविक और व्यावसायिक लेनदेन को सुविधाजनक बनाकर अन्य वैश्विक ऊर्जा मंचों से खुद को अलग किया है। हरदीप सिंह पुरी ने विशेष रूप से व्यावहारिक नवाचारों का उल्लेख किया कि एचपीसीएल स्टॉल पर प्रदर्शित लागत प्रभावी रूपांतरण किट, जिसे दो और तीन पहिया वाहनों में जैव ईंधन के उपयोग को सक्षम करने के लिए डिजाइन किया गया है। इसके अतिरिक्त मंत्री ने निवेशकों, निमार्ताओं और उपभोक्ताओं के अभिसरण पर भी संतोष व्यक्त किया, जो विशेष रूप से फ्लेक्स फ्यूल वाहनों के प्रदर्शन में स्पष्ट हुआ था। मंत्री ने भारत-अमेरिका ऊर्जा सहयोग और द्विपक्षीय संबंधों में विशेष रूप से प्राकृतिक गैस क्षेत्र में पर्याप्त प्रगति का उल्लेख किया। उन्होंने भारत के घोषित लक्ष्य पर प्रकाश डाला कि वह अपने ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस की खपत को वर्तमान में लगभग 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करना चाहता है। उन्होंने तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आपूर्ति के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ संबंधों के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से बीपी के साथ ओएनजीसी ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में यूपी बनेगा वैश्विक स्तर का उत्पादक राज्य

## प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन पर सहयोग को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा मंत्री और यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के डिप्टी गवर्नर की अध्यक्षता में हुई बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन, भंडारण, तकनीकी विकास, सेन्टर आफ एक्सीलेंस व आपूर्ति के क्षेत्र में तकनीकी सहयोग, निवेश प्रोत्साहन, अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति तथा आपसी समन्वय के लिए 23 दिसम्बर 2024 को उप्र सरकार तथा यामानाशी प्रीफेक्चर, जापान के बीच समझौता ज्ञापन हुआ था। इस समझौते ज्ञापन के तहत ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आपसी

- **जापान की यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी उत्पादन, आपूर्ति, बिक्री व अन्य सेवाओं में करेगी सहयोग : एके शर्मा**
- **जापानी प्रतिनिधिमंडल ने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में सहयोग का दिया आश्वासन**

सहयोग को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा तथा जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर (प्रांत) के उप गवर्नर को ओसादा की मौजूदगी में गुरुवार को लखनऊ के ताज होटल में चर्चा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अपर मुख्य सचिव नरेंद्र भूषण, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, एमडी यूपी नोएडा अनुपम शुक्ला, कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर आईआईटी कॉलेज के प्रोफेसर तथा यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार के सलाहकार मिव नीरेंद्र उपाध्याय तथा यामानाशी प्रीफेक्चर सरकार में अंतर्राष्ट्रीय रणनीति क्षेत्र के निदेशक कोईची फुरुया उपस्थित रहें।

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा और जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर प्रांत के उप गवर्नर की अध्यक्षता में गुरुवार को लखनऊ के ताज होटल के मुलाकात कॉन्फ्रेंस हॉल में देर शाम जापान के प्रतिनिधिमंडल के साथ प्रदेश के ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास एजेंसी यूपीनेडा द्वारा उत्तर प्रदेश ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2024 का प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया और अभी तक प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में किए गए कार्यों की जानकारी दी गई। बैठक में ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत मंत्री एके शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत देश 2070 तक नेट जीरो इमीशन का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए ग्रीन एनर्जी एवं सौर ऊर्जा के उत्पादन, उपभोग व विपणन में बहुत तेजी से आगे कदम बढ़ा रहा है। उत्तर प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन, सौर ऊर्जा व बायो फ्यूल के क्षेत्र में कार्य करने के लिए बहुत ही व्यापक क्षेत्र है और यहां की सरकार इसके लिए उत्सुक भी है। प्रदेश सरकार ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज को चुनौती मानते हुए हाइड्रोजन गैस और सोलर एनर्जी पर कार्य कर रही। उन्होंने जापानी प्रतिनिधिमंडल से ग्रीन एनर्जी के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा व्यक्त की।




ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि भारत और जापान के रिश्ते बहुत गहरे हैं, दोनों देश नई तकनीकी, अनुसंधान एवं विकास, मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण पर मिलकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं स्वयं जापान की कार्य संस्कृति से अच्छी तरह से वाकिफ हूं और अनेकों बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जापान जाने का मौका मिला, इससे वहां के उद्योगपतियों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों से मेरे स्वयं अच्छे संबंध भी बने हैं। जापान की एमएसएमई सेक्टर की मशहूर कंपनी और जेट्रो और बुटीक, इंडस्ट्रियल ऑर्गेनाइजेशन के साथ भी कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में एमएसएमई क्षेत्र बहुत ही व्यापक है और बहुत सी कंपनियां व स्टार्टअप इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए आगे आयी हैं। उन्होंने कहा कि जापान की सुजकी कंपनी यहां की स्थानीय ब्रांड मारुति के साथ सहयोग कर मारूति सुजुकी का उत्पादन गुजरात में प्रारम्भ किया था, जिसका परिणाम यह रहा की आज मारुति सुजुकी की स्थिति व गुणवत्ता इतनी अच्छी है की मारुति सुजुकी विश्व के अन्य देशों के साथ-साथ जापान को भी इस कार की आपूर्ति कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन नीति के तहत प्रति वर्ष 01 मिलियन मीट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य है। इसके तहत पूंजीगत सब्सिडी और भूमि प्रोत्साहन भी दिया जा रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की सरकारी राजस्व भूमि 30 वर्षों के लिए 01 रूपया प्रति एकड़ प्रति वर्ष की लीज पर तथा निजी क्षेत्र की सरकारी राजस्व भूमि 30 वर्षों के लिए 15000 रुपए प्रति एकड़ प्रति वर्ष की लीज पर उपलब्ध कराई जा रही तथा स्टाम्प डयूटी में शत प्रतिशत की छूट दी जा रही है, इसी प्रकार प्रदेश की भौगोलिक क्षेत्र और परियोजना लागत के अनुरूप 10 से 30 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है। वहीं सुपर मेगा और अल्ट्रा मेगा श्रेणी की कम्पनियों को 35-40 प्रतिशत तक सब्सिडी दी जा रही है।एके शर्मा ने कहा कि आपसी विश्वास, लोकतांत्रिक मूल्यों के आदान प्रदान एवं औद्योगिक व व्यापारिक कार्य संस्कृति में सहयोग करने से दोनों देशों को काफी लाभ होगा। उन्होंने ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में कार्य करने वाली जापान की यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इससे प्रदेश में ग्रीन हाइड्रोजन के प्रोडक्शन, भंडारण, विपणन व ट्रासपोर्टेशन व आपूर्ति के क्षेत्र में कार्य करने का मौका मिलेगा और वैश्विक स्तर पर ग्रीन हाइड्रोजन के सप्लाई चेन से मुकाबला करने व आगे बढ़ने का भी अवसर मिलेगा। इससे उप्र ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का उत्पादक भी बन सकेगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन के उत्पादन में उपयोगी इलेक्ट्रोलाइजर्स का प्रदेश में उत्पादन के लिए भी चर्चा की गयी और जापानी प्रतिनिधिमंडल ने सहयोग की बात की। उन्होंने कहा कि जापान के सहयोग से प्रदेश के आईआईटी संस्थानों में अनुसंधान एवं विकास व नवाचार के लिए उत्कृष्टता केन्द्र स्थापित किये जायेगे। जिसमें सरकारी शैक्षणिक संस्थानों को अधिकतम 50 करोड़ रुपए तक का वित्तीय प्रोत्साहन मिलेगा। ग्रीन हाइड्रोजन/अमोनिया उत्पादन या उपयोग करने वाले स्टार्टअप्स को बढ़ावा मिलेगा। प्रत्येक स्टार्टअप को 25 लाख रुपए प्रति वर्ष की वित्तीय सहायता मिलेगी। इसमें अधिकतम 03 इनक्यूबेटर्स को बढ़ावा के साथ प्रत्येक इनक्यूबेटर में अधिकतम 10 स्टार्टअप्स की सुविधा मिलेगी।

जापान की यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी ने 12 फरवरी को अपर मुख्य सचिव वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत नरेन्द्र भूषण के साथ बैठक की। जिसमें जानकारी मिली कि यामानाशी हाइड्रोजन कंपनी जापान की पहली पावर-टू-गैस कंपनी है। यह नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से हाइड्रोजन का उत्पादन, आपूर्ति, बिक्री और सेवाएं प्रदान करती है। इसकी एक प्रमुख उपलब्धि 05 मेगावाट का पैकेजिंग मॉडल स्थापित किया गया, जिसका उपयोग कंक्रीट पैनलों की हीट क्योरिंग और टायरों के सल्फराइजेशन प्रक्रिया में किया गया। भारत में हरियाणा में भी न्यू एनर्जी एंड इंडस्ट्रियल टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन, जापान और जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के सहयोग से इसकी उत्पाद क्षमता का अध्ययन किया गया। हालांकि, हरियाणा में जापान से पूंजीगत व्यय की उच्च दर और संचालन व्यय के लिए कोई समर्थन न होने के कारण समस्या उत्पन्न हुई। इस कंपनी के उप्र में आने से ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में व्यावसायिक अवसर मिलेंगे, शैक्षणिक संस्थानों में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना होगी, भारतीय कंपनियों के साथ प्रौद्योगिकी साझेदारी मिलेगी और मेगावाट-स्तर पर इलेक्ट्रोलाइजर निर्माण होगा।ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जापान की ग्रीन हाइड्रोजन कंपनी के उप्र आने के लिए जापानी डेलीगेशन का धन्यवाद किया और आश्वासन दिया कि ऊर्जा एवं अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत विभाग के अधिकारी इसमें पूरा सहयोग करेंगे। जापान के यामानाशी प्रीफेक्चर (प्रांत) के उप गवर्नर को ओसादा ने कहा कि ग्रीन हाइड्रोजन व ग्रीन एनर्जी व अन्य औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग से भारत और जापान के रिश्तों को मजबूती मिलेगी।

# यूपी में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की पूरी क्षमता है : जयवीर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों, प्राकृतिक संपदा तथा वन्य जीव अभ्यारण सहित अन्य स्थलों की ओर अधिक से अधिक पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए ब्राण्डिंग पर जोर देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने की पूरी क्षमता है।

- **निवेश के लिए रूरल होमस्टे, वेडिंग डेस्टिनेशन, होटलों की आकुपेंसी बढ़ाने पर ध्यान दिया जाये**



घरेलू पर्यटन की तर्ज पर हम विदेशी पर्यटन में भी शीघ्र देश में पहला स्थान हासिल करेंगे। इसमें आध्यात्मिक सर्किट के साथ-साथ बुद्धिस्ट सर्किट, ईको टूरिज्म सर्किट और बुंदेलखंड सर्किट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने में पर्यटन सेक्टर अधिकतम योगदान दे सके, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को विभिन्न संभावनाओं पर फोकस करना चाहिए। मंत्री शुक्रवार को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी को लेकर पर्यटन विभाग की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

गोमतीनगर स्थित पर्यटन भवन में आयोजित बैठक में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कई राज्य अपने धार्मिक-आध्यात्मिक, प्राकृतिक, ऐतिहासिक स्थलों तथा मेले-महोत्सवों और पर्व-त्योहारों आदि से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में अन्य राज्यों की तुलना में पर्यटन की संभावनाएं अधिक हैं। यहां अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य पावन स्थल हैं। महाकुंभ, दीपोत्सव, रंगोत्सव, देव दीपावली सहित अनेक पर्व-त्योहार और मेले लगते हैं। इस प्रकार उत्तर प्रदेश विविधताओं से भरा राज्य है। इनके व्यापक प्रचार-प्रसार की आवश्यकता है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने कहा कि गंतव्य स्थलों पर अच्छी कनेक्टिविटी के लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। हमारा प्रयास है कि महत्वपूर्ण सभी स्थलों तक रेल मार्ग, हवाई सेवा और सड़क कनेक्टिविटी उपलब्ध हो। इतना ही नहीं, प्राथमिकता के आधार पर वे साइट एमिनिटीज विकसित की जा रही है। क्योंकि, पर्यटक यदि लंबी दूरी तय कर रहा है तो यात्रा के दौरान उसे ऐसे स्थलों की तलाश रहती है जहां अच्छी सुविधाएं उपलब्ध हों। पर्यटन विभाग इस दिशा में तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जयवीर सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में राज्य में पर्यटकों की संख्या में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। इसलिए बड़े पैमाने पर ठहराव स्थलों की मांग बढ़ी है। इसकी पूर्ति के लिए पर्यटन नीति के तहत विशेष छूट देकर होटल, होम स्टे, पेइंग गेस्ट खोले जा रहे हैं, ताकि पर्यटकों को सस्ती, सुरक्षित और अच्छी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने प्रदेश के सभी प्राधिकरणों से समन्वय करके होटल आदि के मानचित्र स्वीकृत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने रूरल होम स्टे प्रचलन को लोकप्रिय बनाने के निर्देश दिये, इसके अलावा शादी घर, गेस्ट हाउस में अधिकतम पर्यटकों को सुविधा देने की बात कही। इसके अलावा मेडिकल टूरिज्म, वेडिंग डेस्टिनेशन को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्रा और मध्य प्रदेश का पैटर्न अपनाने पर जोर दिया। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम ने कहा कि हास्पिटेलिटी यूनिट्स की एनओसी प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए ध्यान दिया जायेगा। इसके अलावा टूरिस्ट फुल-फाल एण्ड एक्सपेन्डीचर सर्वे कराया जा रहा है, इसमें 09 लाख टूरिस्ट का सैम्पल सर्वे किया जायेगा। यह सर्वे दिसम्बर तक चलेगा, इसमें फूड एण्ड वेवरेज और मेडिकल यूनिट का भी सर्वेक्षण किया जायेगा। पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए टूरिस्ट डेस्टिनेशन के विकास के लिए अध्ययन कार्य कराये जायेंगे। इसके अतिरिक्त वे साइड एमिनिटी बढ़ाने के लिए टूरिस्ट डेस्टिनेशन का भी अध्ययन कराया जायेगा। प्रमुख सचिव ने यह भी सुझाव दिये कि प्रदेश में स्थित होटलों की आकुपेंसी बढ़ाने का हरसंभव प्रयास किया जाए।

# सनातन की ताकत और एकता का नया इतिहास महाकुम्भ में रचा गया : फडणवीस

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आस्था, परंपरा और भक्ति की अद्वितीय त्रिवेणी महाकुम्भ 2025 में शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ ही भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पश्चिम बंगाल, उड़ीसा एवं तेलंगाना के प्रभारी सुनील बंसल ने

- **महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठपदाधिकारी सुनील बंसल ने लगायी आस्था की डुबकी**

आस्था की डुबकी लगाई।

तीर्थराज प्रयाग में आगमन पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने प्रदेश सरकार की ओर से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन सुनील बंसल का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया।



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सपरिवार महाकुम्भ में सम्मिलित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि 144 वर्ष बाद महाकुम्भ के दिव्य एवं अद्भुत योग में संगम स्नान करोड़ों सनातनियों के लिए गर्व की अनुभूति है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में महाकुम्भकी व्यवस्था दिव्य, भव्य ही नहीं बल्कि अद्वितीय है। जिसके लिए उत्तर प्रदेश सरकार का हार्दिक आभार। सनातन की ताकत और एकता का नया इतिहास करोड़ों सनातनियों द्वारा महाकुम्भ में रचा गया है, जो गर्व का विषय है। आस्था के महाकुम्भ को देख कर पूरी दुनिया अचरज में है कि करोड़ों लोगों ने किस तरह त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई।

# पीएम ऐसा व्यापार लायें जिससे लोगों में खुशहाली हो : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि अमेरिका जाने में कोई बुराई नहीं है। अमेरिका से लेकिन प्रधानमंत्री ऐसा व्यापार लायें जिससे हमारे लोगों में खुशहाली हो। हम अपना बाजार अमेरिका को न दे दें। पिछली बार प्रधानमंत्री अमेरिका हीरा

- **वाराणसी में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों से की वार्ता**

लेकर गये थे, इस बार कम से कम सोने की चेन लेकर जाते।

अखिलेश यादव शुक्रवार को वाराणसी में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम सब चाहते है कि भारत मजबूत हो। यदि हमारे देश के नौजवान कानून तोड़कर गये तो यह किसकी नाकामयाबी हैं। वे मजबूरी में देश छोड़कर घर परिवार से दूर विदेश जा रहे है क्योंकि वहां बेहतर अवसर मिलेगा। जीवन अच्छा रहेगा। पंजाब, गुजरात में विदेश भेजने के नाम पर दलाल पैसा वसूलते हैं। सबसे ज्यादा भारत से जाने वालों में गुजरात के लोगों की सूची होगी। भारत इतना मजबूत हो कि कोई देश हथकड़ी-बेड़ी लगाकर हमारे नागरिकों को न भेजे। अमृतकाल में अमृतसर में हथकड़ी-बेड़ी लगाकर उन्हें उतारना भारत को नीचा दिखाने की कोशिश है। हमारा यही निवेदन और अपील होगी सरकार से कोई भी हिन्दुस्तानी हथकड़ी-बेड़ियों से वापस न आयें। भाजपाई तमाम योजनाओं को सफल बता रहे है। मेक इन इंडिया, स्टार्ट अप, इंडिया डिजिटल इंडिया को सफल बता रहे हैं तो फिर लोग पलायन क्यों कर रहे हैं। भारत छोड़कर क्यों जा रहे है?



यादव ने कहा कि दावा तो यह है कि भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था से दूसरे-तीसरे नम्बर पर पहुंच जाएगा। भारत सरकार का अब तक का सबसे बड़ा बजट पेश हुआ है। नौकरी, रोजगार, किसान की आय और भारत का रोडमैप तैयार करने का दावा किया गया। लेकिन बजट आने के बाद जो मायूसी छाई है, जो आंकड़े सामने नजर आए उससे न तो विकसित भारत बनने जा रहा है, नहीं इससे कोई अर्थव्यवस्था बढ़ने जा रही है। नौकरी रोजगार, और मैन्यूफैक्चरिंग के दावे असफल रहे है। उन्होंने कहा कि जिस बजट ने न नौकरी दी हो, किसानों की आय दुगनी न की हो, जिससे व्यापार न बढ़ा हो, मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को फायदा न हुआ हो, उस बजट ने सिर्फ मायूसी दी है और निराश किया है। इस सरकार ने जनता को धोखा दिया है। वक्फ बिल लाकर वे जनता का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी से बांट रहे है। यह उनका पुराना तरीका है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने कहा कि विकसित भारत बनेगा, कहा वाराणसी को क्योटो बनाएंगे। भारत का इन्फ्रास्ट्रक्चर कैसा होना था? कुंभ में अगर 100 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद से तैयारी होती तो लोगों को असुविधा नहीं होती। महाकुंभ में आकर लोग बड़े पैमाने पर परेशान हुए। लोगों की जानें गई है। भगदड़ में ही नहीं जो श्रद्धालु आए उनकी भी जाने गई हैं। सरकार नहीं बता पा रही है कि मौत के आंकड़े क्या है? सरकार वस्तुतः यह जानकारी छुपा रही है। कुंभ के आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि जो विकसित भारत का रोडमैप है, वह आधा-अधूरा है।

# जयंत चौधरी ने कसूरी मेथी को जीआई टैग दिये जाने के लिए लिखा पत्र

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार प्रभार, शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने राजस्थान के नागौर के किसानों एवं व्यापारियों की मांग के अनुरूप नागौर क्षेत्र की पान मेथी जिसे कसूरी मेथी भी कहा जाता है, को जीआई टैग दिये जाने के संबंध में वाणिज्य व उद्योग राज्य मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर मांग की है।

उन्होंने पत्र में उसके विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र में उत्पादन तथा विशिष्ट गुणों के कारण उसे जीआई टैग दिया जाना सर्वथा उपयुक्त बताते हुए लिखा कि अपनी विशेष सुगंध व गुणवत्ता के कारण कसूरी मेथी की एक अलग पहचान है जिसे विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में उपयोग किया जाता है! यह जानकारी देते हुए पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने बताया कि राजस्थान के नागौर के लगभग सौ गांवों में रबी की फसल के रुप में इसका लगभग सात हजार हेक्टेयर भूमि पर उत्पादन किया जाता है और इसे देश-विदेश में निर्यात भी किया जाता है। इसके तमाम स्वास्थ्य सम्बंधी फायदे भी है जहां एक ओर यह भोज्य पदार्थों को स्वादिष्ट और खुशबूदार बनाती है वहीं दूसरी ओर यह औषधीय गुणों से भी परिपूर्ण है। मैं आशान्वित हूं कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पत्र का एक सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेगा और कसूरी मेथी जिसे नागौरी मेथी भी कहा जाता है को जीआई टैग दिये जाने संबंधी लिखे गए पत्र पर सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार करेगी।

# उच्च शिक्षा मंत्री ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को किया विदा

**लखनऊ ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि के रूप में लखनऊ एयरपोर्ट पर विदाई दी। उन्होंने उनकी सफल यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए राज्य सरकार की ओर से आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व, उत्तर प्रदेश के विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के उद्देश्य से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में चार लेन के दो प्रमुख फ्लाईओवर का उद्घाटन किया। इनमें 270 करोड़ रुपये की लागत से बना इंदिरा नगर सेक्टर 25 से खुर्रमनगर-कल्याणपुर फ्लाईओवर (3 किमी) और 170 करोड़ रुपये की लागत से बना पॉलिटेक्निक से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (2 किमी) शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। इस मौके पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने कहा कि नितिन गडकरी के नेतृत्व में देश के अधोसंरचना क्षेत्र में ऐतिहासिक विकास हुआ है। उत्तर प्रदेश को भी इससे बड़े स्तर पर लाभ मिला है, जिससे राज्य में कनेक्टिविटी और विकास परियोजनाओं को गति मिली है।



# एआई हब से यूपी बनेगा भारत का टेक्नोलॉजी लीडर

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश सरकार की डिजिटल भविष्य की दिशा में प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुएहु-अनुशासनिक एआई शिक्षा प्रणाल का आयोजन चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ द्वारा किया गया।

इस दो दिवसीय सम्मेलन में उद्योग जगत, शिक्षा क्षेत्र, नीति निर्धारकों और वैश्विक एआई विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एआई पर वैश्विक नेतृत्व की सराहना की और कहा कि एआई के क्षेत्र में किए जा रहे निवेश से भारत को भविष्य में वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आगे बढ़ने में सहायता मिलेगी। सम्मेलन में यह घोषणा की गई कि उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ में 170 एकड़ भूमि में एआई हब विकसित कर रही है, जिससे प्रदेश को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के क्षेत्र में अग्रणी बनाया जाएगा। इसी क्रम में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी ने लखनऊ में उच्च स्तरीय एआई शिक्षा और स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए 2500 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की। इसके साथ ही ह्यइंडिया एआई फाउंडेशनह्व की स्थापना का निर्णय लिया गया, जिससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। इस सम्मेलन में 30 से अधिक कंपनियों के सीईओ, संस्थापक, विशेषज्ञ और निवेशकों ने भाग लिया और उद्योग-शिक्षा साझेदारी को लेकर कई महत्वपूर्ण समझौते किए।

- **टाटा ग्रुप के साथ करार से यूपी में एआई स्किल डेवलपमेंट को मिलेगा बढ़ावा : कपिल देव**

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर एआई को लेकर तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यूपी सरकार ने टाटा ग्रुप के साथ मिलकर कौशल विकास को गति देने के लिए करार किया है, जिससे उद्योगों को योग्य कार्यबल मिल सके। लखनऊ में एआई हब विकसित करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का लक्ष्य भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाना है, और इसके लिए हमें एआई और डिजिटल क्रांति में नेतृत्व करना होगा। चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी लखनऊ इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# 25 जनपदों में शुरू होगा शक्ति रसोई का संचालन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के 15 जनपदों में 25 स्थानों पर संचालित हो रही शक्ति रसोई ने पहले ही साल में दो करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री कर कीर्तिमान रच दिया है। इस सफलता को देखते हुए शक्ति रसोई का विस्तार अन्य जनपदों में भी किया जाएगा। ये बातें सूडा भवन में वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग

- **स्थापना के पहले वर्ष में 15 जनपदों में दो करोड़ से अधिक की हुई बिक्री**



के दौरान सचिव, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन क्रियान्वयन विभाग व निदेशक सूडा, डॉ. अनिल कुमार ने कहीं। बता दें कि द्वितीय चरण में अलीगढ़, बाराबंकी, जीबी नगर, गोंडा, लखीमपुर-खीरी, मथुरा, रायबरेली, सुलतानपुर, उन्नाव, जौनपुर, बरेली, बांदा, कानपुर देहात, सीतापुर, बलिया, एटा, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, पीलीभीत, कौशांबी, संभल, शाहजहांपुर, गाजियाबाद तथा महोबा में किया जाएगा। बैठक में परियोजना अधिकारी व शहर मिशन प्रबंधकों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

बैठक के दौरान निदेशक सूडा ने कहा कि द्वितीय चरण में उक्त जनपदों में शक्ति रसोई का संचालन तत्काल प्रारंभ कराया जाए। इसके लिए जनपद स्तर पर प्रतिष्ठत होटलों के विशेषज्ञों की ओर से चयनित स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का प्रशिक्षण कराया जाए। समूह की महिलाओं का बैंक खाता खुलवाया जाए व क्यूआर कोड उपलब्ध करवाया जाए। इसके साथ ही पेट पूजा ऐप भी इन्सटाल कराया जाए। ऑनलाइन बिक्री के लिए स्वैगी व जोमैटो में शक्ति रसोई का पंजीकरण प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। समाज में महिलाओं की स्थिति जितनी सशक्त होगी वह राष्ट्र व समाज भी उतना ही सशक्त व विकसित होगा। महिला सशक्तिकरण व आर्थिक उन्नयन के लिए प्रदेश में अभिनव प्रयोग के तौर पर शक्ति रसोई का संचालन 15 जनपदों में 25 स्थानों पर किया जा रहा है। शक्ति रसोई योजना का संचालन डे-एनयूएलएम के अंतर्गत किया जा रहा है। इस योजना के तहत शक्ति रसोई के संचालन का काम स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई महिलाओं को सौंपा गया है। इन महिलाओं को सरकारी भवनों, कार्यालयों में इस कैंटीन के जिम्मा दिया गया है। विभाग की ओर से शक्ति रसोई के संचालन में काम आने वाले आवश्यक उपकरण, फर्नीचर आदि निशुल्क उपलब्ध कराए गए हैं। इतना ही इन महिलाओं को समय-समय पर देश के नामचीन होटल के शेफ आदि की ओर से प्रशिक्षण भी दिया जाता है। जिसके माध्यम से महिलाएं शक्ति रसोई का संचालन और भी बेहतर व्यवसायिक तरीके से कर रहीं हैं। पाइलट प्रोजेक्ट के रूप में लखनऊ में 5, झांसी में 3, वाराणसी में 3, प्रयागराज में 2, गोरखपुर में 2, एवं अयोध्या, आगरा, देवरिया, आजमगढ़, सोनभद्र, कानपुर नगर, मुरादाबाद, मऊ, हरदोई कन्नौज में 1-1 रसोई का संचालन हो रहा है।

# मई-जून महीने से राजधानी लखनऊ में बनने लगेगी ब्रह्मोस मिसाइल

## विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ इन्वेस्ट हब के रूप में विकसित हो रहा लखनऊ ,रेलवे और हवाई यातायात को मिलेगा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** शहर में 1028 हजार करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण के मौके पर रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हो रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि विश्व स्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ साथ इन्वेस्ट हब के रूप में लखनऊ को विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है।रक्षा मंत्री ने कहा कि हाल के एक अंतरराष्ट्रीय सर्वेक्षण में लखनऊ को दुनिया के उन शहरों में शामिल किया गया है, जहां तेजी के साथ विकास हो रहा है और भूमि की कीमतें सबसे तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री की मंशानुरूप यूपी में शहरी और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।

रक्षा मंत्री ने कहा कि 2004 से 2014 तक देश में अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास पर केवल 1.78 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए थे, जबकि 2014 से 2024 के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस क्षेत्र में 28.52 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। लखनऊ मेट्रो के विस्तार पर भी जोर दिया गया, जिसमें चारबाग से वसंत कुंज तक की परियोजना को जल्द



स्वीकृति मिलने की उम्मीद है। राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ में यातायात सुगमता के लिए कई फ्लाईओवर और हाईवे बनाए जा रहे हैं।पॉलीटेक्निक चौराहे से मुंशी पुलिया तक 170 करोड़ रुपये की लागत से बने चार लेन फ्लाईओवर और इंदिरा नगर से खुर्रमनगर तक 270 करोड़ रुपये की लागत से बने फ्लाईओवर का लोकार्पण किया गया। इसके अतिरिक्त, अमर शहीद पथ के पास सर्विस रोड के निर्माण के लिए 45 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।रक्षा मंत्री व लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह ने कहा कि लखनऊ के रेलवे नेटवर्क को और अधिक उन्नत किया जा रहा है।गोमतीनगर रेलवे टर्मिनस, आलमनगर सैटेलाइट स्टेशन, ऐशबाग और बादशाहनगर रेलवे स्टेशन के नवीनीकरण कार्य पूर्ण हो चुके हैं। ट्रांसपोर्ट नगर और उतरेठिया स्टेशन का उच्चीकरण भी किया जा रहा है। हवाई सेवाओं को भी विस्तार देने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट का विस्तार किया जा रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की सुविधा और बेहतर हो सके।रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ में डिफेंस कॉरिडोर के तहत ब्रह्मोस मिसाइल निर्माण परियोजना का उद्घाटन आगामी मई-जून में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस परियोजना से उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास में एक नई ऊंचाई पर पहुंचेगा। इसके अलावा, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जिससे लखनऊ से कानपुर की यात्रा मात्र 40 मिनट में पूरी हो सकेगी।

**श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण से आर्थिक वृद्धि को मिल रहा बढ़ावा :** राजनाथ सिंह ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास के बाद उत्तर प्रदेश में धार्मिक पर्यटन में वृद्धि हुई है, जिससे राज्य की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। लखनऊ में रियल एस्टेट, होटल इंडस्ट्री और चिकित्सा क्षेत्र में भी नए निवेश देखने को मिल रहे हैं।उन्होंने नितिन गडकरी से लखनऊ में और अधिक सड़क और इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए अनुरोध किया, जिन्हें केंद्रीय मंत्री ने स्वीकृति दे दी। इस अवसर पर रक्षा मंत्री ने कहा कि लखनऊ को विश्वस्तरीय शहर बनाने की दिशा में यह परियोजनाएं मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले वर्षों में लखनऊ भारत के शीर्ष शहरों में शामिल होगा और उत्तर प्रदेश देश की आर्थिक तरक्की में प्रमुख भूमिका निभायेगा।

# गौरव अग्रवाल बने एनईआर के डीआरएम



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गौरव अग्रवाल ने पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल में मण्डल रेल प्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में मुख्य सतर्कता अधिकारी (एमईएस एण्ड बीआरओ) के पद पर कार्यरत थे।

गौरव अग्रवाल ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री जमालपुर तथा लोक प्रशासन में परास्नातक की डिग्री राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, सिंगापुर से प्राप्त की है। आप वर्ष-1993 बैच के भारतीय रेलवे यांत्रिक इंजीनियरिंग सेवा (आई.आर.एस.एम.ई.) के अधिकारी के रूप में रेल सेवा में आये। आपकी प्रथम नियुक्ति सहायक यांत्रिक इंजीनियर अण्डल/पूर्व रेलवे में हुई। अपने कार्यकाल के दौरान आपने विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर जैसे मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/पतरातू (पूर्व रेलवे), कारखाना प्रबंधक/जमालपुर (पूर्व रेलवे), वरिष्ठ मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/मालदा तथा पतरातू (पूर्व मध्य रेलवे), उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/आरसीएफ/कपूरथला, निदेशक (यांत्रिक)/रेलवे बोर्ड/नई दिल्ली, निदेशक (अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग)युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय/भारत सरकार, निदेशक (राजीव गांधी राष्ट्रीय युवा विकास संस्थान), महाप्रबंधक (राईट्स), मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/उत्तर रेलवे, मुख्य परियोजना प्रबंधक (केन्द्रीय कार्यशाला आधुनिकीकरण संगठन) के उत्तरदायित्वों का निर्वहन कुशलतापूर्वक किया। आपके द्वारा विभिन्न अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंसों में रेगुलर वक्ता के रुप में रेल संबंधित विषयों पर अपने विचारों को व्यक्त किया गया। आपको यात्रा एवं पर्यटन में विशेष रूचि है।

# पुलवामा के शहीदों की शहादत व्यर्थ नहीं जायेगी : अजय राय



**लखनऊ।** पुलवामा हमले में शहीद हुए भारतीय सैनिकों की शुक्रवार को छठी वर्षी के मौके पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।इस मौके पर अजय राय ने कहा कि पुलवामा में हमारे जवानों की शहादत देश के लिए एक बड़ा अघात साबित हुई थी।उन्होंने कहा कि इतने वर्ष बीत जाने के बाद भी पुलवामा के कई शहीदों के मामले में आरडीएक्स कहां से आया और कौन लाया मोदी सरकार इस बात का आज तक पता नहीं लगा पायी।उन्होंने कहा कि हम उन शहीदों के परिवारों के साथ खड़े हैं और कांग्रेस की सरकार आने पर इस घटना की पूरी जांच करायी जायेगी। इस मौके पर मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय, पूर्व विधायक संजय कपूर, प्रदेश प्रवक्ता डॉ. उमा शंकर पाण्डेय, द्विजेन्द्र त्रिपाठी, संजय दीक्षित, संजय सिंह, बृजेन्द्र सिंह, दयानंद तिवारी, वेद प्रकाश त्रिपाठी, आलोक सिंह रैकवार, सोम विकल, केडी शुक्ला, राम बरन गौतम, अब्दुला शेरखान, अजीत मौर्या, मनोज तिवारी, आदि ने भी पुलवामा हमले के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

# महाकुंभ में गूंजेगी वैश्विक संस्कृति

**लखनऊ।** महाकुंभ 2025 के अवसर पर अंतरराष्ट्रीय नृत्य और संगीत महोत्सव के 10वें संस्करण का आयोजन 22-23 फरवरी को प्रयागराज में किया जाएगा। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) के सहयोग से आयोजित इस महोत्सव में 12 देशों के 142 अंतरराष्ट्रीय कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सांस्कृतिक उत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय कलाकारों का प्रतिनिधिमंडल 18-23 फरवरी तक लखनऊ और प्रयागराज की यात्रा करेगा। कार्यक्रम के तहत लखनऊ में 19-20 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जुपिटर हाल में करेंगे।इनमें दक्षिण अफ्रीका, मंगोलिया, वियतनाम, फिजी, मलेशिया, किर्गिजस्तान, रूस, रवांडा, बांग्लादेश, मालदीव और फिलीपींस के कलाकार शामिल होंगे।

# नवीन ने कांग्रेस की ली सदस्यता



**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय में नवीन कुमार सक्सेना ने अपने साथियों के साथ कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। नवीन सक्सेना पूर्व में बहुजन समाज पार्टी के मोहनलालगंज व उन्नाव के कोऑर्डिनेटर तथा जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष और लखनऊ शहर अध्यक्ष रहे हैं। सक्सेना ने भारतीय बेरोजगार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव जैसे विभिन्न पदों पर भी कार्य किया है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के जॉइनिंग प्रभारी नितिन शर्मा ने नवीन सक्सेना को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एवं अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के हाथों को मजबूत करने एवं कांग्रेस की नीतियों एवं सिद्धांतों पर चलते हुए कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का संकल्प दिलाया।नवीन सक्सेना ने कांग्रेस के आगामी सभी आदेशों और कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही और बताया कि उनका संगठन पूरे प्रदेश में कार्यरत है उनके लोग विभिन्न जिलों में आज भी तमाम सामाजिक कार्यक्रमों में और कार्यों में बढ़-चढ़कर सहयोग करते हैं वह सभी कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ते हुए कांग्रेस को मजबूत करेंगे।नवीन सक्सेना के साथ माया सिंह, प्रज्ञा निगम, ममता सक्सेना, शाहिद इजहार हुसैन, विनय दीक्षित आदि साथियों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# राहुल अध्यक्ष और वरिष्ठ महामंत्री बने नवनीत

**लखनऊ।** बालागंज क्षेत्र के व्यापारियों की एक बैठक जल निगम रोड पर आयोजित हुई।बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता की उपस्थिति में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल, बालागंज इकाई का

- **उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल की बालागंज इकाई गठित**

गठन किया गया। सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से को चुना।



नवगठित इकाई में संजय जैन को चेयरमैन, युवा व्यापारी राहुल गुप्ता को अध्यक्ष, नवनीत दीक्षित को वरिष्ठ महामंत्री ,ज्ञान द्विवेदी को महामंत्री, मोनू यादव को कोषाध्यक्ष ,अमित वर्मा, श्याम किशोर मौर्या, सूरजमुखी साहू, सत्यनारायण मिश्रा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया।इसके अलावा उपाध्यक्ष के पद पर महेन्द्र रस्तोगी, मोहम्मद इजरायल, सरवन कुमार रावत, सुरेश मौर्या, शिव कुमार जायसवाल, दिनेश रस्तोगी चुने गए। संगठन मंत्री के पद पर अर्चना पाठक, हितेश जैन, मंत्री के पद पर सुनील गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, आशीष गुप्ता, राजू रस्तोगी, पप्पू शर्मा, हरीश चंद्र मौर्य , मुरारी जी, रामनाथ मौर्या, सुशील मौर्या, संतोष रस्तोगी, वीरेंद्र सोनी को चुना गया। संरक्षक मंडल में उमाशंकर वर्मा एवं हनुमान प्रसाद यादव को संरक्षक के रूप में चुना गया।प्रदेश अध्यक्ष ने नवगठित इकाई के नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने को कहा। उन्होंने कहा व्यापारियों को भी ई कॉमर्स से प्रतिस्पर्धा करने के लिए एवं परंपरागत बाजारों को बचाने के लिए अपने ग्राहकों को अधिक से अधिक सुविधाएं देनी होंगी।

# प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे में तेजी लायें : केशव मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत जिन लाभार्थियों को पक्के आवास दिए गए हैं, उनमें से जिनके आवास तक आने-जाने हेतु मार्ग व जल निकासी की व्यवस्था न हो, तो मनरेगा से सीसी रोड/खड़ंजा मार्ग व जल निकासी हेतु प्रापर व सुगम व्यवस्था की जाय। उन्होंने कहा है कि आवास योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क विद्युत कनेक्शन, निःशुल्क गैस कनेक्शन, आयुष्मान कार्ड, शौचालय, 90/95 दिन की मनरेगा से मजदूरी, आदि व्यवस्थाएं तो की ही गयी हैं, उनके आवास के सामने सहजन का पेड़ लगाने, उन्हें सोलर लाइट की सुविधा देने जैसी अन्य वाजिब सुविधाएं देने के लिए प्लान बनाया जाय।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत नये पक्के आवास देने हेतु लाभार्थियों के सर्वे का कार्य चल रहा है, इसका फीड बैक नियमित रूप से लिया जाए और निरन्तर समीक्षा की जाय, सर्वे की गति बढ़ाने के लिए हर सम्भव उपाय किये जाय, ताकि निर्धारित समय सीमा 31 मार्च 2025 तक सर्वे का कार्य अनिवार्य रूप से सम्पन्न हो जाय। उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की सभी योजनाओं का बजट समय से व्यय करने के निर्देश दिए हैं।उप मुख्यमंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्रदेश के 10 जिले जहां मनरेगा के तहत सर्वाधिक काम हो रहे हैं/हुये हैं, वहां के 10 प्रतिशत कार्यों की जांच मुख्यालय से टीम भेजकर करायी जाय।बताया गया कि अमृत सरोवरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश, देश में टाप पर है, उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि यह विशेष रूप से ध्यान रखा जाय कि सभी अमृत सरोवर पानी से लबालब भरे रहें। उन्होंने राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिलों की 75-75 ग्राम सभाओं, जहां स्वयं सहायता समूहों की संख्या अधिक है, वहां समूहों की सक्रियता का परीक्षण करा लिया जाए।

# मेट्रो में जन्मदिन, किटी पार्टी और प्री-वेडिंग शूट का मौका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने एक खास पहल शुरू की है, जिससे यात्री जन्मदिन, किटी पार्टी और प्री-वेडिंग शूट जैसे मौकों को मेट्रो कोच और स्टेशन परिसर के अंदर मना सकते हैं।यात्री अब जन्मदिन मनाने के लिए मेट्रो कोच बुक कर सकते हैं जहां बच्चे, परिवार और यहां तक कि वरिष्ठ नागरिक भी शहर भर में यात्रा करते हुए एक यादगार अनुभव का लुत्फ उठा सकते हैं।यूपी मेट्रो इस पहल को पहले ही काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल चुकी है, जिसमें कई परिवार और सामाजिक समूह इन समारोहों को चुन रहे हैं।इसके अलावा, महिला समूहों ने मेट्रो ट्रेनों के अंदर किटी पार्टियों की मेजबानी शुरू कर दी है।


## लखनऊ नगर निगम

टी.एन. मार्ग, लालबाग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)
ई–मेल nnlko@up.nic.in

नगर निगम के जोन-5 कार्यालय से प्राप्त नाम परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पत्रों पर नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213 (बी-2) की नोटिस जारी की जा चुकी है, जिसमें निम्न विवरण के अनुसार नाम परिवर्तन प्रस्तावित हैं, यदि विवरण में अंकित नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, आपत्ति प्राप्त न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

### जोन–5

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | सरोजनी नगर द्वितीय | | |
| 1 | 582/1085 बदाली खेडा | श्रीमती राजकुमारी रावत | श्री धीरज कुमार रावत व धीरेन्द्र रावत | पारिवारिक |
| | | गीतापल्ली | | |
| 2 | 570/1362 पकरी | श्री जगन्नाथ यादव | श्रीमती मुन्नी देवी | पारिवारिक |
| 3 | 568ख/103 गीतापल्ली | श्रीमती जगरानी | श्री विनय आनन्द | वसीयत |
| 4 | 570/एस-140 सैनिक नगर | श्री श्याम मोहन प्रजापति | श्री जीतेन्द्र सिंह | रजिस्ट्री |
| 5 | 568ख/315 गीतापल्ली | श्री सीताराम | श्री मनोज कुमार वैश्य, विष्णु कुमार व सीमा देवी | रजिस्ट्री |
| 6 | 551क/ओएमएस/099/1 ओम नगर शक्तिनगर | श्री राम लखन | श्री विनोद कुमार व राजकुमारी | रजिस्ट्री |
| 7 | 570/936 | श्री श्याम सुन्दर अवस्थी | श्री सत्यम अवस्थी | पारिवारिक |
| 8 | 570/1399 | श्री राम खेलावन | श्रीमती अनीता | रजिस्ट्री |
| | | गुरूनानक नगर | | |
| 9 | 552/036 | श्री अजय कुमार व विजय कुमार | श्रीमती रेनू अरोड़ा | दान विलेख |
| 10 | 554ख/038सी | श्रीमती रूपा देवी | श्रीमती अंजनी वर्मा | पारिवारिक |
| 11 | 566/केएन-663/2मिन | श्री संजय सिंह | श्री शशि कुमार पाण्डेय | रजिस्ट्री |
| 12 | 569च/199 प्रेम नगर | श्रीमती सुशीला देवी | श्री अभिषेक कुमार ओमरवैश्य | रजिस्ट्री |
| 13 | 569च/283 प्रेम नगर | श्री वेद प्रकाश तिवारी | श्री सोनू तिवारी | पारिवारिक |
| 14 | 552/042 चन्दर नगर | श्री हरवंश लाल अहूजा | डा0 आर0सी0अहूजा, मधु अहूजा, अशोक अहूजा, व राजेश अहूजा | पारिवारिक |
| | | सरोजनी नगर प्रथम | | |
| 15 | केएन-97मिन/ए-3 गौरी | कुमारी इति पाण्डेय | श्रीमती शशि रावत | रजिस्ट्री |
| 16 | केएन-97मिन/ए-2 गौरी | कुमारी इति पाण्डेय | श्री नेहा रावत | रजिस्ट्री |
| 17 | केएन-97मिन/बी-1 गौरी | श्रीमती शीला पाण्डेय | श्रीमती कंचन | रजिस्ट्री |
| 18 | केएन-97मिन/ए-2 गौरी | श्रीमती शीला पाण्डेय | श्रीमती वेदवती | रजिस्ट्री |
| | | केसरी खेड़ा | | |
| 19 | 555ज/062 मेंहदी खेडा | श्री सुन्दर लाल | श्री राम अवध यादव | पारिवारिक |
| 20 | 555क/केएन-1431/1 कनौसी | श्रीमती रानी पाल | श्रीमती ऋचा आनन्द | रजिस्ट्री |
| 21 | 548एस/349 सूर्य नगर | श्रीमती रामरती देवी | श्री कन्हैया लाल व रवि कुमार चौहान | वसीयत |
| 22 | 548एस/146 सूर्य नगर | श्री जयभूषण सिंह | श्रीमती चांदपातु देवी व संतोष कुमार सिंह | पारिवारिक |
| 23 | 548एस/315 ए सूर्य नगर | श्रीमती राजेश्वरी देवी | श्री सर्वेश कुमार त्रिपाठी | रजिस्ट्री |
| 24 | 555क/344 कनौसी | श्री भीम सिंह | श्रीमती उमा यादव | पारिवारिक |

**जोनल अधिकारी, जोन–5**


# हलवासिया बिल्डिंग का शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने कराया गया सर्वे

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी में शत्रु सम्पत्ति कांकर वाली कोठी (हलवासिया बिल्डिंग) हजरतगंज की पैमाइश व सीमांकन कराया गया। शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय, एलडीए तथा सदर तहसील की संयुक्त टीम ने इसकी पैमाइश करायी। सीमांकन कराने के साथ शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने अपनी

- **400 करोड़ की शत्रु सम्पत्ति का किराया जमा हो रहा 666.80 रुपये प्रति माह**
- **किराया जमा न करने वाले किरायेदार के खिलाफ होगी कार्यवाही**

जमीन पर बोर्ड लगा दिए हैं।यहां लीज पर दी गई सम्पत्ति में शर्तों का उल्लंघन कर कुछ हिस्से में परिवर्तन कर बेच दिया गया है।मामले में अभिरक्षक कार्यालय जल्दी निबंधन कार्यालय से रजिस्ट्री की प्रति निकलवाकर कार्यवाही करेगा।



हजरतगंज स्थित शत्रु संपत्ति गाटा संख्या 91, कांकर वाली कोठी (हलवासिया बिल्डिंग) का संयुक्त सर्वेक्षण, पैमाइश एवं सीमांकन किया गया। उक्त संपत्ति को वर्ष 1938 में राजा महमूदाबाद ने देबी प्रसाद हलवासिया को लीज पर दी थी।भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद वर्ष 1965 में सरकार ने इसे शत्रु संपत्ति घोषित कर दिया था।हालांकि लीज धारक को लीज की अवधि जारी रहने दी गई थी। शत्रु संपत्ति कांकर वाली कोठी(हलवासिया बिल्डिंग) जो राजा महमूदाबाद की ओर से हलवासिया को 90 वर्ष के लिए लीज पर दी गई थी।इसकी लीज 30 सितंबर 2027 को समाप्त हो रही है। अधिकारियों के आकलन के अनुसार, कांकर वाली कोठी का वर्तमान बाजार मूल्य लगभग 400 करोड़ रुपये है। हलवासिया बिल्डिंग हजरतगंज में बेशकीमती इस सम्पत्ति का किराया सिर्फ 666.80 रुपये प्रति माह ही है।यही जमा भी किया जा रहा है।

किराए की इस विसंगति को दूर करने के लिए विभाग ने संबंधित पक्ष को कई बार नोटिस दिया। मगर अब तक लीज धारक की ओर से कोई आवश्यक कार्यवाही नहीं की गई। लीजधारक की ओर से लीज की विभिन्न शर्तों का उल्लंघन किया गया है।संपत्ति को अपनी निजी संपत्ति बताकर अवैध रूप से क्रय-विक्रय किया है। अधिकारी के अनुसार इसकी विस्तृत जांच करायी जा रही है।शत्रु संपत्ति विभाग, लखनऊ विकास प्राधिकरण के सहयोग से शहर में स्थित सभी शत्रु संपत्तियों का संरचनात्मक ऑडिट करा रहा है। अब तक की जांच में अधिकतर संपत्तियां जर्जर अवस्था में मिली हैं। शुक्रवार को सर्वे, पैमाइश के साथ ही शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक कार्यालय ने इस सम्बंध में किराएदारों को भी सूचित किया। उनसे कहा है कि वह शत्रु संपत्तियों का किराया सरकार की ओर से जारी पोर्टल पर जमा करें। इसमें लोग अपना नाम दर्ज कर किराया जमा करा सकते हैं।जो किरायेदार किराया जमा नहीं करेंगे उन पर विभाग कड़ी कार्यवाही करेगा। बता दें कि भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के ब्रिगेडियर की ओर से एलडीए को पत्र भेजा गया है।गृह सचिव के निर्देश पर शत्रु सम्पत्ति का संयुक्त सर्वेक्षण कराया जाएगा। इससे यह सुनिशित किया जाएगा कि इस संपत्ति पर क्या कोई तृतीय पक्ष अधिकार बनाया गया है अथवा नहीं? सर्वेक्षण के लिए संयुक्त टीम का गठन किया गया है। इस टीम में ब्रिगेडियर यशपाल सिंह (रि) मुख्य पर्यवक्षक, अभिरक्षक शत्रु संपत्ति कार्यालय, सुनील कुमार, पर्यवेक्षक, अतुल त्रिपाठी, सर्वेक्षक तथा एलडीए के अधिकारी संयुक्त रूप से सर्वेक्षण शामिल रहे। भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक का कार्यालय शत्रु संपत्ति अधिनियम-1968 के प्रावधानों के तहत शत्रु संपत्तियों के संरक्षण, प्रबंधन, नियंत्रण और बिक्री के लिए एक वैधानिक प्राधिकरण है।

जिन नागरिकों ने चीन या पाकिस्तान की नागरिकता प्राप्त कर ली है। उनकी छोड़ी गयी संपत्तियां शत्रु संपत्ति के रूप में घोषित की जाती है।ज्यादातर शत्रु संपत्तियां (आवासीय/ वाणिज्जिक) आजादी के समय से पूर्व की निर्मित हैं।वर्तमान मे उन सम्पत्तियों पर लोग निवास रह रहे हैं।उक्त सम्पत्तियों में आवासित लोगों की सुरक्षा के दृस्टिगत शत्रु सम्पत्तियों की स्थिति (दृढ़ता) का भौतिक निरीक्षण किया जा रहा है।मुख्य पर्यवेक्षक ब्रिगेडियर यशपाल सिंह की ओर से नगर निगम के अधीन आने वाली भौतिक निरीक्षण कराकर रिपोर्ट मांगी गई है। इनमें से कई शत्रु संपत्तियां आवासीय व वाणिज्जिक हैं।

**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# हत्या के आरोप में एक लाख के इनामी को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार






विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी एसटीएफ ने हत्या की वारदात को अंजाम देने के आरोप में जौनपुर से एक लाख का इनाम घोषित नीरज यादव उफ मोनू गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एसटीएफ उत्तर प्रदेश को विगत काफी दिनों से फरार पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होने की सूचना प्राप्त हो रही थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयों टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में टीम को मुखबिर के माध्यम से ज्ञात हुआ कि थाना सिकरारा में पंजीकृत हत्या के मामले में एक लाख रुपए का पुरस्कार घोषित अभियुक्त नीरज यादव उर्फ मोनू, सिकरारा चौराहे के पास मौजूद है। इस सूचना पर विश्वास कर एसटीएफ टीम द्वारा वांछित अभियुक्त नीरज यादव को कलवारी रोड पर स्थित यात्री प्रतिक्षालय थानाक्षेत्र सिकरारा के पास से गिरफ्तार कर लिया गया, जिसके पास से उपरोक्त बरामदगी हुई। पूछताछ में अभियुक्त नीरज यादव उर्फ मोनू ने बताया कि सुबह लगभग 10.00 बजे प्रमोद कुमार पुत्र स्व० राजबली यादव निवासी ग्राम सीठापुर थानाक्षेत्र सिकरारा जनपद जौनपुर अपनी कार द्वारा जौनपुर जा रहे थे। इसी दौरान वह अपने साथी विजय व 02 अन्य के साथ मिलकर प्रमोद की गोली मारकर हत्या कर दिया था। बताया जा रहा हे कि

कुंवर चन्द्र गुप्ता की सिकरारा में गल्ले की दुकान है। 25-07-2024 को रात्रि में वह अपने साथियों के साथ मिलकर कुवर चन्द्र गुप्ता पर जान से मारने की नियत से फायर किया था। लेकिन गोली उसे न लगकर

## एक करोड़ की फिरौती मांगने के आरोप में कई हिरासत में

- बाथरूम में नहाते हुए पुत्र व पुत्र वधू की वीडियो क्लिप भेज कर दी धमकी
- चार टीमों का डीसीपी के किया गठन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र की रिषिका रेसिडेंशियल सोसायटी के रहने वाले व्यक्ति को बेटे व बहु की नहाते हुए वीडियो क्लिप भेज कर छः करोड़ की फिरौती मांगने न देने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने शुक्रवार को कई लोगो को हिरासत में लेकर पूछतांछ कर रही है। डीसीपी साउथ ने घटना कर बाद आरोपितों को पकड़ने के लिए क्राइम, सर्विलांस के साथ चार टीमो को लगाया गया।

रिशिका रेजीडेन्सीयल सोसायटी के रहने वाले जय कुमार जैन के अनुसार उनके पुत्र यशवर्धन एवं पुत्रवधु प्रियांशी के मोबाइल फोन पर 11 फरवरी की रात लगभग 11 बजे किसी व्यक्ति का मैसेज आया कि जिसमें कहा गया कि 6 करोड लेकर आओ गोमती नगर समझदार हो गये तो ना कि सोच लेना ठीक हैं बताओ नही ठीक हैं।

पीड़ित का कहना है कि उक्त मैसेज से पहले उसके पुत्र व पुत्रवधु के मोबाईल मैं कैमरे की एक रिकॉर्डेड वीडियो भेजी गयी थी जिसमे कमरे के बाथरूम में पुत्र बाल्टी से नहा रहा है तथा दूसरी वीडियो मे पुत्रवधु की नहाते हुए वीडियो हैं। उक्त मैसेज व वीडियो आने के बाद बाथरूम को चैक किया गया तो बाथरूम की फाल सिलिंग मे छेद मिला। पीड़ित का आरोप है कि आरोपित द्वारा भय दिखाकर उससे 6 करोड फिरौती की मांग की जा रही हैं जिसे न देने पर परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। जिसकीं लिखित सूचना पर डीसीपी साउथ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की चार टीमो का गठन किया गया। उंन्होने बताया कि शक के आधार पर फिरहाल कई लोग को हिरासत में लेकर पूछतांछ की जा रही है।

पिकप गाड़ी में लग गयी थी। फिरौती न देने पर उसके दोनों लड़को को जान से मारने की धमकी दिया था। इस घटना के बाद मुम्बई, बिहार आदि शहरों मे अपने रिश्तेदारों के घर पर छुपकर रहने लगा था।

**सराय माली चौकी के पास फायरिंग मामले में स्कूल संचालक का बेटा गिरफ्तार:** गाड़ी-ओवरटेक करने के लेकर स्कूटी सवार स्कूल संचालक के बेटे ने कार चालक पर फायरिंग कर दी। यही नहीं भीड़ के एकत्र होने पर पिस्टल तान दी। फायरिंग की आवाज सुनकर पास ही तैनात पुलिस कर्मी जब तक मौके पर पहुंचे आरोपी युवक भाग निकले। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार बालागंज कैम्पवेल रोड निवासी सलमान शुक्रवार तड़के दोस्त के साथ कार से कब्रिस्तान से घर लौट रहे थे। सराय माली खाँ चौराहे के पास तीन बाइक और स्कूटी सवार युवक साइड नहीं दे रहे थे। ओवरटेक कर विरोध करने पर स्कूटी सवार युवक ने गाड़ी को रोक लिया। उसके बाद पिस्टल निकाल कर पहले एक हवाई फायर किया और दूसरी गोली निशाना लगाते हुए चला दी। झुक जाने पर गोली नहीं लगी। फायरिंग होने से आसपास के लोगों के साथ पास ही स्थित सराय माली चौकी से भी पुलिस कर्मी मौके पर आ गए। जिन्हें देखकर फायरिंग करने वाले युवक भाग निकले। पुलिस उनकी तलाश कर रही ही रही थी कि पता चला कि दोनों कोलंबिया स्कूल के मालिक के बेटे सैय्यद मोनिस और युसुफ थे। ठाकुरगंज इंस्पेक्टर श्रीकांत राय के मुताबिक पीड़ित की शिकायत पर पुलिस टीम ने आरोपियों की तलाश में दबिश देना शुरू कर दिया। शुक्रवार दोपहर सितारा बेगम हाता निवासी सैय्यद मोहसिन के बेटे सैय्यद मोनिस को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से एक अवैध पिस्टल और दो कारतूस बरामद हुए हैं। उसके साथियों के विषय में जानकारी जुटाई जा रही है।

## ज्वेलर्स शॉप से 2.5 लाख की चोरी

लखनऊ। बीकेटी के एअरफोर्स तिराहे पर स्थित भगौती ज्वेलर्स और राजेश बर्तन भंडार में चोरों ने सेंध लगाकर लाखों का माल पार कर दिया। सीसीटीवी में चोरी की वारदात कैद हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भगौती ज्वेलर्स के मालिक विकास कुमार वर्मा ने बताया कि चोरों ने दुकान से एक किलो चांदी, 15 ग्राम सोने के जेवरात और 50 हजार रुपए नकद चुराए, जिनकी कुल कीमत लगभग ढाई लाख रुपए है। इसी दौरान चोर पास में स्थित राजेश बर्तन भंडार से भी 50 हजार रुपए नकद ले उड़े। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके पर पहुंचे एसएसआई अशोक कुमार सिंह ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की और दुकानदारों से विस्तृत जानकारी ली। दुकानदारों की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे पासपोर्ट संख्या N1687598 में त्रुटिवश मेरा नाम दीपू अंकित है जबकि मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में दीपु कुमार कानोजिया दर्ज है जो कि सही है। मेरे पासपोर्ट में भी मेरा सही नाम दर्ज किया जाये। **दीपु कुमार कानोजिया पुत्र श्री रामऔतार नि. ग्राम माल थाना माल पर. व तहसील मलिहाबाद जनपद लखनऊ।**

**सूचना**

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र मोहम्मद हसरत को उसका चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **मोहम्मद रसीद पुत्र अल्ताफ हुसैन नि.- 100, गढी दरवाजा कस्बा व थाना खैराबाद तहसील व जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरी पुत्री से विद्यालय अभिलेखों में उसका नाम अनाया श्रीवास्तव अंकित है, जबकि मैने अपनी पुत्री का नाम बदलकर सिया श्रीवास्तव रख लिया है। आधार में भी उसका नाम सिया श्रीवास्तव दर्ज है। विद्यालय अभिलेखों में भी उसका नाम सिया श्रीवास्तव ही दर्ज किया जाये। **आलोक श्रीवास्तव पुत्र श्री हरेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव नि.- पराग दूध डेयरी के पीछे वैष्णोपुरी कालोनी, सीतापुर तह. जिला सीतापुर।**

**सूचना**

सूचनार्थ मैं उदय भान सिंह पिता स्व. एस.डी.एस. मनराल निवासी भवन संख्या ए-18 कुर्मान्चल नगर, लखनऊ का हूं मेरे मकान की मूल रजिस्ट्री भवन संख्या 628क/ए-18 रकबा 5500 वर्गफिट यानि 511.152 वर्गमीटर स्थित-कुर्मांचल नगर राजस्व ग्राम बस्तौली वार्ड लाल बहादुर शास्त्री लखनऊ, जो कार्यालय, मुख्य उपनिबन्धक, लखनऊ में बही संख्या 1 जिल्द संख्या-2193 पृष्ठ संख्या 254 अ.फा.बु.नं.-1 जिल्द संख्या-2200 के पृष्ठ संख्या 1509 से 1518 क्रमांक-2857 दिनांक 29.07.1975 को पंजीकृत है कहीं खो गयी है उपरोक्त रजिस्ट्री पेपर का इस्तेमाल अन्य किसी के द्वारा अवैध माना जायेगा।

# पहली मंजिल से गिरकर शटरिंग कारीगर की मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** ठाकुरगंज के काशी विहार में गुरुवार को काम करते समय शटरिंग कारीगर की पहली मंजिल से गिरकर मौत हो गई। काशी विहार निवासी शुभम ने बताया कि पिता संतोष गुप्ता (50) गुरुवार को घर से कुछ दूरी पर शटरिंग का काम करने गए थे। शटरिंग लगाते समय पिता संतोष अनयंत्रित होकर पहली मंजिल से नीचे आ गिरे। आनन- फानन में साथी मजदूर गंभीर हालत में उन्हें ट्रामा सेंटर ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में पत्नी सुनीता व दो बच्चे हैं। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज के मुताबिक तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**किशोरी लापता, मुकदमा दर्ज :** सरोजनी नगर इलाके मे एक चौदह वर्षीय किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गई। परिजनों ने किशोरी के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई हैं।

सरोजनी नगर के कंचनपुरी निवासी राज कुमार कनौजिया पुत्र स्वर्गीय सीता राम कनौजिया की पोती आस्था कनौजिया उम्र 14 वर्ष पुत्री राजेश कनौजिया के मुताविक 11 फरवरी को समय करीब दस बजे सुबह जो घर से कही बिना बताये चली गई। जानकारी हुई की मेरी पोती आस्था कृष्णा राजभर निवासी कानपुर से मोबाइल पर बात होती थी। मेरी पोती को भागने मे मोहल्ले के अभिषेक की भूमिका लगती हैं। अब तक आस्था को काफी खोजा लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। राज कुमार कनौजिया ने पोती के लापता होने की गुमशुदगी दर्ज कराई हैं।

## माल के बाग में फंदे से लटकता मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**लखनऊ।** माल में शुक्रवार को आग के बाग में पेड़ से एक 32 वर्षीय युवक का शव फंदे से लटकता मिला। पुलिसकर्मियों ने शव की शिनाख्त के प्रयास किए पर पहचान नहीं हो सकी। इंस्पेक्टर माल के मुताबिक शुक्रवार सुबह 10 बजे दहियातली वीरपुर स्थित बाबू दीक्षित की आम की बाग में एक 32 वर्षीय युवक का शव गमछे के फंदे के सहारे लटके होने की सूचना मिली। पुलिकर्मियों ने आसपास के लोगों से शव की शिनाख्त के प्रयास किए पर पहचान नहीं हो सकी। मृतक के शरीर पर सफेद धारीदार शर्ट, नीली जींस थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# अवैध धर्म परिवर्तन देश के लिए चिन्ता का विषय : बग्गा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** आज लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के तत्वावधान में शुक्रवार को प्रेस वार्ता यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में आयोजित की गई।

लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेंद्र सिंह बग्गा ने प्रेस वार्ता में अवगत कराया कि भारत के खिलाफ पुनः 15 वीं शताब्दी का इतिहास दोहराया जा रहा है, जहां पर धर्म परिवर्तन की लहर 15वीं से 17वीं शताब्दी तक चरम सीमा पर थी उसको लगाम लगाने का कार्य सिक्खों द्वारा किया गया था। इतिहास गवाह है कि श्री गुरु तेग बहादर जी ने धर्म परिवर्तन को रोकने हेतु अपना बलिदान दिया एवं गुरुगोबिंद सिंह जी ने अपना सरबंस का बलिदान धर्म परिवर्तन को रोकने के लिए दे दिया। आज फिर से धर्म परिवर्तन भारत में अपने पैर पसार रहा है जो देश के लिए चिन्ता का विषय है।

कार्यवाहक अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह जग्गी ने अवगत कराया कि भारत में बाहरी विदेशी ताकतों द्वारा यह साजिश की जा रही है। पंजाब में सिखों और पंजाबियों का धर्म परिवर्तन प्रोटेस्टेंट क्रिश्चियन द्वारा हो रहा है जो स्वेच्छा से नहीं अपितु विभिन्न प्रलोभनों द्वारा किया जा रहा हैं।

उल्लेखनीय है, जो गौर करने वाली बात है आजादी से पूर्व केवल पंजाब में कैथोलिक चर्च थे जो अपने में समिति थे किसी प्रकार से वह इस कार्य में लिप्त नहीं थे, ना ही वहां पर प्रोटेस्टेंट चर्च थे, लगभग 5 वर्षों में पंजाबियों और सिखों का बड़ा तबका प्रोटेस्टेंट ईसाइयों में परिवृत हो गया है। यहां तक सिक्खों की तरह से प्रभात फेरी निकाली जाती हैं। हमारे लिए सभी धर्म प्रिय है, ना हमारी किसी धर्म से कोई इसको लेकर मतभेद है केवल भारत सरकार एवं उत्तरप्रदेश सरकार को अवगत कराना चाहते हैं कि उत्तरप्रदेश के इन इलाकों में नेपाल से आकर प्रोटेस्टेंट पास्टर इस कार्य को असंवैधानिक तरीके से कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मेरे नेतृत्व में लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की सहयोगी संस्था आल इंडिया सिख पंजाबी वेलफेयर काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष स हरपाल सिंह राना, प्रदेश सचिव गुरविंदर सिंह एवं भारी संख्या में सिखों ने सात जनवरी को प्रत्यक्ष रूप से समस्या को ग्राम बहला बाजारघाट नानक नगरी पहुंच कर इस विकट समस्या को समझा जहां पर यह धर्म परिवर्तन सर्वाधिक किया गया है। टाटार गंज क्षेत्र में इसकी प्रबलता देखी जा सकती है। नेपाल से आ रहे पास्टरों पर किसी प्रकार की रोक नहीं है और वोह सिखों एवं हिंदुओं को पास्टर बनाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे उनका प्रचार बढ़ सके एवं स्थानीय लोग कर सकें। स्थानीय सिक्खों द्वारा विरोध करने पर उनके ऊपर खालिस्तानी बना 56/3, के तहत झूठे मुकदमे किए जा रहे हैं जिससे डर के कारण वहां पर स्थानीय सिक्ख विरोध नहीं कर पा रहे हैं। सिक्खों में इस कारण भारी रोष है। स्थानीय प्रशासन इन तथ्यों से भली भांति परचित हैं दुर्भाग्य की बात है स्थानीय सिख संगठनों द्वारा कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध है कि इस समस्या को संज्ञान में लेकर उचित कारवाही करें।

# न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ गाली-गलौज सहित आईटी एक्ट का मुकदमा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नगराम के समेसी गांव निवासी युवती के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। मोबाइल नंबर के आधार पर नौकरी के नाम पर रुपए हड़पने वाले दो युवकों व समेसी स्थित यूको बैंक मैनेजर व कर्मचारियों के विरुद्ध आइ टी एक्ट व गाली-गलौज करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

नगराम के समेसी गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद की लड़की सोना के अनुसार 3 जून 2023 को उसके पास मोबाइल नंबर 7488963837 व 9546922133 से फोन आया और फोन करने वाले ने कहा कि जियो रिलायंस से बोल रहा है उसने कहा कि कंपनी में वर्क फ्राम होम काम करने के लिए लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। काम करने वाले लड़के लड़कियों का वेतन 21 हजार प्रतिमाह है। फोन पर यह भी बताया गया कि यदि वह घर से काम करने की इच्छुक है तो पहले कंपनी में रजिस्ट्रेशन कराना होगा। जिसके लिए अपना बायोडाटा हाइस्कूल व इंटर की मार्कशीट आधार कार्ड की फोटो कापी स्वयं का फोटो व सेलरी के लिए समेसी स्थित यूको बैंक पासबुक की कापी उसी नंबर पर भेजने को कहा उसी नंबर से एक बारकोड भेजा गया जिसमें 1500 सौ रुपए रजिस्ट्रेशन के लिए भेजने की बात उक्त नंबर से बताई गई। मीठी मीठी लुभावनी बातों में आकर उसने अपनी उक्त सही जानकारी व दस्तावेज उपरोक्त नंबर 7488963837 पर भेज दी। और 1500 रुपए भी भेज दिए। रुपए भेजने के उपरांत एक ओ टी पी उसके मोबाइल नंबर पर 8887... पर आया। काल करने के बाद उसने उक्त ओ टी पी उसने काल करने वाले व्यक्ति को भेज दिया। दिनांक 06/06 2023 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके खाते को हैक कर उक्त खाते में विभिन्न प्रकार के लोगों से नौकरी के नाम पर रुपए मंगाकर रुपए निकाल ले रहा है। इसी तरह की काल उसके भाई आदर्श द्विवेदी के फोन पर आई। शक होने पर अपने बैंक खाते पासबुक इंट्री कराई। उसका एक बचत खाता नंबर 126032... समेसी स्थित यूको बैंक में उसका बैंक खाता है। अपना बैंक खाता सीज कराने के लिए वह बैंक मैनेजर व बैंक कर्मचारियों के पास फरियाद लगाने गई जहां से उसे भगा दिया गया। उक्त घटना की शिकायत लेकर नगराम थाने गई वहां भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। उसके भाई आदर्श द्विवेदी ने उक्त फ्राड के संबंध में उपरोक्त दोनों नंबरों पर बात की तो उधर से गंदी गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी दी गई। 23/6/2023 को एक रजिस्टर्ड शिकायती पत्र पुलिस कमिश्नर लखनऊ को भेजा गया उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई। मजबूरन न्यायालय की शरण में आना पड़ा। थानाध्यक्ष नगराम विवेक चौधरी ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## शादी मे गाड़ी न मिलने पर ससुराल वालों ने विवाहिता को घर में रखने से किया मना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** बंथरा थाना क्षेत्र मे दहेज में गाड़ी न मिलने पर ससुराल वालों ने नाराजगी जताते हुए बिवाहिता को घर में रखने से मना कर दिया। इससे नाराज होकर विवाहिता ने ससुराली जनों के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया हैं।

बंथरा थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी लल्लन सिंह ने अपनी पुत्री अर्पिता सिंह का भराहुआ गांव के बीसलपुर जनपद पीलीभीत निवासी वीरेंद्र प्रताप सिंह के साथ 7 साल पहले हिंदू रीति रिवाज के तहत किया था। अर्पिता के पिता लल्लन सिंह ने अपनी हैसियत के मुताबिक शादी किया था। इसके बाद अर्पिता जब ससुराल पहुंची तो वहां पहुंचते ही सास तेजस्वी देवी, जेठ नरेंद्र प्रताप सिंह, जेठानी संगीता सिंह ने दहेज में चार पहिया कार न मिलने से नाराजगी जाहिर की और कुछ दिन बाद अभद्र भाषा का प्रयोग करने लगी। अर्पिता का आरोप है वीरेंद्र प्रताप सिंह जहां सर्विस करते थे। वहां हमें एक बार लेकर गए। उसके बाद ससुराल में लाकर छोड़ दिया। दो साल तक ससुराल वालों ने नौकरानी बनाकर रखा। जबकि मेरे पति का दो चार दिन के लिए आते थे। इसके बाद मैं गर्भवती हो गई और एक पुत्र को मैंने अपने मायके में रहकर जन्म दिया। जिसका पालन पोषण सब मेरे मायके वालों ने उठाया। अर्पिता सिंह इनके करतूत से परेशान होकर ससुराली जनों पर दहेज व मानसिक प्रतापना का मुकदमा बंथरा थाने में दर्ज कराया। बंथरा पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई हैं।

## अभद्र टिप्पणी का वीडियो किया वायरल

लखनऊ। आशियाना इलाके में संचालित भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के एक विधि छात्र ने बाबा साहेब पर अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वायरल वीडियो को संज्ञान मे लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्थानीय आशियाना थाने पर उक्त आरोपित छात्र के खिलाफ नामजद शिकायत की हैं। शिकायत पर आशियाना पुलिस ने गुरुवार को आईटी समेत अन्य धारा मे त्रअभ्दर्ज कर लिया है। आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि जनपद वाराणसी के गौतम गार्डेन कालोनी सुद्धीपुर निवासी यशार्थ राय पुत्र विवेक कुमार राय बीबीयू विश्विद्यालय में बीबीएएलएलबी चौथे सेमेस्टर का छात्र हैं। विश्विद्यालय के सुरक्षा अधिकारी आर के गुप्ता ने शिकायत किया है कि छात्र ने बाबासाहेब भीमराव जी के ऊपर अभद्र टिप्पणी करते वीडियो वायरल कर दिया है।

# फ्लैट दिलाने का झांसा देकर छात्रा से हड़पे रुपये




विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सुशांत गोल्फ सिटी कॉलोनी में युवती ने प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ 48 लाख रुपये हड़पने का मुकदमा दर्ज कराया।

आरोपित ने बीसीसी सैफायर में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर रुपये लिए थे। वाराणसी बुलानाला निवासी सुरभि यादव सिटी लॉ कॉलेज से एलएलबी कर रही हैं। वर्ष 2022 में वाराणसी कैंट निवासी प्रॉपर्टी डीलर सन्नी कुमार ने मुलाकात कर बताया कि बीसीसी सैफायर में फ्लैट बिक रहा है। जिसकी कीमत 40 लाख है। जगह पसंद आने पर सुरभि ने फ्लैट खरीदने की हामी भर दी। 10 लाख रुपये टुकड़ों में दिए। इस बीच आरोपित ने सुरभि यादव की मां उषा के नाम पर दर्ज जमीन का सौदा 28 लाख रुपये में कराया। जिसके रुपये भी सन्नी ने रख लिए। टोकने पर कहा कि फ्लैट की कीमत में यह रुपये समायोजित हो जाएंगे। इसके बाद आरोपी ने 10 लाख रुपये सुरभि से और ले लिए। फिर बीसीसी सैफायर स्थित फ्लैट पर कब्जा दिया। पीड़िता फ्लैट में रहने लगी। कुछ वक्त बाद आरोपी ने ताला तोड़ कर गहने चोरी किए। पूछने पर कहा कि फ्लैट मेरे नाम है। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी अंजनी मिश्र के मुताबिक मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## एटीएम कार्ड बदल रिटायर सिपाही के खाते से रुपये निकाले

**लखनऊ।** जानकीपुरम कुर्सी रोड स्थित एसबीआई बैंक के एटीएम बूथ में मौजूद ठगों ने रिटायर सिपाही का एटीएम कार्ड झांसा देकर बदल दिया। सिपाही को दूसरा कार्ड थमाने के बाद युवक बूथ से बाहर चले गए।

कुछ देर बाद पीड़ित के खाते से 72 हजार रुपये ठगों ने निकाल लिए। इसकी जानकारी पासबुक अपडेट कराने पर हुई। गुड़ंबा बरखुरदारपुर निवासी रिटायर सिपाही कल्लू राम 12 फरवरी की दोपहर एसबीआई कुर्सी रोड एटीएम बूथ पर गए थे। मशीन में कार्ड लगा कर कल्लू ने आठ हजार रुपये निकाले। वह वापस लौट रहे थे, तभी दो युवकों ने आवाज देकर रोक लिया। बोले अंकल आपने ट्रांजेक्शन पूरा नहीं किया था। बातों में उलझा कर युवकों ने कल्लू से दोबारा एटीएम कार्ड लगाने को कहा। फिर पिन डलवाया। इसके बाद कल्लू की जगह युवक मशीन इस्तेमाल करने लगे। मौका पाकर युवकों ने एटीएम कार्ड बदलते हुए कल्लू को दूसरा एटीएम कार्ड थमाया। पीड़ित ने भी कार्ड पर ध्यान नहीं दिया। इस बीच खाते से रुपये निकालने का मैसेज आया। पासबुक अपडेट कराने पर जानकारी मिली कि कल्लू के खाते से 72 हजार रुपये निकाले गए हैं। इंस्पेक्टर गुड़ंबा प्रभतेश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## नशे मे धुत व्यक्ति ने मारा-पीटा और जान से मारने की दी धमकी, रिपोर्ट दर्ज

लखनऊ। थाना बंथरा इलाके मे नशे मे धुत एक ब्यक्ति ने गाली गलौज करते हुए मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी हैं। इससे परेशान होकर पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया हैं। राजधानी के थाना काकोरी के बुद्धारिया गांव निवासी दिब्यांशु यादव पुत्र श्री राम यादव के मुताविक मैं अपने संविदा साथी राजेश यादव पुत्र नेकराम यादव निवासी रसूलपुर काकोरी के साथ बंथरा के ऐंन गांव मे केविल मेंशनेन्स के लिए 13 फरवरी को खुदाई कर रहा था। तभी समय करीब दो बजे दिन मे नशे मे धुत ऐंन निवासी करन पुत्र रामप्रताप एवं सचिन पुत्र मूल चंद्र रावत व एक अन्य ने हमें गन्दी गन्दी गालिया देकर मार पीट करने लगा। मेरे साथी राजेश यादव ने हमें बचाने का प्रयास किया तो तीन विपक्षीयो ने गाली गलौज कर मारा पीटा। और सभी तीनो ने जान से मारने की धमकी दी। इस मार पीट मे हमें और साथी राजेश को काफी चोटे आई हैं। दिब्यांशु ने बंथरा थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मारने पीटने और जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज कराई हैं।

## पीड़ित की रोती-बिलखती बेटी को देखकर भी नहीं पसीजे आरोपी

लखनऊ। मड़ियांव थाना क्षेत्र के फैजुल्लागंज में बृहस्पतिवार को टक्कर में लगने के विरोध पर कार सवार दो भाइयों ने चार वर्षीय मासूम बेटी के सामने उसके पिता ट्रैफिक सिपाही को बेल्ट से पीटा। आरोपियों के पिता व अन्य 5,6 घरवालों ने भी पीड़ित को पीटा। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी दो भाइयों के पिता को गिरफ्तार कर लिया है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं. इज्जत/ इलै./ओ.टी./05/2025 दिनांक 11.02.2025**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/इज्जतनगर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:- **क्रम.सं.-1, कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल में पीलीभीत-मैलानी सेक्शन में आपरेशन एण्ड आपरेटिंग स्टाफ के लिए 20 यूनिट टाईप-II क्वार्टरर्स एवं 08 यूनिट टाईप-III, 02 यूनिट टाईप-IV क्वार्टरर्स से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य, **विवरणः अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 23,23,077.26, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 46,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 07.03.2025, 15:00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह, **क्रम.सं.-2, कार्य का नामः** इज्जतनगर मंडल में रामनगर यार्ड के रिमाडलिंग टू रिमूव एग्जिस्टिंग कान्स्ट्रेन्स सच एज एकोमोडेट न्यू वाशिंग पिट एण्ड आग्मेन्ट पैसेन्जर-लाईन इटीसी से सम्बन्धित विद्युतीय कार्य। **विवरणः अनुमानित लागत (₹ में):** ₹ 73,00,908.26, **धरोहर राशि (₹ में):** ₹ 1,46,100.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹ में):** शून्य, **ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समयः** 07.03.2025, 15:00 बजे तक, **स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधिः** चार माह, **नोटः** • इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। • पूर्ण विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। • निविदादाता के पास क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। • केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई टेण्डरिंग में भाग ले सकते हैं। • सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय में अपलोड किये जाने चाहिए।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.)/ इज्जतनगर**
**मुजाधि/विद्युत-241**

"ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें"


वैलेंटाइन डे पर फूल का गुलदस्ता देते प्रेमी जोड़े


फूल की दुकान पर बुके पसंद करती बच्ची


वैलेंटाइन डे पर प्यार का इजहार करते प्रेमी जोड़े

सभी फोटो-अमित वर्मा

# वैलेंटाइन डे पर कपल्स ने खुलकर किया अपने प्यार का इजहार





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** नवाबों की नगरी में वेलेंटाइन डे शुक्रवार को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। प्रेमी जोड़ों ने इस दौरान खुलकर अपने प्यार का इजहार किया। पार्क हो या फिर होटल सभी जगह सुबह से ही कपल्स की भीड़ दिखाई देने लगी। यंगस्टर्स ने सबसे ज्यादा अंबेडकर पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क, लोहिया पार्क, फन माल, कुकरैल पिकनिक स्पॉट में वेलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया। यह कहना गलत नहीं होगा कि प्यार दुनिया का सबसे खूबसूरत अहसास है। प्यार के इस महीने में वैलेंटाइन डे का महत्व और भी बढ़ जाता है। सोमवार को सुबह से ही राजधानी के सभी पार्क और माल प्रेमी जोड़ों से गुलजार हो गए। यंगस्टर्स ने अपने लवर को गिफ्ट देकर जिंदगी भर साथ रहने की कसमें खाई। राजधानी की कई पार्को में तो यंगस्टर्स ने अपने पूरे ग्रुप के साथ इस दिन को सेलिब्रेट किया। यही नहीं वैलेंटाइन डे पर शहर के सभी रेस्टोरेंट भी सुबह से हाउस फुल नजर आए।

**गिफ्ट में टैडी का दिखा क्रेजः** वैलेंटाइन डे पर वैसे तो कई तरह के गिफ्ट और फूल प्रेमी युगल ने एक दूसरे को दिए लेकिन सबसे ज्यादा डिमांड मार्केट में टैडी की दिखाई दी। सुबह से ही माल और गिफ्ट की दुकानों पर लोग अपनी पॉकेट के हिसाब से टैडी खरीदते नजर आए। फूलों के गुलदस्ते, खासकर लाल गुलाब खूब खरीदे गए। यंगस्टर्स में चाकलेट का भी खूब क्रेज दिखाई दिया। इस दिन की अहमियत को जानते हुए फूलों के गुलदस्ते बेंचने वालों ने मुंह मांगे दाम खरीदारों से वसूल किए।

**प्यार का खूबसूरत अहसासः** प्यार दुनिया का सबसे खूबसूरत अहसास है। प्यार के इस महीने में वेलेंटाइन डे का दिन बड़ा ही अनोखा और खास होता है। इस दिन प्रेमी जोड़े न सिर्फ अपने दिल का हाल कहते हैं बल्कि उम्र भर यूं हीं प्यार करने का वादा भी करते हैं। वेलेंटाइन डे खासकर युवा वर्ग के लिए अहम दिन होता है। बुधवार को राजधानी के पार्क जहां जोड़ों और दोस्तों की टोली से गुलजार थे। वहीं, कई जोड़ों ने रेस्टोरेंट और होटलों में वेलेंटाइन सेलिब्रेट किया।

**फूलों का गुलदस्ता प्रेमी युगलों की खास पसंदः** टैडी, साफ्ट ट्व्याज आदि उपहारों की खूब बिक्री हुई। दिल के आकार के फूलों का गुलदस्ता प्रेमी युगलों की खास पसंद रहा। वेलेंटाइन डे की खुमारी को देखते हुए हमने कुछ प्रेमी जोड़ों से बात की। पीयूष और नेहा बताते हैं कि उनकी पहली मुलाकात एक दोस्त की पार्टी में हुई थी। आज एक साल हो गए और वो साथ में हैं। वहीं, मनदीप कहते हैं कि हमारी शादी को पांच साल हो चुके हैं। वैसे तो उनके लिए वेलेंटाइन डे रोज ही रहता है, लेकिन आज स्पेशल प्रेपरेशन किया है।

**बाजार रहे गुलजारः** वैलेंटाइन डे के मौके पर मार्केट भी गुलजार रहा, बात चाहे गिफ्ट शाप्स की हो, या फिर फ्लावर शॉप्स सभी पर लोगों की खासी भीड़ देखने को मिली। लोगों ने अपने नीयर एंड डियर्स को बुके, चाकलेट्स, गिफ्ट्स देकर दिल की बात कही। वैलेंटाइन डे की सोशल मीडिया पर खूब रौनक रही, लोगों ने अपने फ्रेंड्स को फेसबुक, ट्वीटर और व्हाट्सएप के जरिए इस दिन की विसेज भेजी।

लव बर्ड के साथ ही दोस्तों के हुजूम में भी रोड्स पर मस्ती करते देखे गए। वी.डे पर सबसे खास बात लोगों के ड्रेस कोड में देखने को मिली, अमूमन लोगों ने इस दिन रेड या पिंक शेड के ड्रेसेज पहने। शॉपिंग माल्स व मार्केट में इस मौके पर खास सजावट भी देखने को मिली।

**टैडी देकर किया मोहब्बत का इजहारः** अक्षय और रिया ने शादी की सालगिरह और वैलेंटाइन.डे पर सबसे पहले एक-दूसरे को विश किया। फिर एक-दूसरे के उपहार भेंट किया। सलोनी ने बताया कि उन्होंने वरुण के लिए सरप्राइज प्लान किया। जिसकी शुरूआत रात 12 बजे से हो गई। इसमें कार्ड, गिफ्ट, टैडी, आउटिंग के बाद कैंडल नाइट डिनर भी शामिल है।





**बाबा के दर्शन कर कहा शादी की सालगिरह मुबारकः** शादी की पहली सालगिरह मना रहे इंदिरानगर निवासी कैलाश जोशी और ममता जोशी ने दिन की शुरूआत बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर की। सेल्फी लेते हुए एक-दूसरे को शादी की सालगिरह के साथ वैलेंटाइन.डे की बधाई दी। ममता का कहना है कि इस दिन से उनकी शादी की यादें जुड़ी हैं, जो कि बेहद खास है।

**साल में एक दिन प्यार के नामः** साल में एक दिन प्यार के नाम मनाने का यह रिवाज आज से नहीं बल्कि अंग्रेजों के शासन काल से चला आ रहा है। फरवरी सप्ताह के दूसरे हफ्ते में 14 फरवरी को मनाया जाने वाला वेलेंटाइन हर युवा के लिए खास होता है। कहा जाता है कि इस दिन युवा अपने पसंदीदा साथी से दिल का हाल कहते हैं।

## वैलेंटाइन डे पर युवाओं में दिखा उत्साह, जमकर किया सेलिब्रेट





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अपने प्यार और जज्बातों का इजहार करने का दिन वैलेंटाइन डे राजधानी में शुक्रवार को बेहद उत्साह के साथ सेलिब्रेट किया गया। जहां यंग कपल्स ने पार्क, मॉल, रेस्टोरेंट आदि जाकर इस दिन को खास बनाया, तो वहीं कई लोगों ने इसे अपने ही अंदाज में सेलिब्रेट किया, क्योंकि वैलेंटाइन डे से अच्छा मौका अपनों के प्रति प्यार का इजहार करने का भला और कौन सा हो सकता है।

**गिफ्ट शॉप्स में रही भीड़ :** वैलेंटाइन डे पर गिफ्ट आइटम्स और फूलों की दुकानें भी अपने तय समय से पहले खुल गईं। किसी ने अपने चहेतों के लिए टेडी, सॉफ्ट टॉय्ज, चॉकलेट, ग्रीटिंग कार्ड खरीदे, तो किसी ने रोज डे की तरह वैलेंटाइन डे पर अपनों को देने के लिए गुलाब के फूलों को चुना। गुलाब के फूलों की काफी डिमांड रही, जिसके कारण इसके दाम भी बढ़ गए।

**पार्कों में प्यार का इजहार :** वैलेंटाइन डे को लेकर राजधानी के अंबेडकर पार्क, लोहिया पार्क, जनेश्वर मिश्र पार्क समेत अधिकतर पार्क लोगों से गुलजार रहे। पार्कों में कपल्स की भी भारी भीड़ रही। इस दौरान हर किसी के चेहरे की रौनक देखते ही बन रही थी।

**शॉपिंग संग डिनर भीः** राजधानी के सभी शॉपिंग मॉल्स में यंगस्टर्स और कपल्स ने अपने ही अंदाज में वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया। इस दौरान न सिर्फ उन्होंने शॉपिंग की बल्कि अपने पसंदीदा व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। दूसरी ओर कई यंगस्टर्स ने वैलेंटाइन डे राजधानी के आउटर एरिया में जाकर सेलिब्रेट किया। ऐसा करने वाले लोगों की पहली पसंद नवाबगंज पक्षी विहार रहा। वहीं, कई यंगस्टर्स ने आउटर स्थित ढाबों पर अपने पार्टनर संग जाकर वैलेंटाइन डे मनाया।

# डिमिक-डिमिक डमरू कर बाजे, प्रेम मगन नाचे भोला...



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद् एवं उप्र. संगीत नाटक अकादमी, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षितिज श्रृंखला के अंतर्गत शुक्रवार को सोनी सेठ द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति स्थानीय वाल्मीकि रंगशाला, उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी, विपिनखंड, गोमतीनगर में किया गया।

कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना गाइए गणपति जग वंदन...से हुआ, जिससे पूरा वातावरण भक्ति से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में परम्परागत कत्थक उठान, आमद परन, चकरदार परन, तिहाई, तोड़ा आदि प्रस्तुत किये। इसी कड़ी में होली (दादरा) रंग डालूंगी आज रंग डालूंगी..., शिव आनन्द ताण्डव-डिमिक डिमिक डमरू कर बाजे, प्रेम मगन नाचे भोला...पर कथक की मनभावन प्रस्तुति दी। संगत कलाकारों में गायन व हारमोनियम आनंद किशोर मिश्र, तबला पर देव नारायण मिश्र, सारंगी अंकित मिश्र, उद्घोषक और उद्घोषिका डॉ. अदिति बपलियाल रहीं।

सोनी सेठ ने कत्थक नृत्य की शिक्षा पंडित माता प्रसाद मिश्र, रवि शंकर मिश्र और डॉ. ममता टंडन से प्राप्त की और आप का सम्बन्ध बनारस घराने से है। आप ने अपनी कला और कठिन परिश्रम से कत्थक नृत्य को जीवंत कर नए आयामों को छुआ है और एक सर्वश्रेष्ठ एवं निपुण कलाकार के रूप में कला जगत में स्थान प्राप्त किया हैं। आप को अपनी नृत्य कला के माध्यम से विभिन्न पुरस्कारों एवं सम्मानों में सम्मानित किया जा चुका हैं। आप ने देश के विभित्र मंचो पर अपनी नृत्य प्रस्तुति देकर सराहना प्राप्त किया है।

# लुलु मॉल में शुरू हुआ फ्लॉवर फेस्टिवल

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राजधानी के सबसे बड़े शॉपिंग गंतव्य लुलु मॉल में चार दिवसीय फ्लॉवर फेस्टिवल का आगाज हो गया है। जिसका उद्घाटन श्री बीएल मीना एडिशनल चीफ सेकेट्री हॉर्टिकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग विभाग एवं डा. विजय बहादुर द्विवेदी निर्देशक हॉर्टिकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग विभाग ने किया। यह फ्लॉवर फेस्टिवल 13 से 16 फरवरी तक चलेगा।



इस फ्लॉवर फेस्टिवल की खास बात यह है कि इसमें लखनऊ की लोकल नर्सरी से चार सौ से अधिक प्रकार के फूल एवं पौधे मॉल लाए गए हैं। इस फ्लॉवर फेस्टिवल में मौजूद सभी नर्सरीज अपने पौधौं एवं फूलों को दर्शकों को दिखा एवं बेच सकती हैं। इस फ्लॉवर फेस्टिवल का एक मात्र उद्देश्य लखनऊ की लोकल नर्सरीज को बढ़ावा देना होगा। इस फ्लावर फेस्ट में दर्शक भिन्न-भिन्न तरह के पौधों एवं खुशबूदार फूलों से रूबरू हो पायेंगे। फ्लॉवर फेस्ट में देशी विदेशी सभी प्रकार के पौधे मौजूद हैं जैसे पोटुर्लाका, विंका (सदाबहार), सेलोसिया, जीनिया, कोचिया इत्यादि। लुलु ग्रुप उत्तर प्रदेश के रीजनल डायरेक्टर जयकुमार गंगाधरन ने इस खास मौके पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि इस लुलु फ्लावर फेस्ट का उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं बल्कि दर्शकों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना भी है जबकि मॉल के जनरल मैनेजर समीर वर्मा ने कहा यह फ्लॉवर फेस्टिवल हमारे लिए काफी खास है। इस फ्लावर फेस्टिवल के जरिये हम लखनऊ की लोकल नर्सरीज को बढ़ावा देना चाहते हैं। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि यह फ्लॉवर फेस्टिवल 4 दिन चलेगा जिसमे दर्शक मॉल में आके अपने पसंदीदा पौधे एवं फूल खरीद सकते हैं।

# जनमे अवध में राम...गीत पर दिखा नृत्य का अद्भुत रंग

- अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान में सांस्कृतिक उत्सव का समापन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** सेन्ट्रल नोडल एजेंसी, उत्तर मध्य क्षेत्र, सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से आदि शक्ति नृत्य एकेडमी द्वारा तीन दिवस से चल रहे सांस्कृतिक उत्सव (पारंपरिक लोक नृत्य एवं भरतनाट्यम) का समापन शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में आयोजित हुआ।

संस्था की अध्यक्ष लवली घिल्डियाल द्वारा यह बताया गया कि यह संस्था पूर्ण रूप से सांस्कृतिक संगठन है। जो लोक संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, भारतीय पारंपरिक पौराणिक लोक विधाओं के संरक्षण प्रदर्शन स्टेज पर परफार्म करती आ रही है। आज के कार्यक्रम का नृत्य निर्देशन मलखान सिंह एवं मनीषा यादव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ललिता प्रदीप पांडे, निशा मिश्रा और मंच संचालन अरविंद सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना से हुआ जिसे मलखान सिंह, अर्वतिका शर्मा, मालसी, सौम्या, श्रेयशी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अगले पड़ाव में भरतनाट्यम एक नृत्य- प्रियांशी शर्मा, तराना मलखान सिंह, अर्वतिका शर्मा, लोक नृत्य जनमे अवध में राम...गीत पर साक्षी अशिमका श्रीवास्तव, सृष्टि तिवारी, कृष्णांजलि ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। एकल नृत्य मेरे घर राम आये है... निवार्णी सिंह, घूमर नृत्य मनीषा यादव, अर्वतिका शर्मा, मलसी, सौम्या, श्रेयांशी, ठुमक चलत... मलखान सिंह, मलहार मनीषा यादव, अर्वतिका शर्मा, मलसी, गायन सुजाता, हरियाण्वी नृत्य मनीषा यादव, अर्वतिका शर्मा, मलसी, सौम्या, श्रेयांशी, अवधी लोक नृत्य सुजाता मनी, रश्मि सिंह, प्रबोधिनी दुबे, सरस्वती वंदना समृद्धि श्रीवास्तव, श्री मिश्रा, विन्ध्या द्विवेदी, अवनी रस्तोगी, सूफी मलखान सिंह, अर्वतिका शर्मा, मलसी, सौम्या, श्रेयांशी ने प्रस्तुत किया। प्रस्तुत करने वाले कलाकारों में अर्वतिका शर्मा, मलसी बेमाशा, सौम्य प्रकाश, श्रेयांशी श्रीवास्तव, सुजाता मनी, रश्मि सिंह, प्रबोधिनी दुबे, सुजाता, समृद्धि श्रीवास्तव, श्री मिश्रा, विन्ध्या द्विवेदी, अवनी रस्तोगी, साक्षी, अशिमता श्रीवास्तव, सृष्टि तिवारी, कृष्णांजलि और निवार्णी सिंह प्रमुख रहीं।

# शहर में पहली बार कला की आर्थिक शक्ति पर होगा कला विशेष सत्र

- लखनऊ कंटेम्परारी इंडियन आर्ट फेयर -2025 में कला की आर्थिक शक्ति पर विशेष कला सत्र'
- बड़ी संख्या में लखनऊ के आममानस समकालीन भारतीय कला मेला में प्रदर्शित कलाकृतियों का कर रहे हैं अवलोकन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी में फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी एवं फीनिक्स प्लासियो के संयुक्त तत्वावधान में लखनऊ कंटेम्परारी इंडियन आर्ट फेयर -2025 शनिवार, 15 फरवरी को सायं 5 बजे एक विशेष कला सत्र का आयोजन करने जा रहा है। इस विशेष कला सत्र में नगर की प्रतिष्ठित फ्लोरेसेंस आर्ट गैलरी ने गैलरी कि निदेशक नेहा सिंह सहित देश के जानेमाने आर्थिक कला विशेषज्ञों, कलाकारों सहित कार्पोरेट व्यवसायियों को आमंत्रित किया गया है।

जानकारी देते हुए क्यूरेटर भूपेंद्र अस्थाना ने बताया कि आज समकालीन कला दुनियाभर में सामाजिक और मानवीय भावनाओं के आर्थिक रूप से भी विकसित हुई है। इस लिए प्रदेश में इस आर्ट फेयर द्वारा आयोजित विजुअल आर्ट का यह सत्र लखनऊ को एक नए स्वरूप में प्रस्तुत करके कला को विस्तृत रूप देते हुए नई संभावनाएं जगाएगा। इस विशेष कला सत्र का आयोजन शनिवार को शाम 5 बजे फीनिक्स प्लासियो, ग्राउंड फ्लोर नॉर्थ एट्रियम में आयोजित किया जाएगा।

आयोजन के अतिथि वक्ता विकास कुमार होंगे। विकास नई दिल्ली में पूर्व क्यूरेटर, एनजीएमए, रिसर्च स्कॉलर एवं कला प्रशासक हैं। जो एक निवेश के रूप में कला की संभावनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालेंगे और चर्चा भी करेंगे। इस सत्र के कुछ मुख्य बिंदु हैं : कला दुनिया को कैसे आकार देती है। कलाकृतियों को एक मूल्यवान संपत्ति में बदलना। मेट्रो शहरों के अलावा देश के हर कोने में कला संस्कृति को बढ़ावा। खुदरा कला क्रांतिः कला मेले व कला की आर्थिक शक्ति के द्वारा बाजारों को बढ़ावा देने के प्रयासों पर विशेष चर्चा होगी। प्रख्यात कलाकार और शिक्षक प्रो. जय कृष्ण अग्रवाल भी अपने अनुभवों के आधार पर कला के माध्यम से प्रकाश डालेगें।

# महाकुंभ के लिए आज चलेंगी 24 स्पेशल ट्रेनें, श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत




वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुम्भ-2025 के पावन अवसर पर 15 फरवरी को पूर्वोत्तर रेलवे से 24 महाकुम्भ मेला विशेष गाड़ियां चलाई जायेंगी।

**गोरखपुर से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियां :** 15 फरवरी को 05150 गोरखपुर-झूसी मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 19.30 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05004 गोरखपुर-झूसी मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 21.30 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05152 गोरखपुर-झूसी मेला विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 23.45 बजे चलाई जायेगी।

**झूसी से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियां :** 15 फरवरी को 05003 झूसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 07.45 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05149 झूसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 11.15 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05110 झूसी-बनारस मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 12.45 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05151 झूसी-गोरखपुर मेला विशेष गाड़ी, झूसी से 15.15 बजे चलाई जायेगी।

**प्रयागराज रामबाग से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियां :** 15 फरवरी को 05108 प्रयागराज रामबाग-बनारस मेला विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से 07.00 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05106 प्रयागराज रामबाग-बनारस मेला विशेष गाड़ी, प्रयागराज रामबाग से 16.30 बजे चलाई जायेगी।

**बनारस से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियां :** 15 फरवरी को 05109 बनारस-झूसी मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 08.00 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05105 बनारस-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 12.30 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 09802 बनारस-सोगरिया मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 14.45 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 09414 बनारस-साबरमती मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 19.30 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी को 05107 बनारस-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी, बनारस से 20.30 बजे चलाई जायेगी।

**छपरा से चलने वाली मेला विशेष गाड़ियां :** 15 फरवरी को 05125 छपरा-प्रयागराज रामबाग मेला विशेष गाड़ी, छपरा से 10.05 बजे चलाई जायेगी। 15 फरवरी, को 05129 छपरा-झूसी मेला विशेष गाड़ी, छपरा से 18.30 बजे चलाई जायेगी। इसके अतिरिक्त गाड़ी संख्या 04111, 04112, 04113, 04114, 04120, 05101, 05102 एवं 05104 रिंग रेल चलाई जा रही हैं। मेला विशेष गाड़ियों के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की जानकारी के लिये रेलवे हेल्पलाइन नम्बर 139 पर डायल कर सकते हैं अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस.) वेब पोर्टल या मोबाइल एप पर प्राप्त कर सकते हैं।

**गोरखपुर-झूसी के बीच चलेगी दो जोड़ी कुंभ स्पेशल ट्रेन:** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेला में आने-जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु 05150/05049 गोरखपुर-झूसी-गोरखपुर, अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन 13 से 27 फरवरी तक गोरखपुर से तथा 14 से 28 फरवरी तक झूसी से किया जायेगा। 05150 गोरखपुर-झूसी अनारक्षित विशेष गाड़ी 13 से 27 फरवरी तक गोरखपुर से 19.30 बजे प्रस्थान कर चौरी चौरा से 20.04 बजे, गौरी बाजार से 20.18 बजे, देवरिया सदर से 20.38 बजे, भटनी से 21.02 बजे, सलेमपुर से 21.24 बजे, लार रोड से 21.36 बजे, बेलथरा रोड से 21.52 बजे, इन्दारा से 22.22 बजे, मऊ से 22.40 बजे, दुल्लहपुर से 23.10 बजे, दूसरे दिन औड़िहार से 00.03 बजे, वाराणसी सिटी से 00.40 बजे, वाराणसी से 01.10 बजे, बनारस से 01.30 बजे तथा ज्ञानपुर रोड से 02.47 बजे छूटकर झूसी 04.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05149 झूसी-गोरखपुर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 14 से 28 फरवरी तक झूसी से 11.15 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड से 11.54 बजे, बनारस से 13.25 बजे, वाराणसी से 13.50 बजे, वाराणसी सिटी से 14.05 बजे औड़िहार से 15.02 बजे, दुल्लहपुर से 15.55 बजे, मऊ से 16.15 बजे, इन्दारा से 16.32 बजे, बेलथरा रोड से 17.04 बजे, लार रोड से 17.32 बजे, सलेमपुर से 17.50 बजे, भटनी से 18.14 बजे, देवरिया सदर से 18.35 बजे, गौरी बाजार से 18.58 बजे तथा चौरी चौरा से 19.12 बजे छूटकर गोरखपुर 20.00 बजे पहुंचेगी। इन कुम्भ मेला विशेष गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 तथा एलएसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे। वहीं गाड़ी संख्या 05152/05151 गोरखपुर-झूसी-गोरखपुर, अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन 13 से 27 फरवरी तक गोरखपुर से तथा 14 से 28 फरवरी तक झूसी से किया जायेगा। 05152 गोरखपुर-झूसी अनारक्षित विशेष गाड़ी 13 से 27 फरवरी तक गोरखपुर से 23.45 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन चौरी चौरा से 00.19 बजे, गौरी बाजार से 00.33 बजे, देवरिया सदर से 00.55 बजे, भटनी से 01.17 बजे, सलेमपुर से 01.40 बजे, लार रोड से 01.52 बजे, बेलथरा रोड से 02.07 बजे, इन्दारा से 02.47 बजे, मऊ से 03.05 बजे, दुल्लहपुर से 03.37 बजे, औड़िहार से 04.03 बजे, वाराणसी सिटी से 04.40 बजे, वाराणसी से 05.10 बजे, बनारस से 05.30 बजे तथा ज्ञानपुर रोड से 06.47 बजे छूटकर झूसी 08.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05151 झूसी-गोरखपुर कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 14 से 28 फरवरी तक झूसी से 15.15 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड से 15.54 बजे, बनारस से 17.25 बजे, वाराणसी से 17.50 बजे, वाराणसी सिटी से 18.05 बजे औड़िहार से 19.02 बजे, दुल्लहपुर से 19.55 बजे, मऊ से 20.15 बजे, इन्दारा से 20.32 बजे, बेलथरा रोड से 21.04 बजे, लार रोड से 21.32 बजे, सलेमपुर से 21.50 बजे, भटनी से 22.14 बजे, देवरिया सदर से 22.35 बजे, गौरी बाजार से 22.58 बजे तथा चौरी चौरा से 23.12 बजे छूटकर गोरखपुर 23.45 बजे पहुंचेगी। इन कुम्भ मेला विशेष गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 14 तथा एलएसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 16 कोच लगाये जायेंगे।

**मालदा-झूसी के बीच चलेंगी तीन कुंभ स्पेशल ट्रेनें:** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ मेला में आने-जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा हेतु मालदा टाउन से झूसी के मध्य 03 जोड़ी कुम्भ मेला विशेष गाड़ियों का संचलन तिथियों में किया जायेगा। 03417 मालदा टाउन-झूसी कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 16 एवं 23 फरवरी को मालदा टाउन से तथा 03418 झूसी-मालदा टाउन कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 17 एवं 24 फरवरी, 2025 को झूसी से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 01, शयनयान श्रेणी के 04, साधारण द्वितीय श्रेणी के 07 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोच सहित कुल 14 कोच लगाये जायेंगे। 03429 मालदा टाउन-झूसी कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 17 एवं 24 फरवरी को मालदा टाउन से तथा 03430 झूसी-मालदा टाउन कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 18 एवं 25 फरवरी, 2025 को झूसी से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 11, साधारण द्वितीय श्रेणी के 06 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोच सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे। 03411 मालदा टाउन-झूसी कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 18 फरवरी को मालदा टाउन से तथा 03412 झूसी-मालदा टाउन कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 19 फरवरी को झूसी से चलाई जायेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, शयनयान श्रेणी के 09, साधारण द्वितीय श्रेणी के 03 तथा जी.एस.एल.आर.डी. के 02 कोच सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे। 03417, 03429 तथा 03411 मालदा टाउन-झूसी कुम्भ मेला विशेष गाड़ियाँ मालदा टाउन से 20.45 बजे प्रस्थान कर न्यू फरक्का से 21.17 बजे, बड़हरवा से 21.47 बजे, साहिबगंज से 22.36 बजे, कहलगांव से 23.15 बजे, दूसरे दिन भागलपुर से 00.12 बजे, सुलतानगंज से 00.36 बजे, जमालपुर से 01.17 बजे, अभयपुर से 01.50 बजे, किऊल से 03.45 बजे, मोकामा से 05.32 बजे, बाढ़ से 06.07 बजे, बख्तियारपुर से 06.32 बजे, राजेन्द्रनगर से 07.37 बजे, पटना से 08.00 बजे, दानापुर से 08.32 बजे, आरा से 09.20 बजे, बक्सर से 10.22 बजे, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जं0 से 12.30 बजे, वाराणसी से 13.50 बजे तथा बनारस से 14.10 बजे छूटकर झूसी 17.15 बजे पहुंचेगी।

## कई ट्रेनों में लगाये गये अतिरिक्त कोच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा निम्नलिखित 03 जोड़ी एक्सप्रेस गाड़ियों की रेक संरचना में स्थाई रूप से परिवर्तन किया गया है। परिवर्तित रेक संरचना के अनुसार 19165/19166 अहमदाबाद-दरभंगा-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 16 अप्रैल से अहमदाबाद से एवं 19 अप्रैल से दरभंगा से वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

परिवर्तित रेक संरचना के अनुसार 19167/19168 अहमदाबाद-वाराणसी सिटी-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 14 अप्रैल से अहमदाबाद से एवं 17 अप्रैल से वाराणसी सिटी से वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे। परिवर्तित रेक संरचना के अनुसार 19489/19490 अहमदाबाद-गोरखपुर-अहमदाबाद एक्सप्रेस में 19 अप्रैल से अहमदाबाद से एवं 20 अप्रैल से गोरखपुर से वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 04, वातानुकूलित तृतीय इकोनॉमी श्रेणी के 02, शयनयान श्रेणी के 07, सामान्य द्वितीय श्रेणी के 04, एलएसएलआरडी का 01 तथा जनरेटर सह लगेज यान के 01 कोचों सहित कुल 22 कोच लगाये जायेंगे।

# एकेटीयू इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए लांच कर रहा है कलाम प्रगति इनेशिएटिव

- 28 फरवरी को होगा उद्घाटन, पायलट फेज में दो कोर्स कर सकेंगे छात्र
- 30 घंटे के कोर्स में छात्रों को इंडस्ट्री के विशेषज्ञ देंगे प्रशिक्षण

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) अपने छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक तैयार कर रहा है। पढ़ाई के साथ ही छात्रों को स्किल्ड बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ताकि छात्र नई तकनीकी सीखकर अपने भविष्य की सुनहरी इबारत लिख सकें। इस क्रम में कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय की पहल पर छात्रों के लिए 28 फरवरी से कलाम प्रगति इनेसिएटिव लांच की जा रही है। इसके तहत पायलट फेज में दो कोर्स चलेंगे। जिसमें इनोवेशन एंड डिजाइन थिंकिंग और रोबोटिक्स है। विश्वविद्यालय और एरा फाउंडेशन के सहयोग कलाम प्रगति इनोशिएटिव लांच की जा रही है। इसका उद्घाटन 28 फरवरी को किया जाएगा।

**ये छात्र होंगे पात्र:** इस कोर्स को करने के लिए बीटेक के सीएसई, आईटी और अन्य स्ट्रीम के द्वितीय वर्ष और उसके आगे के पासआउट छात्र पात्र होंगे। कोर्स के लिए पात्र छात्र 22 फरवरी तक पंजीकरण करा सकते हैं। हर कोर्स में 120 छात्रों का बैच होगा। जिनका मूल्यांकन के बाद चयन किया जाएगा। यह कोर्स विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में हर शुक्रवार और शनिवार को चलेगा। 30 घंटे के कोर्स में विशेषज्ञ छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

**कोर्स करने से होंगे कई फायदे:** कोर्स के दौरान इंडस्ट्री के विशेषज्ञ छात्रों को प्रैक्टिकल करायेंगे। इसके अलावा हैंड्स ऑन ट्रेनिंग और नई उभरती तकनीकी के टूल्स के बारे में भी सिखाया जाएगा। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के अनुसार यह कार्यशाला छात्रों के लिए काफी फायदेमंद होगी। भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। इनोवेशन एंड जिडाइन थिंकिंग में विशेषज्ञ छात्रों को नये आइडिया से प्रोटोटाइप बनाना शुरू करायेंगे। साथ ही सिग्मा के साथ डिजाइनिंग इंटरफेसेस, पेपर प्रोटोटाइपिंग, कैड, लेजर प्रिंटिंग और थ्री डी प्रिंटिंग के साथ मॉडलिंग, इसके अलावा, वर्तमान समय की समस्याओं और उसके समाधान खोजने के बारे में भी प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह रोबोटिक्स में रोबोटिक्स की सामान्य जानकारी के साथ ही मोटर नियंत्रण, पाइथन सहित अन्य आयामों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान में इनोवेशन और रोबोटिक्स दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां तमाम तरह के अवसर हैं।

## साबरमती-बनारस के बीच चलेगी कुंभ विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में चल रहे कुम्भ मेला में आने-जाने वाले श्रद्धालु यात्रियों की सुविधा हेतु 09453/09454 साबरमती-बनारस-साबरमती कुम्भ मेला विशेष गाड़ी का संचलन 22 फरवरी को साबरमती से तथा 23 फरवरी को बनारस से 01 फेरे के लिये किया जायेगा।

09453 साबरमती-बनारस कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 22 फरवरी को साबरमती से 11.00 बजे प्रस्थान कर महेसाणा से 11.52 बजे, पालनपुर से 14.40 बजे, आबू रोड से 15.30 बजे, पिंडवाड़ा से 16.07 बजे, फालना से 16.57 बजे, रानी से 17.12 बजे, मारवाड़ से 18.07 बजे, ब्यावर से 19.40 बजे, अजमेर से 21.10 बजे, किशनगढ़ 21.39 बजे, जयपुर से 23.20 बजे, दूसरे दिन दौसा से 00.07 बजे, बाँदीकुंई से 01.20 बजे, भरतपुर से 02.25 बजे, आगरा फोर्ट से 05.20 बजे, टुण्डला से 06.40 बजे, इटावा से 07.47 बजे, गोविन्दपुरी से 09.40 बजे, फतेहपुर से 10.52 बजे, प्रयागराज जं0 से 13.20 बजे तथा ज्ञानपुर रोड से 14.42 बजे छूटकर बनारस 16.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09454 बनारस-साबरमती कुम्भ मेला विशेष गाड़ी 23 फरवरी को बनारस से 19.30 बजे प्रस्थान कर ज्ञानपुर रोड से 22.24 बजे, प्रयागराज जं0 से 23.45 बजे, दूसरे दिन फतेहपुर से 00.55 बजे, गोविन्दपुरी से 02.45 बजे, इटावा से 04.45 बजे, टुण्डला से 07.10 बजे, आगरा फोर्ट से 08.00 बजे, भरतपुर से 10.15 बजे, बाँदीकुंई से 12.00 बजे, दौसा से 12.25 बजे, जयपुर से 13.20 बजे, किशनगढ़ से 14.40 बजे, अजमेर से 16.00 बजे, ब्यावर से 16.44 बजे, मारवाड़ से 18.20 बजे, रानी से 18.58 बजे, फालना से 19.13 बजे, पिंडवाड़ा से 19.54 बजे, आबू रोड से 20.50 बजे, पालनपुर से 21.52 बजे तथा महेसाणा से 22.42 बजे छूटकर तीसरे दिन साबरमती 00.30 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी में वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05, शयनयान श्रेणी के 14, साधारण द्वितीय श्रेणी के 02 तथा एसएलआरडी के 02 कोचों सहित कुल 24 कोच लगाये जायेंगे।

## सिंगापुर मैथ्स चैलेंज में छात्रों ने जीते 124 पदक



लखनऊ। सीएमएस के अलीगंज प्रथम कैम्पस के मेधावी छात्रों ने सिंगापुर मैथ्स चैलेन्ज ओलम्पियाड में 31 गोल्ड मेडल, 26 सिल्वर मेडल एवं 67 ब्रांज मेडल समेत 124 पदक अर्जित कर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर लखनऊ का नाम रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में 22 देशों के 36,309 छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस छात्रों ने सर्वाधिक पदक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने इन सभी मेधावी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों का आभार व्यक्त किया है। यह जानकारी सीएमएस के कम्युनिकेशन विभाग के हेड ऋषि खन्ना ने दी है।

## छात्रों ने दी आईएससी बोर्ड परीक्षा



लखनऊ। आईएससी बोर्ड की परीक्षा शुक्रवार से शुरू हो गयी है। इस परीक्षा के दौरान परीक्षार्थियों ने पेपर ठीक आने की बात कही। सेंट जोसेफ राजाजीपुरम में आईएससी इंग्लिश की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थियों ने बताया कि पेपर ज्यादा टफ नहीं आया था। लगभग काफी कुछ पढ़ा हुआ ही आया। बोर्ड परीक्षा समाप्त होने के बाद परीक्षार्थी खुशी-खुशी बाहर निकले।

## प्रो. आलोक राय ने बांटे कर्मयोगी छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन हॉल में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने सत्र 2024-25 के लिए कर्मयोगी छात्रवृत्ति के लिए चयनित छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों एवं संकायों से कुल 32 मेधावियों को प्रमाण पत्र दिया गया। यह छात्रवृत्ति लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत मेधावी छात्रों को प्रतिवर्ष दिया जाता है। प्रमाण पत्र वितरण समारोह में प्रति कुलपति प्रो. मनुका खन्ना, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. वीके शर्मा, चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह, डीन प्रवेश प्रो. पंकज माथुर, निदेशक आईपीआर प्रो. दुर्गेश कुमार श्रीवास्तव और डीएसडब्ल्यू टीम के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

# छात्र प्रभावी वकालत कौशल विकसित करें : प्रो. एसके भटनागर

- बीबीएयू के विधि विभाग में प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) के विधि विभाग में स्पेक्ट्रा मूट कोर्ट कमेटी के तत्वावधान में आयोजित प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रो. आरसी सोबती और प्रो. एसके भटनागर ने किया। साथ ही, विशिष्ट अतिथि के रूप में बीबीएयू के डीन एकेडेमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान विधि संकाय के विभागाध्यक्ष एवं संकाय संयोजक प्रो. सुदर्शन वर्मा भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मूट कोर्ट प्रतियोगिता विधि छात्रों के लिए व्यावहारिक ज्ञान और कानूनी प्रक्रिया को समझने का एक उत्कृष्ट अवसर है। मुख्य अतिथि प्रो. आरसी सोबती ने विधि छात्रों को न्यायिक प्रणाली की बारीकियों को सीखने और अपनी तर्कशक्ति को निखारने के लिए प्रेरित किया। प्रो. एसके भटनागर ने प्रतिभागियों को कानूनी अनुसंधान और प्रभावी वकालत कौशल विकसित करने की सलाह दी। इस प्रतियोगिता में देशभर की विभिन्न प्रतिष्ठित विधि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन समारोह के बाद प्रतियोगिता की प्रारंभिक दौर की कार्यवाही शुरू हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने कानूनी मुद्दों पर अपनी दलीलें प्रस्तुत कीं।

डीन एकेडेमिक अफेयर्स प्रो. एस. विक्टर बाबू ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों को वास्तविक न्यायिक प्रक्रिया से अवगत कराते हैं और उनके कानूनी करियर को एक नई दिशा प्रदान करते हैं। प्रतियोगिता का समापन आगामी दिन होगा, जिसमें विजेता टीम को सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन और विधि संकाय ने इस आयोजन की सफलता के लिए मूट कोर्ट कमेटी को बधाई दी। इसके बाद सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट किया गया और अंत में राष्ट्रगान के साथ प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता का समापन हुआ। कार्यक्रम में विभाग के सभी संकाय सदस्य प्रो. संजीव कुमार, डॉ. अनीस अहमद, डॉ प्रदीप कुमार, डॉ. मुजीबुर रहमान, डॉ नितेश कुमार चतुर्वेदी, डॉ राजकुमार परिचेता, डॉ श्वेता त्रिवेदी, डॉ विष्णु पति त्रिपाठी, डॉ. खुशनुमा बानो, डॉ ब्रिजेश कुमार यादव तथा अन्य नॉन-टीचिंग स्टाफ भी मौजूद रहे तथा स्पेक्ट्रा मूट कोर्ट कमेटी के विभिन्न समितियों के संयोजक एवं सह-संयोजक जैसे सैन्ड्रा रोबिंसन, अमय सोनकर, वेंकटेश प्रसाद नारायण शुक्ल, आयुष गुप्ता, आयुष आनंद, हिमांशु, अनन्या मंगलम, अंजूबाला, सौरभ सिंह, शफकत अफरोज, अनुष्का सिंह, स्तुति, आदित्य और अक्षत आदि इस प्रथम मूट कोर्ट प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह में मौजूद रहे।

## प्रो. मुशीयर को नवोदय सम्मान से किया गया सम्मानित




लखनऊ। प्रो. मुशीयर अहमद को राष्ट्रीय सम्मेलन विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए समावेशन और समानता को बढ़ावा देना में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, उत्तर प्रदेश राज्य शाखा इंदिरा नगर द्वारा नवोदय सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें शुक्रवार को कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआई आई) में आयोजित समारोह में दिया गया। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने यह पुरस्कार सौंपा, जो प्रो. अहमद की उल्लेखनीय उपलब्धियों और शिक्षा में समावेशन को बढ़ावा देने की उनकी अथक प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करता है। प्रो. मुशीयर अहमद ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग अध्यक्ष हैं। उनकी अद्वितीय शैक्षिक यात्रा और शिक्षा में योगदान ने उन्हें अकादमिक क्षेत्र में एक अग्रणी व्यक्तित्व बना दिया है और विशेष रूप से दिव्यांगजन के लिए वे एक प्रेरणा स्रोत हैं। नवोदय सम्मान के साथ 21,000 रुपये का पुरस्कार भी प्रदान किया गया, जो उच्च शिक्षा में समानता को बढ़ावा देने और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बाधाओं को तोड़ने के उनके सतत प्रयासों की सराहना करता है। पुरस्कार प्रदान करते हुए बृजेश पाठक ने प्रो. अहमद की असाधारण उपलब्धियों की सराहना की और एक समावेशी समाज के निर्माण के महत्व पर जोर दिया।

# आरपीएफ ने परिजनों से बिछड़े 195 यात्रियों को पुनः परिवार से मिलवाया

- 186 बीमार यात्रियों को मेडिकल सुविधा प्रदान की

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के रेलवे सुरक्षा बल द्वारा महाकुम्भ-2025 के अंतर्गत यात्रियों एवं श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ मानवीय दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जा रहा है। आईजी आरपीएफ उत्तर रेलवे पंकज गंगवार के मार्गदर्शन तथा मण्डल रेल प्रबंधक एस. एम. शर्मा के दिशा-निर्देशों पर कार्य करते हुए वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ला द्वारा महाकुम्भ-2025 के प्रारम्भ से एक सुनियोजित नीति का निर्माण करते हुए आरपीएफ के सभी जवानों को यात्रियों और श्रद्धालुओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ हर परिस्थिति में सहायता व मधुर व्यवहार करने का मूलमंत्र दिया गया था। इसी मूलमंत्र को आरपीएफ के जवानों द्वारा चरितार्थ करते हुए स्टेशनों एवं रेल गाड़ियों से यात्रा के दौरान महाकुम्भ की भीड़ में अपने परिजनों से बिछुड़े हुए 195 यात्रियों को तत्काल कार्यवाही करते हुए उनके परिजनों से मिलवाया गया तथा 186 बीमार यात्रियों को मेडिकल सुविधा उपलब्ध करवाई गई। लखनऊ मंडल परिक्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्टेशनों जैसे-प्रयाग जं., फाफामऊ जं., प्रयागराज संगम, वाराणसी जं. अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट. स्टेशनों पर अपने परिजनों से बिछुड़ गए बच्चों, महिलाओ व बुजुर्गों को बचाने व उनको सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द करने हेतु विशेष टीम और खोया-पाया केंद्रों का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न भाषाओं की जानकारी रखने वाले आरपीएफ स्टाफ को तैनात किया गया है, ताकि पूरे भारत वर्ष के किसी भी स्थान से आए हुए बच्चों व व्यक्तियों की पीड़ा व भाषा को समझने व समझा पाने में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो, साथ ही इन सभी सहायता केंद्रों पर महिला बल सदस्यों को भी तैनात किया गया है, ताकि किसी भी अकेली बालिका या महिला के मिलने पर उनकी सुरक्षा में किसी प्रकार का कोई अभाव न रहने पाये।

स्टेशनों पर भारी भीड़ के दौरान जैसे ही खोया-पाया सहायता केन्द्र पर अपने परिजनों से बिछुड़े बच्चों, महिलाओ व बुजुर्गों की सूचना प्राप्त होती है, इसपर तत्काल कार्यवाही करते हुए आरपीएफ टीम के द्वारा सम्पूर्ण स्टेशन परिसर में अनाउंसमेंट कराने के साथ-साथ सीसीटीवी के माध्यम से बिछुड़े व्यक्ति की पहचान कर उनके परिजनों से मिलवाया जाता है। यदि सीसीटीवी के माध्यम से गुमशुदा व्यक्ति ट्रेन से किसी दिशा की ओर जाते हुए दिखाई देता है तो ऐसी स्थिति मे तत्काल अगले स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ को जानकारी देकर ट्रेन को सर्च कराकर गुमशुदा व्यक्ति को खोज कर उसके परिजनों से मिलवाया जाता है। इस पुनीत कार्य में आरपीएफ के कर्मी निरंतर चौबीस घंटे कार्य करते हुए परिवारजनों से बिछुड़े हुए सभी बच्चों, महिलाओं व बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाने व उनके अमूल्य जीवन को उपयुक्त सुरक्षा उपलब्ध कराने हेतु निरन्तर तत्पर हैं। ज्ञात हो कि रेलवे सुरक्षा बल विभाग के 1523 कर्मचारी प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ जंक्शन एवं प्रयागराज संगम स्टेशनों पर कार्य कर रहे हैं। इन स्टेशनों पर यात्रियों के सामान एवं संदिग्धों की धर पकड़ के लिए 03 डॉग स्क्वायड और उनके 06 हैंडलर भी कार्य कर रहे हैं, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर अंकुश लगाया जा सके और संदिग्ध व्यक्तियों और अनाधिकृत सामान की पहचान की जा सके। इसी क्रम में अयोध्या एवं वाराणसी पर स्थित मंडल के स्टेशनों पर भी 556 रेलवे सुरक्षा बल के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है जिनके द्वारा यात्री सुरक्षा एवं सुविधा, भीड़ तथा यात्री प्रबंधन के कार्यों को भली भांति संपन्न किया जा रहा है। एकीकृत कमांड सेंटर से स्टेशन की प्रत्येक गतिविधि का सूक्ष्मता से निरीक्षण करते हुए रेल सुरक्षा बल जहां एक ओर अपने सुरक्षा व्यूह से स्टेशन पर आनेजाने वाले यात्रियों के सामान और जानमाल की रक्षा करता है वहीं दूसरी ओर यात्री एवं भीड़ प्रबंधन और यात्री सेवा-सत्कार में भी अपना बहुमूल्य योगदान प्रदान कर रहा है।

संक्षेप

## प्रयागराज जा रही फॉर्च्यूनर कार पलटी

**देवरिया।** जिले के राम जानकी मार्ग पर शुक्रवार सुबह साढ़े पांच बजे एक दर्दनाक हादसा हुआ। महाकुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जा रही फॉर्च्यूनर कार मईल थाना क्षेत्र के ग्राम बरेजी के निकट अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बिहार के गोपालगंज निवासी अनुज तिवारी (55), सुधीर सिंह (45), मनोज सिंह (55) और चालक प्रियंकल सिंह (40) घायल हो गए। घटना बरेजी के पास पुल के पहले मोड़ पर हुई। जहां कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गड्ढे में जा गिरी। कार के पलटने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को कार से बाहर निकाला। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बरहज राहुल सिंह और मईल थानाध्यक्ष अमित राय मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को तत्काल नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। थानाध्यक्ष अमित राय ने बताया कि सभी श्रद्धालु खतरे से बाहर हैं।

# सीएम डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की डीएम ने की समीक्षा

जिला संवाददाता(vol)



**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता व मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों, निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।

समीक्षा दौरान जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्राप्तांक एवं ग्रेडिंग के आधार पर विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड की प्रगति रिपोर्ट में खराब श्रेणी प्रदर्शित करने वाले विभाग व कार्यों से संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया कि कार्यों/योजनाओं में गुणात्मक प्रगति लाते हुए बेहतर परफॉर्मेंस प्रदर्शित करें। उन्होंने कहा कि कार्यो के संचालन एवं क्रियान्वयन में इस माह में सुधार लाते हुए रैंकिंग में भी सुधार लाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है इस लिए सभी कार्यालयाध्यक्ष नियमानुसार बजट का शत प्रतिशत व्यय करना सुनिश्चित करें। यदि बजट की आवश्यकता हो तो उसे समय रहते मंगा लिए जाएं। समीक्षा के दौरान सबसे खराब प्रगति वाले विभागों/योजनाओं की समीक्षा एक एक कर की गई, इसी क्रम में अल्प संख्यक कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृत्ति योजना, बेसिक शिक्षा विभाग अंतर्गत विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, पर्यटन विकास योजना, पीडब्ल्यूडी द्वारा नई सड़कों के निर्माण कार्य, उपायुक्त उद्योग द्वारा ओ डी ओ पी योजना, जल निगम द्वारा हर घर जल, फैमिली आईडी, आर ईडी द्वारा सड़कों के निर्माण कार्यों, सहित पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा छात्र वृति योजना एवं समाज कल्याण विभाग द्वारा छात्रवृति योजना आदि की समीक्षा कर शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं द्वारा निर्माण कार्यों में प्रगति एवं गुणवत्ता की समीक्षा के साथ-साथ भौतिक प्रगति एवं वित्तीय प्रगति की आकड़ेवार समीक्षा की गयी।

जिलाधिकारी ने विभागों द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय अधिकारीगण प्रत्येक दशा में योजनाओं के संचालन में समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, आम जनमानस की शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया जाए। उन्होंने सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस बात का विशेष ध्यान दिया जाये कि विभागीय योजनाओं के आच्छादन सहित लाभार्थीपरक योजनाओं को लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण कर लिया जाये, किसी भी प्रकार से लम्बित मामलों को अविलम्ब निस्तारित करा दिया जाये। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने बताया कि इस माह जनपद की रैंकिंग में पिछले माह के सापेक्ष गिरावट आई है जिसमें सुधार लाया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि किसी विभाग द्वारा कोई योजना शासन स्तर पर लंबित हो तो उसकी सूचना जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी कल तक अवश्य उपलब्ध करा दें।

डीएफओ वरुण कुमार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025- 26 में वृक्षारोपण हेतु आवंटित किए गए लक्ष्य को पूर्ण किए जाने के संबंध में समस्त अधिकारी गणों को वृक्षारोपण हेतु स्थल का चिन्हांकन कर उसकी सूचना उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा करते हुए दिए गए प्रारूप पर सूचना शीघ्र उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गई। इस दौरान डीएफओ, डीडीओ, डीसी मनरेगा, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उपायुक्त उद्योग, उप कृषि निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला प्रवेशन अधिकारी सहित अन्य सभी संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## छात्राओं ने जिलाधिकारी से मिलकर लिया बेहतर शिक्षा का सुझाव



**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय क्षेत्र के यशोदा देवी बालिका इण्टर कॉलेज नरेश जी पुरम घाँटी के छात्राओं ने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल से शिष्टाचार मुलाकात अपने विद्यालय के संचालक एवम भाजपा नेता प्रवीण कुमार राय के साथ जिलाधिकारी को श्रीराम की मूर्ति एवम बुके देकर किया। जिस दौरान जिलाधिकारी ने वर्ष 2025 की परीक्षा में सफलता पाने के लिए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए छात्राओं को बेहतर शिक्षा का दिया सुझाव सुझाव जिलाधिकारी ने छात्राओं को मुलाकात के दौरान कहा कि व्यक्ति का विकास शिक्षा से सम्भव है शिक्षित व्यक्ति समाज का दर्पण होता है। समाज मे हर चीज का बटवारा हो सकता है परन्तु शिक्षा का बटवारा नही हो सकता। बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप लोग कड़ी मेहनत कर देश को आगे बढ़ाये। अन्त में उन्होंने बालिकाओं को अच्छे नम्बरों से आगामी होने वाले बोर्ड परीक्षाओं में सफल होने और अपने विद्यालय का नाम रोशन करने की अपील की जिस दौरान विद्यालय के संचालक प्रवीण कुमार राय एवम सहायक प्रधानाचार्य प्रकाश द्विवेदी जितेन्द्र कुमार गोंड जयप्रकाश गुप्ता सृष्टि श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहें।

## 4 मोटरसाइकिलों को बरामद कर 05 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**देवरिया ।** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जनपद में शांति/सुरक्षा/कानून व्यवस्था को सुदृढ़ तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना बनाये रखने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) सुनील कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में चेकिंग के दौरान थाना बरहज पुलिस द्वारा स्टंटबाजी करने वाले वाहनों को चिन्हित करते हुए 04 मोटरसाइकिलों को बरामद कर 05 अभियुक्तों पप्पू यादव पुत्र दर्शन यादव निवासी जोगिया थाना मदनपुर जनपद, अमित कुमार यादव पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी कृतपुरा थाना रूद्रपुर जनपद, निखिल कुमार पुत्र शैलेश प्रसाद निवासी करजहा थाना बरहज जनपद, अंकित कुमार गौतम पुत्र धर्मेन्द्र गौतम निवासी करजहा थाना बरहज तथा राज मिश्रा पुत्र अर्जुन मिश्रा निवासी डुमरी थाना भलुअनी जनपद देवरिया को गिरफ्तार करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है । विदित हो कि इन दिनों युवा मोटरसाइकिल चालकों में सड़कों पर बढ़ती स्टंटबाजी के शौक से लोंगों में दहशत बढ़ रही है। बुलेट मोटरसाइकिलों में पटाखे जैसी आवाज से लोग अलग परेशान हो रहे हैं।

## प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के मद्देनजर निरीक्षण



**कुशीनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा शुक्रवार को राजकीय बालिका विद्यालय पडरौना में हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं हेतु डबल लॉक में रखे गए प्रश्नपत्रों का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण दौरान कैमरा, लाईट की व्यवस्था, कितने प्रश्नपत्रों के बंडल आए और कितने आने बाकी हैं, सुरक्षा व्यवस्था आदि का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित से जानकारी ली गई। निरीक्षण दौरान निर्देशित किया गया कि सुरक्षा व्यवस्था में चूक किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं होंगे।

उन्होंने परियोजना निदेशक जगदीश त्रिपाठी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को शासन द्वारा निर्गत गाइड लाइन अनुरूप सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए। इसी क्रम में विद्यालय भवन का निरीक्षण भी किया गया, जिसके अंतर्गत टूटी हुई बाउंड्री वाल, विद्यालय कैंपस में चल रहे निर्माण कार्यों की भी जानकारी लेते हुए विद्याल का मरम्मत कराने सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान विद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं/अध्यापकों आदि की भी जानकारी ली गई। इस दौरान परियोजना निदेशक सहित जिला विद्यालय निरीक्षक एवं विद्यालय के शिक्षक, सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित रहे।

## एसपी ने ने ली साप्ताहिक परेड की सलामी, किया निरीक्षण



***देवरिया।*** पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाया। पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने व अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के रख-रखाव व क्रियाशीलता का अभ्यास कराया गया व सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। परेड में पुलिस लाईन का पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। तत्पश्चात एसपी ने क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी आदि का निरीक्षण किया। यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई व समुचित देखरेख व कुशल संचालन हेतु निर्देश दिया। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। समस्त रजिस्टर्स/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया। पुलिस लाइन में स्थित पुलिस कैन्टीन का निरीक्षण किया एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही एसपी के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों पर शुक्रवार की परेड के आयोजन किया गया। परेड में सम्मिलित जवानों को शारीरिक व मानसिक रुप से फिट रहने के लिए लगवाई गई दौड़, अनुशासन व एकरुपता बनाए रखने के लिए कराया गया टोलीवार ड्रील हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## शादी का कार्ड बांटने निकले शख्स की सड़क दुर्घटना में मौत

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहियां गांव के समीप शुक्रवार को दोपहर अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार जटहा बाजार क्षेत्र के कटाई भरपुरवा गांव के मझरहा टोला निवासी 40 वर्षीय रियाजुद्दीन पुत्र हाफिज शुक्रवार को दोपहर बाइक से शादी कार्ड बांटने निकला था, बसहिया चौराहे सामने किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को ठोकर मार दी। जिससे मौके पर ही रियाजुद्दीन की मौत हो गई। इस संबंध में कोतवाल रबि राय ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा है। घरवालों की तहरीर पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कराने के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## पुलवामा मे शहीद विजय मौर्या को याद कर लोगो की नम हुई आंखे

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम छपिया जयदेव का लाल का आतंकी हमले मे शहीद हो गया था। शहीद के 6पुण्यतिथि पर एन एस एस स्कूल भटनी के छात्रो छपिया जयदेव प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूल के छात्रो ने रैली निकाल कर अमर शहीद के नारो से शहीद स्थल छपिया का शहीद स्थल गुँज उठा। शहीद स्थल पहुँचकर छात्र छात्राओं शिक्षक व क्षेत्रीय लोगो ने शहीद विजय कुमार मौर्या के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रध्दांजलि अर्पित किया ज्ञातब्य है कि पुलवामा मे आतंकी हमले मे 1919 मे विजय मौर्या अपने सी आर पी एफ के जवानों के साथ शहीद हो गये थे पुण्यतिथि पर चंदौली मे तैनात सी आर पी एफ के उपनिरीक्षक हवलदार यादव शहीद के पिता रमायनसिंह पत्नी विजयलक्ष्मी गौतम को स्कूली बच्चे शहीद के प्रतिमा पर पुष्प गुच्छ अर्पित किया वही पर्यावरण प्रहरी शत्रुघ्न गुप्त पौधा भेंट किया। अनुज श्रीवास्तव टार्जन यादव बबलू कुशवाहा सीमा यादव विजय कुमार सोनी तिवारी मनोज अवधेश कुमार दुर्गेश कुमार प्रेमचन्द्र सिंह कुसुम सिंह सूरज कुमार सहित क्षेत्र के लोगो ने शहीद को याद किया।

## जिले भर में पुलिस ने चलाया बैंक चेकिंग अभियान

**देवरिया।** सभी थाना प्रभारियों /थानाध्यक्ष द्वारा बैंक, ग्राहक सेवा केन्द्र, एटीएम, पेट्रोल पम्प आदि की अभियान के तहत की गयी चेकिंग की गई। सभी थानों द्वारा अपने अपने थाना क्षेत्र में पड़ने वाले बैंक के साथ-साथ एटीएम एवं ग्राहक -सेवा केंद्र तथा पेट्रोल पंप की भी चेकिंग की गयी। पुलिस अधीक्षक ने समस्त थाना प्रभारियों/थानाध्यक्षों को आदेशित किया कि जिले के विभिन्न बैंकों, ग्राहक सेवा केंद्रों, ए.टी.एम. और पेट्रोल पंपों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जाए। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों पर अपराधों की रोकथाम, कानून व्यवस्था को बनाए रखना, और नागरिकों के बीच सुरक्षा का अहसास बढ़ाना। अभियान के तहत सभी थानों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंक, ए.टी.एम. और ग्राहक सेवा केंद्रों के साथ-साथ पेट्रोल पंपों की चेकिंग की गई। अभियान में पुलिस ने विशेष ध्यान केंद्रित किया कि बैंक और ए.टी.एम. के आसपास किसी प्रकार की असामाजिक गतिविधियाँ न हों। इसके साथ ही बैंक परिसर में सुरक्षा गार्ड्स और सीसीटीवी कैमरों ठीक से कार्य कर रहे है। देवरिया पुलिस ने इस अभियान में विशेष रूप से स्थानीय लोगों को सहयोग देने के लिए प्रेरित किया और उन्हें विश्वास दिलाया कि पुलिस प्रशासन उनकी सुरक्षा के लिए लगातार काम कर रहा है ।

## बोलेरो की ठोकर से बाइक सवार पति की मौत, पत्नी घायल

**कुशीनगर।** जिले के खड्डा तहसील अंतर्गत ग्राम सभा भुजौली बुजुर्ग में स्वामी विवेकानंद विद्यालय के पास खड्डा की ओर से आ रही बेलेरो ने एक बाइक सवार को सामने से ठोकर मार दी। जिससे बाइक सवार पति-पत्नी में से पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार बाइक चालक ग्राम सभा रुद्लापुर बहेलिया गांव थाना खड्डा का निवासी श्यामलाल भारती उम्र लगभग 20 वर्ष अपने पत्नी के साथ घर से ससुराल जा रहा था। जैसे ही वह स्वामी विवेकानंद विद्यालय के पास पहुंचा खड्डा की ओर से आ रही बेलेरो ने सामने से ठोकर मार दी। जिसमें मौके पर ही श्यामलाल भारती की मौत हो गई। दुर्घटना के बाद बेलेरो चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया। दुर्घटना के बाद पति के शव व घायल पत्नी को को राहगिरो द्वारा एंबुलेंस बुला करके अस्पताल भेजवाया।

# थाने में बंद गाड़ी का फिटनेस देने का आरआई पर लगा आरोप

**कुशीनगर।** जनपद के संभागीय निरीक्षण प्राविधिक अधिकारी आरडी प्रसाद वर्मा की कारस्तानी विभागीय गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसा-ए-सरेआम है कि थाने में बंद गाडियों का फिटनेस आरआई अपने

**शिकायतकर्ता के शिकायत पर संभागीय परिवहन अधिकारी गोरखपुर ने शुरू की जांच**

कक्ष मे बैठकर ही दे देते है। इनके क्रिया-कलापों की शिकायत आदित्य श्रीवास्तव ने गोरखपुर के संभागीय परिवहन अधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर की है जिसको गंभीरता से लेते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी रामवृक्ष सोनकर ने जांच शुरू करा दी है इसको कुशीनगर एआरटीओ कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है।

संभागीय परिवहन अधिकारी गोरखपुर को भेजे शिकायती पत्र में आदित्य श्रीवास्तव ने कहा कि उप सम्भाग कुशीनगर में केवल एक ही एआरटीओ है जो अक्सर वाहन चेकिंग में सड़क पर रहते हैं कार्यालय में सम्भागीय निरीक्षक प्राविधिक आरडी प्रसाद वर्मा ही अधिकारी के अभाव में समस्त कार्यों का सम्पादन करते हैं बदले में कुशीनगर के गरीब जनता का शोषण करते हैं हर कार्यों में कोई न कोई कमी दिखा कर अपने द्वारा रखे बाहरी व्यक्तियों से वसूली करवाते हैं। आदित्य ने यह भी आरोप लगाया है कि आरआई श्री वर्मा धन वसूली करवाते समय यह भी भूल जाते हैं वाहन थाने में बन्द है या फिर उनके सामने खडी है, मोटी रकम लेकर साहब कोई भी इनलिगल कार्य करने से परहेज नही करते है। हर बर्ष 2024 में इनके द्वारा एक कानून विरोधी कार्य करने का मामला प्रकाश में आया है एक निजी एम्बुलेंस वाहन का फिटनेश का एप्रूवल तब किया गया जब वह एम्बुलेंस देवरिया जनपद के थाने में बन्द थी। शिकायतकर्ता ने अपने पत्र में कहा है कि यूपी 57टी 3598 जो एक निजी एम्बुलेंस वाहन है। दिनांक 8 जुलाई - 2024 को समस्त औपचारिकता पूर्ण कर पत्रावली अग्रिम कार्यवाही के लिए सम्भागीय निरीक्षण के पास गई लेकिन 1 माह 7 दिन तक फिटनेस का अप्रूबल नहीं हुआ किन्तु मोटी रकम लेने के बाद आरआई ने आनन फानन में 14 जुलाई 24 को उस एम्बुलेंस का फिटनेस अप्रूबल दे दिया जबकि उस समय वह एम्बुलेंस देवरिया जनपद के थाने में बंद थी। आदित्य श्रीवास्तव ने अपने शिकायत में आरआई आरडी प्रसाद वर्मा के खिलाफ तमाम आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। आदित्य की शिकायत को संभागीय परिवहन अधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है इसको लेकर कुशीनगर एआरटीओ कार्यालय में हड़कंप मचा हुआ है।

## पुलवामा के शहीदों का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तानः पवन मिश्र



**देवरिया।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा पुलवामा आतंकी हमले की बरसी पर रामलीला मैदान स्थित शहीद स्मारक पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में किसान मोर्चा पदाधिकारियो ने शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि कर हमले में शहीद हुए अमर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर उपस्थित किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए अमर जवानों को पूरा देश नमन कर रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए अमर जवानों की शहादत को सदैव याद रखेगी और देश के प्रति उनके शहादत और साहस को याद रखेगी। पूर्व मीडिया प्रभारी अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को देश युगों-युगों तक याद रखेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण कुमार मिश्र, विजय कुशवाहा, डॉ विनोद पाण्डेय, राजू सिंह, शुभम त्रिपाठी, धनजी वर्मा, राहुल कुमार उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया पार्क का निरीक्षण



**देवरिया।** वेलेन्टाइन डे के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में उपस्थित लोगों से संवाद किया गया तथा उन्हें शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की गई। पार्क में गश्त कर रही पुलिस टीम को सतर्क रहने और संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही, एंटी रोमियो स्क्वायड को सक्रिय रहकर महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। साथ ही डाग स्क्वायड टीम द्वारा संदिग्ध स्थानों की जाँच भी की गयी। इस दौरान पार्क में आने वाले युवाओं को अनुशासन में रहने तथा किसी भी प्रकार की अशांति या अभद्रता से बचने की सलाह दी गई। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरों की जाँच की गई और संबंधित कर्मियों को किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को देने के निर्देश दिए गए। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर संजय कुमार रेड्डी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली दिलीप कुमार सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री विजय राज सिंह, महिला थाना प्रभारी उ0नि0 सुश्री कुमुद सिंह मय पुलिस टीम तथा डाग स्क्वायड टीम मु0आ0 रामानन्द यादव व आरक्षी सत्यप्रकाश यादव व थानें की पुलिस टीम मौजूद रहे ।

## बुद्ध का दर्शन कर अभिभूत हुए श्रद्धालु, किया पूजन अर्चन



**कुशीनगर।** माघी अमौस्या के पावन अवसर पर जर्मनी में व्यवसाय करने वाले थाई श्रद्धालुओं का 48 सदस्यीय दल कुशीनगर पहुंचा और तथागत भगवान बुद्ध का विधि विधान से पूजन अर्चन कर अभिभूत हुए और चीवर चढ़ाकर विश्व की शांति की कामना की। शुक्रवार को जर्मनी में व्यवसाय करने वाले थाई नागरिकों ने मुख्य मंदिर में बुद्ध की निर्वाण मुद्रा में लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और पूरी श्रद्धा से पूजन की, माथा कुंवर मंदिर में बुद्ध के अंतिम उपदेश मुद्रा का दर्शन किया और बुद्ध के अंतिम संस्कार स्थल रामा भार स्तूप मुकुट बंधन चैत्य में विधि विधान से पूजन किया। परिक्रमा की और धम्म पाठ किया व भिक्षुओं को दान दिया। यह दल 10 फरवरी को जर्मनी से मुंबई पहुंचा और पटना, बोधगया, राजगीर होते हुए कुशीनगर पहुंचा। यहां से दल श्रावस्ती, सारनाथ, बनारस पहुंचेगा और 18 फरवरी को जर्मनी रवाना हो जायेगा। इस दौरान अचान डिस्क, प्रखरू सूथामथामतावॉचाई, सरोचा कटासिला, मोई मोइ, हुआ, वापेन, जोंबी आदि सहित पर्यटक गाइड/ समाजसेवी, मनोज कुमार प्रजापति, नालंदा के गाइड अजीत कुमारमौजूद थे।

# डीपीआरओ ने दिया पडरी के ग्राम प्रधान और तत्कालीन सचिवों को खिलाफ मुकदमा दर्ज करने का आदेश

### गांव के नूर मोहब्बत ने जिलाधिकारी को शपथ-पत्र देकर किया था शिकायत

**कुशीनगर।** जनपद के रामकोला विकास खंड क्षेत्र के पडरी गांव में ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी की मिलीभगत से गबन किये गये तकरीबन 11 लाख रुपये के मामले मे डीपीआरओ ने दोषियो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराने आदेश जारी किया। कहना ना होगा कि गांव के नूर मोहब्बत द्वारा जिलाधिकारी से किये गये शिकायत के बाद जब मीडिया ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद पंचायती राज के विभाग-ए- हुक्मरान हरकत में आए और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को फरमान जारी करते हुए ग्राम प्रधान गीता कुशवाहा सहित तत्कालीन सेक्रटरी धर्मेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव एवं आशुतोष सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराकर एफआईआर की प्रति कार्यालय मे उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

बतादे कि जिलाधिकारी को दिए गए शपथपत्र में शिकायतकर्ता नूर मोहम्मद ने कहा है कि केंद्रीय वित्त एवं राज्य वित्त द्वारा निर्माण करायी गयी ह्यूम पाईप नाली निर्माण, सफाई किट, आंगनबाड़ी केन्द्र पर बर्तन खरीददारी, दिव्यांग शौचालय का निर्माण, हैण्ड पंप मरम्मत कार्य, हेण्डपंप रिबोर और स्कूल में डेस्क ब्रेंच की खरीदारी के मद में सिर्फ स्वास्तिक एसोशिएट फर्म के खाते में 9 लाख 29 हजार रुपये भुगतान किया गया है। इसके अलावा गांव में न तो नाली निर्माण हुआ है, न ही साफ सफाई के लिए कोई किट की खरीदारी की गई है। इतना ही नही हैण्ड पम्प मरम्मत और हैण्ड पम्प रिबोर भी नही कराया गया है । बावजूद इन सभी मद से प्रधान गीता कुशवाहा व तत्कालीन सेक्रेटरी राजेश यादव ने फर्जी बिल-बाउचर बनाकर लाखो रुपये बंदरबांट कर लिया है। इसी तरह प्रशासनिक मद में फर्जी बिल लगाकर और डेस्क ब्रेंच की खरीददारी में मनमाने धनराशि का भुगतान किया गया है। गबन के इस मामले को मीडिया ने प्रमुखता से उठाया इसके बाद डीपीआरओ ने पत्रांक/ पंचायत-7/ शि०प०/2024-2025/दिनांक 13/02/2025 को सहायक विकास अधिकारी (पं०) को जारी किये गये पत्र में डीएम के पत्रों का हवाला देते हुए तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश कुमार यादव, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, धर्मेन्द्र यादव एंव तत्कालीन

ग्राम पंचायत अधिकारी आशुतोष सिंह विकास खण्ड रामकोला के खिलाफ शासनादेश संख्या-06/2017/2325/33-1-2017-1988/17 दिनांक 01 दिसम्बर, 2017 में दिए गऐ निदेर्शों के अनुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कराकर नकल की प्रतिलिपि अधोहस्ताक्षरी को सात दिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

## आवास खाली कराने के लिये स्टाफ नर्स को थमाया नोटिस

**सोहावल-अयोध्या।** लगभग तीन माह पहले सी एच सी सोहावल से स्थानांतरित कर तारुन भेजी गई संविदा स्टाफ नर्स पुष्पा पाल पर अनियमित तरीके से स्वास्थ्य केंद्र पर आवास कब्जा कर अपने पास रखने का आरोप लगा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर प्रेमचंद ने स्टाफ नर्स को आवास खाली करने के लिए तीन दिनों का अल्टीमेटम भेजा है। साथ ही आवास सुविधा लेने को अनाधिकृत मानते हुए 3000 रुपया मासिक की दर से किराया जमा कर रसीद जमा करने का निर्देश दिया है। ऐसा न करने पर आवास का ताला तोड़ कर खाली कराया जायेगा। 11 फरवरी को जारी नोटिस की पुष्टि करते हुए केन्द्र प्रभारी ने बताया स्टाफ नर्स का आवास कब्जा अनियमित और अनाधिकृत है।

## साइबर गैंग का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार



**कुशीनगर।** जिले की रामकोला पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम द्वारा थाना रामकोला क्षेत्र से पांच संगठित साइबर गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि इनके पास से नगद सहित अपराध से अर्जित लगभग 11 लाख रुपए के कीमत के सामान बरामद हुई है।

पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पांच संगठित साइबर गिरोह के अपराधियों में संदीप गुप्ता पुत्र स्व0 अछैवर गुप्ता ग्राम परोरहा डम्मर छपरा थाना रामकोला, मंयक कुशवाहा पुत्र राजेश कुशवाहा निवासी ग्राम उर्दहा नं0 02 थाना रामकोला, सन्नी गुप्ता पुत्र जंग बहादुर गुप्ता निवासी ग्राम परोरहा डम्मर छपरा थाना रामकोला, विकास कुमार पुत्र शंकर गुप्ता निवासी ग्राम उर्दहा नं0 02 थाना रामकोला व एक अन्य बाल अपचारी शामिल है। पुलिस ने इनके कब्जे से साइबर फ्राड से अर्जित 1 लाख 12 हजार रुपये नगद, एक चार पहिया वाहन स्विफ्ट डिजायर, अपराध में प्रयुक्त 06 मोबाइल फोन, 03 लैपटाप व 12 अदद सिम कार्ड व 26 फर्जी आधार कार्ड की बरामदगी की गयी है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर थाना रामकोला पर मु0अ0सं0 62/25 धारा 111(2)(इ), 318(4)/61(2) बीएनएस व 66 डी आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही में जुटी हुई है। पुलिस अधीक्षक ने साइबर गैंग को गिरफ्तार करने वाले टीम को 25 हजार के ईनाम से पुरस्कृत किया है।

संक्षेप

## समाधान दिवस आज सुनीं जायेंगी समस्याएं

उन्नाव। जानकारी दी है कि 15 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील बीघापुर में होगा, जिसमें समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार तहसील सदर में मुख्य विकास अधिकारी, तहसील सफीपुर में अपर जिलाधिकारी (वि०रा०), तहसील बॉगरमऊ में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), तहसील हसनगंज एवं पुरवा में संबंधित उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यदि किसी भी जनपदवासी को किसी भी प्रकार की समस्या या शिकायत है, तो वह सम्बन्धित तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर अपनी शिकायत का निराकरण करा सकता है।

## बातचीत के बाद अनशन स्थगित

उन्नाव। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं कार्य- व्यवहार के विरुद्ध माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा 13 फरवरी से क्रमिक अनशन प्रारंभ किया गया था। 14 फरवरी को संगठन शक्ति के समक्ष जिला विद्यालय निरीक्षक को वार्ता करने को मजबूर होना पड़ा। जिन बिंदुओं का मांग पत्र दिया गया था उन पर राज बहादुर सिंह चंदेल विधायक एवं प्रादेशिक मंत्री रमाशंकर मिश्र मुन्ना के नेतृत्व में, अनशन स्थान पर ही जिला विद्यालय निरीक्षक से संगठन के पदाधिकारियों की वार्ता बैठक हुई। जिला विद्यालय निरीक्षक को दिए गए मांग पत्र पर शीघ्र निस्तारण करने पर सहमति बनी जिसके फल स्वरुप अनशन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

## हर्ष फायरिंग का केस दर्ज

नैमिषारण्य /सीतापुर। थाना इलाके के झरिया फूलपुर गांव निवासी पंकज कुमार पुत्र सतनाम ने नैमिषारण्य थाने में गांव के निवासी सत्यपाल पुत्र स्वर्गीय सिरदार शिव पूजन पुत्र स्वर्गीय सिरदार और रजनीकांत पुत्र सत्यपाल के खिलाफ तहरीर दी। आरोप लगाया कि गत 6 फरवरी को इन लोगों ने अपनी भतीजी की शादी में जमकर हर्ष फायरिंग की। हर्ष फायरिंग कर दहशत फैलाई। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। हर्ष फायरिंग का विरोध करने पर विरोधियों ने पंकज कुमार पुत्र सतनाम को धमकाया। इस शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई और पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है की घटना की जांच की जा रही है।

## छप्पर में आग लगने से एक मवेशी की मौत

सीतापुर। पिसावां थानाक्षेत्र के अंतर्गत बीती रात्रि एक गांव के छप्पर में अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आकर एक मवेशी की मौत हो गयी जब कि चार मवेशी बुरी तरह से झुलस गए। आग के कारण हजारों की गृहस्थी भी जल कर खाक हो गई। पीड़ित ने एक व्यक्ति पर आरोप लगाते हुये थाने पर तहरीर है। थानाक्षेत्र के फदार्पुर गांव निवासी राजाराम पुत्र सुंदर के मकान के निकट स्थित छप्पर में बीती रात अचानक आग लग गई। जिसके कारण छप्पर के नीचे बंधी एक भैस की मौके पर ही मौत हो गयी जब कि दो भैंस और दो बैल गंभीर रूप से झुलस गए। आग की चपेट में आकर बिस्तर सहित करीब चालीस हजार की गृहस्थी भी जलकर खाक हो गई। मौके पर पहुंची दमकल टीम व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। गृहस्वामी ने गांव निवासी एक व्यक्ति पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। उसने बताया कि जिस भैस की मौत हुयी है उसकी कीमत करीब पचास हजार की है। थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल कर कार्रवाई की जाए।

# 2047 तक पूर्ण विकिसित होगा भारत : मयंकेश्वर शरण




सीतापुर। जनपद के दिवसीय भ्रमण फर आये प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कहा. साथ ही कहा कि 2047 तक देश विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो जाएगा। जिले में शुक्रवार को कलेक्ट्ट सभागार मे आयोजित सैम बच्चो को पोषण किट वितरण कार्यक्रम में सैम बच्चो को कुपोषण मुक्त किये जाने के उद्देश्य से पोषण किट वितरित करते हुये सैम बच्चो के परिजनों को बच्चो के खान पान के सम्बंध मे बताया।

कार्यक्रम मे प्रभारी मन्त्री ने जनपद के 19 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे

**● प्रभारी मंत्री ने अति कुपोषित बच्चों को बांटी किट**

नवनिर्मित कंगारू वार्ड का वर्चुअल लोकार्पण किया। इसके सात ही 52 गांवो मे ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई हाईटेक लाइब्रेरी का भी बर्चुअल लोकार्पण किया। साथ ही मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के अंतर्गत एक लाभार्थी को शादी अनुदान योजना के अंतर्गत एक लाख एक हजार रूपय की अनुदान राशि का चेक भी वितरित किया।.साथ ही प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के अन्तर्गत तीन लाभार्थियों को स्वीकृति धनराशि का चेक भी वितरित किया।

## लापरवाही बरतने वालों पर होगी कार्रवाईः प्रभारी मंत्री




जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। प्रभारी मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक भी हुई. मंत्री ने शासन द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लाभार्थीपरक योजनाओं का पूर्ण लाभ जनता को मिले. निर्माण कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूर्ण किए जाने के निर्देश भी प्रभारी मंत्री ने दिए. कहा कि सड़क निर्माण और खराब ट्रासफार्मर निर्धारित समयावधि मे बदलवाये जाये तथा गीष्म ऋतु के द्रष्टिगत विद्युत की मांग के अनुसार आपूर्ति हेतू समुचित प्रबंध किये जाये तथा जनपद मे संचालित निर्माण कार्यो और शिकायतो से संबंधित लम्बित कार्यों की प्रगति की नियमित रूप से मानीटरिंग की जाए।

लापरवाही पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही, नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, विधायक मिश्रिख रामकृष्ण भार्गव, विधायक सेवता ज्ञान तिवारी, विधायक महोली शशांक त्रिवेदी, विधायक महमूदाबाद आशा मौर्य, विधायक सिधौली मनीष रावत, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## विधवा महिला से दरिंदगी, तनाव के चलते गांव में पुलिस बल तैनात

सीतापुर। जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में एक विधवा महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म की दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। गांव के ही तीन युवकों ने घर में घुसकर न सिर्फ युवती को बंधक बनाया, बल्कि बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए उसके होंठ भी काट दिए। घटना के बाद आरोपी महिला को लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। महिला को बंधक बनाया, बल्कि बर्बरता की सारी हदें पार करते हुए उसके होंठ भी काट दिए। घटना के बाद आरोपी महिला को लहूलुहान हालत में छोड़कर फरार हो गए। आरोपियों की पहचान आरिफ, किताबू और कादिर के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। घायल युवती को गंभीर हालत में सीएचसी बिसवा में भर्ती कराया, लेकिन स्थिति बिगड़ने पर उसे जिला महिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है। घटना के बाद पुलिस बल तैनात है। अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की गहन जांच की जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार ने बताया पीड़िता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने के कारण क्षेत्र में तनाव की स्थिति को देखते हुए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।



## एसपी चक्रेश मिश्रा ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

सीतापुर। शुक्रवार को एसपी चक्रेश मिश्रा ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी लेने के साथ परेड का निरीक्षण करते हुए पुलिसकर्मियों को साफ सुथरी वर्दी पहनने को कहा। साथ ही पुलिस कर्मियों से विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की हैंडलिंग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड निरीक्षण के उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्द,



परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, यूपी 112 पीआरवी, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर आदि का निरीक्षण किया। तत्पश्चात आदेश कक्ष में अर्दली रूम के दौरान संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर्स/ अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी जेटीसीध्आरटीसी के परिपेक्ष्य में मूलभूत सुविधाओंध्व्यवस्थापन हेतु बैरकों एवम् साफ सफाई आदि निरीक्षण कर आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा, जेटीसी प्रभारी उनि शंभू यादव आदि मौजूद रहे।

# जीवन में अनुशासन की आदत से मिल जाती है बेहतर शिक्षा की राह : जिला जज



महमूदाबाद/सीतापुर। जीवन में किया गया कठिन परिश्रम कभी भी पीछे मुड़कर देखने का अवसर नहीं देता। अगर हमने छात्र जीवन में आराम किया तो आने वाला कल कष्टदाई होगा। यदि जीवन में अनुशासन की आदत है तो बेहतर शिक्षा की राह मिल जाती है। आप सब के लिए भी यह गौरव की बात है कि आप सब उस विद्यालय के छात्र है जो प्रदेश का सिरमौर रहा है।

सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के शास्त्री सभागार में विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में आए जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना ने उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य का निर्धारण बहुत जरूरी है। विद्यार्थियों को जीवन में सदैव बड़े लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए और उनकी प्राप्ति हेतु निरंतर कठिन परिश्रम करना चाहिए। यह हमारा सौभाग्य है कि इस छोटे से कस्बे में आकर मुझे इस विद्यालय के प्रदेश में टॉप करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने का सौभाग्य मिला है। सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी विरल, डिप्टी चेयरमैन वागीश दिनकर वाजपेयी, जूनियर वर्ग प्रिंसिपल अनंत रत्नम वाजपेयी, वाइस प्रिंसिपल यशपाल वर्मा, आरजे वर्मा, अवनीश अवस्थी, सांस्कृतिक प्रमुख प्रतिभा सिंह के साथ 2023 हाईस्कूल की यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी एवं 2024 की यूपी टॉपर प्राची निगम ने मुख्य अतिथि सहित विशिष्ट अतिथियों अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम ज्ञान प्रकाश, अपर जिला सत्र एवं न्यायाधीश पॉक्सो कोर्ट भगीरथ वर्मा, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, सीजेएम सीतापुर गौरव प्रकाश, सिविल जज महमूदाबाद रंजीत जायसवाल, उपजिलाधिकारी महमूदाबाद बीके सिंह, पुलिस उपाधीक्षक महमूदाबाद वेद प्रकाश श्रीवास्तव का स्वागत बैज अलंकरण, माल्यार्पण, अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर किया। संचालन अधिवक्ता भूपेंद्र दीक्षित व आभार प्रदर्शन कॉलेज के चेयरमैन आरके वाजपेयी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा यूपी टॉपर प्रियांशी सोनी, प्राची निगम सहित प्री बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना स्थान प्राप्त करने वाले मेधावियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## पुलवामा शहीदों को शत-शत नमन लिख पुष्पार्चन कर दी श्रद्धांजलि




महमूदाबाद/सीतापुर। जम्मू कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को सीआरपीएफ के जवानों पर हुए आतंकी हमले में शहीद भारत मां के 40 वीर सपूतों की शहादत को लेकर नगर क्षेत्र के स्कूल-कालेजों व स्वयंसेवी संगठनों ने शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुये नमन किया।

पुलवामा में शहीद हुये जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के बच्चों ने पुलवामा शहीदों को शत-शत नमनह्य लिखकर पुष्पार्चन करते हुये श्रद्धांजली दी। पुलवामा के शहीद हुये जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए कॉलेज के डिप्टी मैनेजर वागीश दिनकर द्वारा भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया गया। संस्था के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किये। संस्था के चेयरमैन आरके वाजपेयी, डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष, जूनियर वर्ग के प्रधानाचार्य अनन्त रत्नम, उप प्रधानाचार्य एसआर वर्मा, नीरज वर्मा, विजय वर्मा, आदर्श जायसवाल, रवि शुक्ल, अवनीश अवस्थी, बरखा जायसवाल, उमेश यादव, अजय सिंह, निधि गुप्ता सहित अन्य शिक्षकों व विद्यार्थियों ने भी शहीद जवानों के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## गांव-गांव जाकर सपा पीडीए पंचायत का कर रही आयोजन

पाटन, उन्नाव। पीडीए पंचायतों से विधानसभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में जबरदस्त उत्साह दिखायी पड रहा है। अंकित परिहार की मुहिम से क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के प्रति जोरदार विश्वास दिख रहा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेशानुसार विधान सभा क्षेत्र 166 भगवंतनगर में प्रति दिन निरंतर गांव-गांव में अभियान की तरह पीडीए पंचायतों के माध्यम से जन




संवाद का क्रम जारी है। पीडीए पंचायत का आयोजन सुमेरपुर ब्लाक के गांव पनई खुर्द में किया गया। पीडीए पंचायत को समाजवादी पार्टी की राष्ट्रीय सचिव, पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने संबोधित करते हुए विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर में समाजवादी पार्टी की पीडीए पंचायत मुहिम को गति प्रदान की। विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के नेतृत्व में गांव गांव में पीडीए पंचायतों की मुहिम से समाजवादी पार्टी के प्रति जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

## हत्यारोपी पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार



सीतापुर। कोतवाली नगर इलाके के मोहल्ला पूर्णागिरि नगर में उषा देवी की उसके ही पुत्र कपिल अवस्थी ने गुरुवार को फावड़े से कटकर हत्या कर दी थी। हत्या करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ आलाकत्ल फावड़ा बरामद किया है।

पुलिस का कहना है कि आरोपी कपिल परिवार की उपेक्षा से परेशान था। मां के द्वारा उसे घर से अलग किया जा रहा था, जिसकी वजह से वह नाराज रहता था। इसी वजह से उसने अपनी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने कपिल अवस्थी को न्यायालय में पेश किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

# मजदूरी व भुगतान को लेकर ब्लॉक का किया घेराव

सीतापुर। शुक्रवार संगतिन किसान मजदूर संगठन के बैनर तले करीब चालिस गावों के सैकड़ों मजदूरों ने मनरेगा के अंतर्गत बकाया मजदूरी व काम ना मिलने को लेकर रैलीं निकालकर ब्लाक कार्यालय का घेराव किया।

खंड विकास अधिकारी की नामौजूदगी मे एपिओ ने मजदूरों को अस्वासन देते हुये शान्त कराया। जिसके बाद मजदूर वापस चले गये। शुक्रवार को पिसावां ब्लाक पर मजदूरों का प्रतिनिधित्व कर रही संगतिन किसान मजदूर संगठन की रामबेटी ने बताया कि मनरेगा कानून के अनुसार डिमांड करने के चैदह दिन के अंदर काम मिलना चाहिये और काम पूरा होने के चैदह दिन मे मजदूरी का भुगतान होना चाहिये एक वर्ष मे सौ दिन का काम मिलने का नियम है। लगातार काम की मांग करने के बावजूद सौ दिन का काम दूर की बात है।




काफी संख्या मे मजदूरों के जाब कार्ड ही नही है कुछ जाब कार्ड डिलीट कर दिए गये हैं कुछ जाबकार्ड बनाये भी गये जो नाकाफी हैं। उन्होंने बताया कि उनतीस नवंबर से बकाया मजदूरी का भुगतान नही हुआ। निरंतर मांग के बावजूद समय से मजदूरी व भुगतान ना होना मनरेगा एक्ट का उल्लंघन है बीडिओ अमित यादव के मौजूद ना होने पर एपिओ रामशंकर ने अस्वाशन देकर सभी मजदूरों को शान्त कराते हुये कहा केंद्र सरकार द्वारा बकाया मजदूरी रिलीज हो गयी है बहुत ही जल्द मजदूरी का भुगतान हो जाएगा इसके अलावा मजदूरों की दिमांड के अनुसार कई जगह काम शुरू हो गये हैं जहा रह गये है वहा बहुत ही जल्द कार्य शुरू हो जाएगा। इस मौके पर मनरेगा मजदूर सुनीता, मनोहर लाल, जगन्नाथ, सुरेंद्र कुमार, उत्तम, सहित काफी संख्या मे मनरेगा मजदूर मौजूद रहे।

# रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले ओवरब्रिज की मिली सौगात से लोगों में खुशी की लहर



महमूदाबाद/सीतापुर। लखनऊ में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने आये केंद्रीय सड़क परिवाहन व राजमार्ग मंत्री ने लखनऊ मार्ग स्थित महमूदाबाद रेलवे क्रासिंग पर 120 करोड़ की लागत से बनने वाले ओवरब्रिज की सौगात महमूदाबाद क्षेत्रवासियों को अपने उद्बोधन के दौरान दी।

इस सौगात के मिल जाने से नागरिकों को हर दिन घंटों लगने वाली भीषण जाम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। लखनऊ-महमूदाबाद मार्ग पर रेलवे समपार संख्या-32 स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर उपरिगामी सेतू बनने की स्वीकृति प्रदान की है। इस महत्वपूर्ण बड़े विकास कार्य की मांग दशकों से नागरिक कर रहे थे। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, पूर्व सांसद राजेश वर्मा, विधायक आशा मौर्या के प्रयासों से मिले उपरिगामी सेतू कर घोषणा किये जाने से क्षेत्रवासियों के साथ समाजसेवियों में खुशी की लहर दिखी। अवध क्षेत्र का ऐतिहासिक नगर महमूदाबाद से लखनऊ महज 50 किलोमीटर दूर है। जाम के झाम से लोगों को प्रतिदिन काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ता था। कस्बे के लखनऊ मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर सवारी व मालगाड़ियों के आवागमन से प्रतिदिन करीब हर घंटे क्रासिंग बंद होने से राहगीर काफी परेशान होते थे। यह मार्ग बाराबंकी, लखनऊ के साथ महमूदाबाद में नेशनल हाइवे 727 से जुड़ता है। पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, पूर्व सांसद राजेश वर्मा व विधायक आशा मौर्या ने काफी प्रयास करके महमूदाबाद-लखनऊ क्रासिंग पर उपरिगामी सेतू के निर्माण की सरकार से स्वीकृति कराई है। विधायक आशा मौर्या ने बताया कि लखनऊ रेलवे क्रॉसिंग पर बनने वाले उपरिगामी सेतू के लिये रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवाहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से कई बार मांग की गयी थी, जिसको शुक्रवार को लखनऊ में विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने आये केंद्रीय सड़क परिवाहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। लखनऊ रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले उपरिगामी सेतू के बन जाने से प्रतिदिन घंटों लगने वाली जाम के झाम से लोगों को निजात मिलेगी। उपरिगामी सेतू के बनने की स्वीकृति प्रदान होने पर क्षेत्र के सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, रामकुमार वर्मा, रामप्रवेश प्रजापति, बच्चा सिंह, मोहन प्रसाद बारी, कुंवर रस्तोगी, अतुल वर्मा, कमलेश राजपूत, मिथिलेश वाजपेयी सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने जनप्रतिनिधियों व सरकार को बधाई दी है।

## सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल

सीतापुर। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क दुर्घटना में दो छात्र घायल हो गए। लहरपुर-तंबौर मार्ग पर गोबरहिया पुल के पास यह हादसा उस समय हुआ, जब तीन छात्र परीक्षा देकर मोटरसाइकिल से बिना हेलमेट घर लौट रहे थे। घायल छात्रों में 17 वर्षीय अंश निगम पुत्र अशोक निगम और 22 वर्षीय चमन पुत्र कौशल विश्वकर्मा शामिल हैं। जो मीरा टोला मोहल्ले के रहने वाले हैं। तंबौर से वापस आते समय एक कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीछे बैठा तीसरा छात्र बाल-बाल बच गया। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने कार को रोक लिया और 108 एंबुलेंस को सूचना दी। घायलों को तत्काल नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां अंश निगम की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार को अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पुलवामा हमले में शहीद शहीदों को किया नमन

जिला संवाददाता(vol)

उन्नाव। चौरा स्थित शहीद स्मारक में पुलवामा हमले में शहीद हुए अजीत कुमार आजाद सहित शहीद हुए 40 जवानों की याद में वीर नारी मीना गौतम द्वारा आयोजित कार्यकम में सदर विधायक पंकज गुप्ता व नर सेवा-नारायण सेवा के संस्थापक व भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने शहीद अजीत कुमार आजाद सहित पुलवामा हमले में शहीद हुए 40 जवानों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सदर विधायक पंकज गुप्ता ने कहा कि 14 फरवरी 2019 का वो दिन व तारीख जिसे देश कभी नहीं भूल सकता।

पुलवामा आतंकी हमले को भले ही 6 साल बीत गये हो लेकिन इसकी कसक और दर्द आज भी लोगो के जहन में ताजा है उन्होंने ने परिजनों की मांग पर स्मारक स्थल के अंदर फुटपाथ व कमरा बनवाने का अस्वासन दिया। विमल द्विवेदी ने कहाँ कि ये दिन भारत के इतिहास में काला दिन था इस आतंकी हमले ने भारत की आत्मा को झकझोर दिया था उन्होंने कहाँ आतंक वाद को खत्म करने में सभी दलों को एक होना चाहिए क्योकि देश की सुरक्षा के लिए अपने प्राणो की आहुति देने वाले वीर सपूतो का बलिदान व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। उन्होंने सरकार से आज के दिन को व्यक्त किये व सीआरपीएफ के इंस्पेक्टर धर्मेंद्र बहादुर सिंह व इंस्पेक्टर नन्दलाल व विमल द्विवेदी ने वीर नारी मीना गौतम व शहीद के पिता को



शहीद दिवस घोषित करने का आग्रह किया व युवाओं से आज के दिन को वेलेंटाइन डे नहीं शहीद दिवस मानाने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने भी शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया व अपने अपने विचार अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी, राकेश राजपूत, एके दीक्षित, आरके मिश्रा, शिवम आजाद, कैप्टन वीरेंद्र सिंह, केपी कुशवाहा सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार पर एक्शन

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार करते हुए एक पीसीएस अधिकारी को बर्खास्त कर दिया है जबकि दो अन्य अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है। बर्खास्त किये गये गणेश प्रसाद सिंह अपर जिलाधिकारी स्तर के अफसर थे और उन पर मुख्य राजस्व अधिकारी रहते हुए अनियमितता का आरोप था। दो अन्य निलंबित अफसरों को राजस्व परिषद से संबंद्ध कर दिया गया है। पीसीएस स्तर के तीन अफसरों पर कार्रवाई से कर्मचारियों के बीच जरूर एक संदेश जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर आर्थिक अनियमितता का कोई आरोप नहीं है और मुख्यमंत्री की छवि भी ईमानदार नेता की है। ऐसे में अगर उनके संज्ञान में भ्रष्टाचार का कोई मामला आता है, तो उस पर ऐसी ही कार्रवाई की अपेक्षा है, लेकिन भ्रष्टाचार सिर्फ एक-दो अधिकारियों तक ही सीमित नहीं है बल्कि स्थिति यह है कि कोई भी सरकारी काम बिना घूस के कराना कठिन होता है। दरअसल भ्रष्टाचार हमारी रगों में बहुत गहरे तक प्रवेश कर गया है। सरकारी सिस्टम में लगभग सडांध का रूप अख्तियार कर चुके भ्रष्टाचार को खत्म करने की बात तो खैर बहुत दूर की है, इसे कम करने के लिए भी पूरी सरकार को संकल्प के साथ प्रयास करना होगा। एक-दो अधिकारियों पर कार्रवाई मैसेजिंग के लिए तो ठीक है लेकिन इससे भ्रष्टाचार कम होगा यह सोचना नादानी होगी। प्रदेश में अस्थिर सरकारों के दौर में भ्रष्टाचार बहुत अधिक बढ़ा। जातिवादी राजनीति में इसे संरक्षण मिला। अगर पूरे नब्बे के दशक की बात करें तो विकास लगभग ठप रहा और बेरोजगारी व भ्रष्टाचार तेजी से बढ़ा। मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ ने मार्च 2017 में जबसे पदभर संभाला, तो प्रदेश के विकास के लिए ठोस प्रयास शुरू हुए। इन्वेस्टर समिट के आयोजन के साथ ही निवेश प्रस्तावों के क्रियान्वयन के प्रयास तेज हुए जिससे प्रदेश में रोजगार सृजन और विकास की गति भी तेज हुई। पहले नौकरियों में भी व्यापक स्तर पर भ्रष्टाचार था लेकिन सरकार के संकल्प के कारण आज उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष और भ्रष्टाचार रहित भर्तियां हो रही हैं। विकास की गति भी तेज हुई और अब तो प्रदेश सरकार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश सरकार ने जिस तरह कानून व्यवस्था को बेहतर करने में सफलता पायी है, निवेश बढ़ाने में व्यापक और उल्लेखनीय सफलता मिली, रोजगार सृजन और आर्थिक प्रगति तेज करने में सफल हुई, अब उसी तरह भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम छेड़ने की जरूरत है। दरअसल सरकार अपने स्तर पर भले ही कितनी पारदर्शिता, निष्पक्षता और ईमानदारी बरते लेकिन जब अधिकारियों और कर्मियों के स्तर पर बात आती है तो आम आदमी को भ्रष्टाचार से दो-चार होना पड़ता है। आम आदमी को आये दिन छोटे-छोटे कामों के लिए बिजली विभाग, लेखपाल, थाना-पुलिस, कोर्ट-कचेहरी की जरूरत पड़ती है और यहां उसे भ्रष्टाचार से दो-चार होना पड़ता है। हालात यह है कि सरकार ने ईडब्ल्यूएस सार्टिफिकेट की मान्यता एक साल कर रखी है। इससे हर साल ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने की जरूरत पड़ती है और हर बार गरीबों-बेरोजगारों को लेखपाल की जेब गर्म करनी पड़ती है। इन तमाम मुद्दों पर सरकार सुधार लागू कर भ्रष्टाचार कम कर सकती है। मसलन किसी को मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने जाने की जरूरत न पड़े। पीड़ित अपनी शिकायत मोबाइल, ऑनलाइन या जनसेवा केन्द्र से दर्ज करा सके, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र की वैधता तीन साल कर दी जाये और इसमें लेखपाल व तहसीलदार की भूमिका को सीमित कर दिया जाये। इसी तरह पीडीएस में भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए भी सुधारों को लागू किया जा सकता। सुधारों को लागू कर, सरकारी कर्मचारियों से जनता का मिलना कम करके भ्रष्टाचार कम किया जा सकता है। जैसे आयकर और पासपोर्ट में भ्रष्टाचार कम किया गया वैसे ही अन्य विभागों में भ्रष्टाचार को सीमित किया जा सकता है। बस एक संकल्प की जरूरत है और योगी आदित्यनाथ जैसी छवि के मुख्यमंत्री से जनता यही उम्मीद भी करती है।



**प्रदेश सरकार को भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी मुहिम छेड़नी चाहिए। प्रशासनिक सुधारों के जरिए इस बुराई को काफी हद तक रोका जा सकता है।**

---

### विचार

संयम और परिश्रम मनुष्य के दो सर्वोत्तम चिकित्सक हैं। परिश्रम से भूख तेज होती और संयम अति भोग से रोकता है।

-रूसो.

जब तक मन नहीं जीता जाता और राग-द्वेष शांत नहीं होते, तब तक मनुष्य इन्द्रियों का गुलाम बना रहता है।

-विनोबा भावे.

किसी भी प्रकार की गरीबी हमारा ईश्वर से उचित संबंध जोड़ देती है। जबकि मन या धन की अमीरी हमारा सबसे विच्छेद कर देती है।

-फ्रैंक कासले.

किसी से घृणा मत करो। सबको हृदय से लगाओ। घृणित वह नहीं है जिससे घृणा की जाती है किन्तु घृणित वह है जो घृणा करते हैं, क्योंकि उसके ही हृदय में घृणा भरी है।

-भगवान महावीर.

चिता मृत मनुष्य को एक ही बार जलाती है, परन्तु चिंता जीवित मनुष्य को रह रहकर जलाती है।

-चैनिंग.

# पक्के व्यापारी हैं अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप



नौशाबा परवीन

**ट्रम्प का मानना है कि अधिक टैरिफ थोपकर वह घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित करेंगे और जो अमेरिकी कम्पनियां अपनी निर्माण गतिविधियां दूसरे देशों में ले गईं थीं, वह भी अमेरिका में अपनी फैक्ट्री फिर से स्थापित करने लगेंगी। हालांकि टैरिफ युद्ध से घरेलू महंगाई बढ़ने की आशंका रहती है ग्लोबल सप्लाई चेन भी प्रभावित होगी, लेकिन विशुद्ध व्यापारी ट्रम्प ग्लोबल सप्लाई चेन के बारे में अच्छी तरह जानते हैं कि वह अमेरिका कैसे लाभ पहुंचा सकती है।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाशिंगटन में कदम रखते ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रम्प ने अपने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया, 'आज बड़ा व महत्वपूर्ण दिन है, पारस्परिक टैरिफ!' दूसरे शब्दों में ट्रम्प ने भारत के प्रधानमंत्री से अपनी मुलाकात से पहले ही अपना एजेंडा तय कर दिया था। अब देखना यह था कि ट्रम्प टैरिफ पर नई दिल्ली की प्रतिक्रिया क्या रहेगी क्योंकि उसी से ही भारत-अमेरिका के संबंध परिभाषित होने थे। बहरहाल, जब वाइट हाउस में मोदी व ट्रम्प की मुलाकात हुई तो भारत ने टैरिफ बनाम टैरिफ के जाल में फंसने की बजाय इकनोमिक डिप्लोमेसी को वरीयता दी और दोनों ने उस समझौते पर हस्ताक्षर किये जिसके तहत अब अमेरिका भारत का टॉप आयल व गैस सप्लायर बन सकता है। इस टैरिफ तनाव के बीच भारत-अमेरिका ने 2030 तक 500 बिलियन डॉलर के व्यापार सहमति के साथ ही रक्षा सहमति भी बनी है, जिसकी डिटेल बाद में तय होंगी। अमेरिका ने भारत को 'स्टेट-ऑफ-द-आर्ट फाइटर जेट्स' बेचने का भी ऑफर दिया है।



अगर गौर से देखा जाये तो मोदी की भूरि भूरि प्रशंसा करके ट्रम्प ने वह कुछ हासिल कर लिया है जो वह चाहते थे। अमेरिका का गुड्स में ग्लोबल व्यापार घाटा 1 ट्रिलियन डॉलर से अधिक है। ट्रम्प का मानना है कि अधिक टैरिफ थोपकर वह घरेलू निर्माण को प्रोत्साहित करेंगे और जो अमेरिकी कम्पनियां अपनी निर्माण गतिविधियां दूसरे देशों में ले गईं थीं, वह भी अमेरिका में अपनी फैक्ट्री फिर से स्थापित करने लगेंगी। हालांकि टैरिफ युद्ध से घरेलू महंगाई बढ़ने की आशंका रहती है और ग्लोबल सप्लाई चेन भी प्रभावित होती हैं, लेकिन विशुद्ध व्यापारी ट्रम्प ग्लोबल सप्लाई चेन के बारे में अच्छी तरह से जानते हैं कि वह अमेरिका को किस तरह से लाभ पहुंचा सकती है। दरअसल, ट्रम्प का व्यवहार इतना मूर्खतापूर्ण नहीं है जितना कि दिखायी देता है। वह अच्छी तरह से जानते हैं कि इंडो-पैसिफिक में चीन को काबू में रखने के लिए अमेरिका व भारत को एक दूसरे की जरूरत है। अमेरिकी कांग्रेस में इसके लिए द्विपक्षीय समर्थन है साथ ही दोनों देशों के बीच रक्षा संबंध भी मजबूत होते जा रहे हैं। 2007 के बाद से अमेरिका की भारत को डिफेन्स निर्यात 25 बिलियन डॉलर पार कर चुकी है।

### भारत-अमरीका संबंध

यह सिर्फ संख्या ही नहीं है बल्कि गुणवत्ता भी है। स्ट्रेटेजिक प्रोजेक्ट्स जैसे आर्म्ड प्रीडेटर ड्रोन और जेट इंजन। इसके अतिरिक्त, चूंकि भारत 114 नये मल्टी-रोल फाइटर्स भी खरीद रहा है, इसलिए ट्रम्प की नई दिल्ली में दिलचस्पी बनी हुई है। इसका अर्थ यह है कि भारत अमेरिका के संबंध टैरिफ युद्ध से बढ़कर हैं और इस बात का ख्याल दोनों नेताओं ने रखा। ट्रम्प के तथाकथित संरक्षणवाद में एक निश्चित योजनाबद्ध तरीका अन्य मामलों में भी दिखायी दे रहा है। उन्होंने फोन पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात करने के बाद कहा कि यूक्रेन को न तो अपना पूरा क्षेत्र वापस मिलेगा और न ही वह नाटो का सदस्य बनेगा। इस घोषणा के तुरंत बाद रूस के वित्तीय बाजारों में तेजी आ गई, विशेषकर इस संभावना से कि दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप की सबसे घातक जंग, जो अब चौथे वर्ष में प्रवेश करने वाली है, के लिए शांति वार्ता हो सकती है। इसमें आश्चर्यजनक दिलचस्प बात यह है कि ट्रम्प ने कहा है कि पुतिन से उनकी शांति वार्ता सऊदी अरब में हो सकती है, जहां वह जायेंगे और पुतिन भी आयेंगे। गौरतलब है कि दोनों ट्रम्प व पुतिन के सऊदी अरब के राजकुमार मुहम्मद बिन सलमान (एमबी एस), जो वहां के डी-फक्टो शासक हैं, से गहरे संबंध हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध की शांति वार्ता में प्रनुख भूमिका निभाने के कारण एमबीएस की ग्लोबल लीडर के रूप में हैसियत बढ़ जायेगी और उनका प्रभाव पश्चिम एशिया से भी बाहर महसूस किया जायेगा। वह एक ऐसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में सामने आयेंगे जो दो शक्तिशाली देशों को वार्ता मेज पर लाने में सक्षम हैं। दरअसल, सऊदी अरब को वार्ता का वेन्यू दो विशेष कारणों से ट्रम्प ने चुना है। एक अमेरिकी टीचर मार्क फोगेल को रिहा कराने में सऊदी अरब की महत्वपूर्ण भूमिका थी। फोगेल को अगस्त 2021 में रूस ने मेडिकल मारीजुना लाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। दूसरा यह कि पश्चिम एशिया में इजराइल फिलिस्तीन विवाद के संदर्भ में ट्रम्प जो अपने मंसूबे बनाये हुए हैं, वह बिना सऊदी अरब की मदद के साकार होना लगभग असंभव हैं। गौरतलब है कि इजराइल ने ट्रम्प के समर्थन से हमास के विरुद्ध गजापट्टी में फिर से जंग शुरू करने की धमकी दी थी अगर वह तीन अन्य बंधकों को निर्धारित समय पर छोड़ने के लिए तैयार नहीं होता। अब हमास ने कहा है कि वह बंधकों को रिहा कर देगा क्योंकि मिस्त्र व कतर ने उसे आश्वासन दिया है कि युद्धविराम को लागू करने में जो बाधाएं आ रही थीं, उन्हें हटा दिया जायेगा। कतर सऊदी अरब के कहने पर चलता है। इस सबसे सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ट्रम्प घर पर और विदेश में हर दिशा में निशाना लगा रहे हैं। जब से ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल आरंभ हुआ है वाशिंगटन श्रेणी-5 तूफान के बीच में है। अमेरिका का रूप बदल रहा है और वह जाने अनजाने क्षेत्र में प्रवेश करता जा रहा है, जिसका ग्लोबल व्यवस्था पर स्ट्रक्चरल व आर्थिक प्रभाव पड़ेगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स पर हस्ताक्षर करने के साथ ही गल्फ ऑफ अमेरिका पर उड़ान भरते हुए ट्रम्प कमेंटरी भी कर रहे हैं कि फिलिस्तीनियों को गजा छोड़कर चला जाना चाहिए ताकि वह उसे 'रिवेरा ऑफ द मिडिल ईस्ट' बना सकें, वह मिस्त्र व जॉर्डन को दी जाने वाली ऐड में कटौती करने की धमकी दे रहे हैं और अमेरिकी सरकार के बड़े हिस्से को उखाड़ रहे हैं। ट्रम्प को अपनी 'पड़ोसी पहले' नीति के तहत कुछ सफलता भी मिली है। पनामा आवश्यक शोर मचाने के बाद इस बात पर सहमत हो गया है कि वह पनामा कैनाल पर चीन के प्रभाव को कम करेगो ग्वाटेमाला व अल-साल्वाडोर अप्रवासियों को वापस लेने के लिए तैयार हो गये हैं, उनको भी जिनका संबंध अन्य देशों से है। अगर डेनमार्क और/या ग्रीनलैंड ट्रम्प के वर्चस्व को स्वीकार कर लेते हैं तो ट्रम्प का प्रभाव क्षेत्र बढ़ जायेगा और चीन को अपनी स्ट्रेटेजी पर फिर से विचार करना पड़ेगा। ट्रम्प की योजना यह है कि पश्चिम में अमेरिका के प्रभाव को बढ़ाया जाये और चीन के प्रभाव को कम किया जाये। इस बीच वाइट हाउस में विदेशी मेहमान आ जा रहे हैं। इजराइल के बेंजामिन नेतान्याहू, जापान के शिगेरू इशिबा, जॉर्डन के राजा अब्दुल्लाह और भारत के पीएम नरेंद्र मोदी। और बेचारे अमेरिकी यह सोच रहे हैं कि महंगाई कब कम होगी। ट्रम्प जल्दबाजी में हैं। वह 90 एग्जीक्यूटिव ऑर्डर्स, घोषणाएं व मेमो जारी कर चुके हैं और अभी उन्हें ओवल ऑफिस में आये हुए एक माह भी नहीं हुआ है। ट्रम्प की योजना यह है कि आदेशों की बाढ़ ला दी जाये ताकि किसी एक के विरुद्ध गुस्सा ठहर न सके। दरअसल ट्रम्प के आक्रामक राष्ट्रवाद एवं संरक्षणवाद का यही उद्देश्य है।

### सोशल मीडिया



ट्रंप अक्सर मागा के बारे में बात करते हैं, हम विकसित भारत की दिशा में काम कर रहे, अमरीकी संदर्भ में जो मिगा में तब्दील हो जाता है, और मिलकर अमरीका भारत समृद्धि के लिए मेगा साझेदारी है। पीएम मोदी.

# जीवन प्रवाह

सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो स्पष्ट होता है कि सम्पूर्ण जीवन प्रवाह एवं उसकी उपलब्धियां वस्तुतः श्रद्धा की ही परिणति है। मां अपना अभिन्न अंग मानकर नौ माह तक अपने गर्भ में बच्चे का सेवन करती है। अपने रक्त मांस को काटकर शिशु को पोषण प्रदान करती है। श्रद्धा का यह उत्कृष्ट स्वरूप है जिसका बीजारोपण मां बच्चे में संस्कार के रूप में करती है। निःस्वार्थ भाव से उसको संरक्षण देती है। अनावश्यक भार कष्टों का जंजाल समझने का कुतर्क उठे तो नव शिशु प्रादुर्भाव ही संभव न हो सकेगा। यह श्रद्धा ही है जिसके कारण बच्चा मां के सीने से चिपकने, स्नेह दुलार पाने के लिए लालायित रहता, रोता कलपता रहता है। मूक भाषा वाणी से रहित नवशिशु की श्रद्धा एक मात्र मां के ऊपर ही होती है। माता-पिता भी निश्छल हृदय से बच्चे के विकास के लिए हर संभव प्रयास करते हैं। खाने, पीने स्वास्थ्य संरक्षण से लेकर शिक्षा दीक्षा के झंझट भरे सरंजाम जुटाते हैं। समग्र विकास ही उनका एक मात्र लक्ष्य होता है। तर्क तो हर बात को उपयोगिता की कसौटी पर कसता है। इस आधार पर कसने पर माता पिता को हर दृष्टि से घाटा ही घाटा दिखायी पड़ेगा। बात तर्क की मान लीजाये तो बच्चे का अस्तित्व ही शंका में पड़ जायेगा। दृष्टिमात्र उपयोगितावादी हो जाये तथा यह परम्परा प्रत्येक क्षेत्र में चल पड़े तो परिवार एवं समाज विश्रृंखलित हो जायेगा। सभ्यता को अधिक दिनों तक जीवित नहीं रखा जा सकेगा। श्रद्धा ही पारिवारिक जीवन को स्नेह सूत्र में बांधे रहती है। सहयोग करने अन्य सदस्यों के लिए अपने स्वार्थों का उत्सर्ग करने की प्रेरणा देती है। पारिवारिक विघटनों में इसका अभाव ही कारण बनता है। पति पत्नी के बीच मनमुटाव, सदस्यों के बीच टकराहट का कारण अश्रद्धा है। तर्क एवं उपयोगिता की कसौटी पर कसने पर तो वृद्ध माता-पिता का महत्व भी समझ में नहीं आता। वे भर के रूप में ही दिखाई पड़ते हैं। किन्तु श्रद्धा दृष्टि है कि उनका कितना ऋण चढ़ा है। उनके आशीर्वाद स्नेह को पाने की कामना आजीवन बनी रहती है। यह भाव दृष्टि तो श्रद्धा की ही उपलब्धि है। जो सदा एक युवक को माता-पिता के समक्ष नतमस्तक किये रहती है। मनुष्य के व्यक्तित्व की ढलाई श्रद्धा की भट्ठी के सानिध्य में होती है। इस श्रद्धा तत्व की गरिमा को यदि स्वीकार किया जा सके तो यह भी मानना पड़ेगा कि उसे विकसित, परिष्कृत और परिपक्व करने के लिए आस्तिकता की मान्यता का अवलंबन लेना आवश्यक है।

अंतर्दृष्टि

# जीवंत मातृभाषा जिंदा कौमों की निशानी




चिंतन ● लोकमित्र

हमारी अनंत पहचानों के बीच सबसे गाढ़ी और खरी पहचान होती है हमारी मातृभाषा। पाकिस्तान बनने के बाद जब इसके हुक्मरानों ने अपने ही पूर्वी हिस्से यानी मौजूदा बांग्लादेश पर राष्ट्रभाषा के नाम पर उर्दू थोपने की कोशिश की तो 1950 के दशक में ही ढाका से लेकर चिट्गांव तक की गलियों में 'आमार बांग्ला' का स्वर गूंज उठा और मातृभाषा के लिए उठ खड़े हुए लोग अंततः एक अलग देश लेकर ही माने। 21 फरवरी 1952 को बांग्ला छात्रों द्वारा अपनी मातृभाषा के लिए शुरू किये गए आन्दोलन से ही प्रेरित होकर यूनेस्को ने इस दिन को साल 1999 में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस घोषित किया, जो आज पूरी दुनिया में जबर्दस्त जज्बे के साथ मनाया जाता है। सवाल है किसी भी समाज के लिए मातृभाषा इतनी महत्वपूर्ण क्यों होती है? इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि दुनिया का कोई भी समाज मातृभाषा के बिना अपनी कोई पहचान नहीं पाता। किसी भी समाज की संस्कृति, उसकी पहचान, उसका अस्तित्व सबकुछ उसकी मातृभाषा से जुड़ा होता है। लोककथाएं, साहित्य, धार्मिक ग्रंथ और स्थानीय ज्ञान मातृभाषाओं की बदौलत ही पीढ़ी दर पीढ़ी हस्तांतरित और संचारित होते हैं। वास्तव में मातृभाषाएं विचार और अभिव्यक्ति को सहजता देती हैं। लोग अपनी मातृभाषा में ही सर्वाधिक सजगता और सटीकता से अपने को व्यक्त कर पाते हैं। मातृभाषाएं शिक्षा और संज्ञानात्मक विकास में सहायक होती हैं। दुनिया के विभिन्न हिस्सों में हुए मनोवैज्ञानिक अध्ययन बताते हैं कि जो बच्चे अपनी मातृभाषा में शुरूआती पढ़ाई शुरू करते हैं, वे अपनी भाषा में तो बेहतर प्रदर्शन करते ही हैं, दूसरी भाषाओं में भी अच्छा प्रदर्शन करते हैं।



मातृभाषा हमारी रग रग की पहचान से जुड़ी होती है। यह हमारी राजनीतिक और सामाजिक पहचान को मजबूती देती है। अगर ऐसा न होता तो बांग्लादेश में उठा बांग्ला भाषा आंदोलन स्वतंत्रता और स्वायत्तता का प्रतीक न बन जाता। कुछ लोग कह सकते हैं, क्या इस ग्लोबलाइजेशन के दौर में भी मातृभाषाओं का वही महत्व है, जो दुनिया के अलग अलग टापुओं के रूप में बसे होने के दौरान था? निश्चित रूप से आज भी मातृभाषाओं का वही महत्व है, जो किसी भी समय में था। लेकिन सबसे बड़ा संकट या कहें ग्लोबलाइजेशन का दबाव यह है कि आखिर मातृभाषाएं जीवित बचें तो कैसे, वे फलें-फूलें तो कैसे? लेकिन ऐसा भी नहीं है कि अगर हम कोशिश करें तो यह नहीं हो सकता। इसमें कोई दो राय नहीं है कि ग्लोबलाइजेशन के कारण व्यापार, कारोबार और रोजगार का दबाव मातृभाषाओं पर सबसे ज्यादा है। लेकिन अगर सरकारें और आम जनता अपनी मातृभाषाओं को लेकर सजग हों, तो ऐसा भी नहीं है कि इस ग्लाबलाइजेशन के दौर में मातृभाषाएं जिंदा ही नहीं रह सकतीं। दुनिया के कई ऐसे शहर जो रोजगार, कारोबार और शासन-प्रशासन की दृष्टि से आम लोगों की उम्मीदों के नजदीक हैं, वहां मातृभाषाएं भी उन शहरों और इलाकों से कहीं ज्यादा स्वस्थ हैं, जहां शासन-प्रशासन से लेकर रोजगार और जीविकोपार्जन का दबाव ज्यादा है। क्योंकि अगर हम रोजमर्रा की जरूरतों से निपट पाने में आसानी से कामयाब हैं तो हम अपनी मातृभाषाओं को भी जिंदा रख सकते हैं। ऐसे शहरों, देशों और प्रदेशों की सत्ताएं भी इनके जिंद्रा रहने में सकारात्मक भूमिका निभाती हैं।

दरअसल अगर नागरिक समाज और सरकारें मातृभाषाओं को लेकर सजग और सुचिंतित हों तो वे नीति, निर्माण और कानूनी संरक्षण के जरिये मातृभाषाओं को शिक्षा, प्रशासन और संचार माध्यमों की बदौलत मजबूत बनाये रख सकती हैं। इस डिजिटल युग में जहां पहली नजर में मातृभाषाओं को जीवित रख पाना मुश्किल लगता है, वहीं दूसरी नजर में गंभीरता से देखें तो यह पहले से आसान है। आज सोशल मीडिया का जमाना है। जो हमारे रोजमर्रा के मुख्यधारा के दबावों से मुक्त है और लोग अपनी कामकाजी जिंदगी के इतर भी इसमें हिस्सेदारी करके मातृभाषाओं को जिंदा रख सकते हैं, बशर्ते हम सोशल मीडिया में मातृभाषाओं के जरिये संवाद करें। आज लाखों वेबसाइट्स हैं, जो इस तरह के काम कर रही हैं। मोबाइल एप्स और कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई की बदौलत भी मातृभाषाओं को जिंदा रखना आसान हुआ है। लेकिन अगर विभिन्न सरकारें मातृभाषाओं को लेकर सजग और सुचिंतित हों तो भले किसी दूसरी राष्ट्रीय या भूमंडलीय भाषा में भी उच्च शिक्षा दी जाए, लेकिन प्रारंभिक शिक्षा अगर मातृभाषा में दी जाय तो मातृभाषाएं तो जिंदा रहती ही हैं, उच्च शिक्षा में भी मातृभाषा के इस्तेमाल की बेहतर भूमिका बनती है।

अगर नागरिक समाज मातृभाषाओं को जिंदा रखने का खुद भी दायित्व समझें और सारी जिम्मेदारी सिर्फ सरकारों पर न डालें तो नागरिक समाज, स्थानीय साहित्य और कला को प्रोत्साहित कर सकता है। स्थानीय लेखकों, कवियों और कलाकारों को समर्थन देकर नागरिक समाज मातृभाषाओं को न सिर्फ जीवित रखने में बल्कि उन्हें जीवंत बनाये रखने में भी महती भूमिका निभा सकता है। स्थानीय नागरिक प्रशासन संस्थाएं जैसे नगरपालिका, ग्राम पंचायतें, जिला पंचायतें ये भी मातृभाषाओं को जीवित रखने और उन्हें मजबूत बनाने में अपना रोल अदा कर सकती हैं। इनके हाथ में स्थानीय विज्ञापन, साइन बोर्ड, सरकारी घोषणाओं को जन जन तक पहुंचाने आदि का दायित्व होता है। अगर ये मातृभाषाओं के प्रति सजग हो जाएं तो बहुत आसानी से सबसे निचले स्थानीय स्तर पर मातृभाषाएं मजबूती के साथ मौजूद रहेंगी और फिर ये सिर्फ मौजूद ही नहीं रहेंगी बल्कि खूब फले फूलेंगी।

ऐसा करना इसलिए जरूरी है क्योंकि ग्लोबल वार्मिंग की तरह मातृभाषाओं पर भी बहुत बड़ा जलवायु संकट मंडरा रहा है। यूनेस्को की मानें तो दुनियाभर में हर एक पखवाड़े के भीतर कोई स्थानीय भाषा विलुप्त हो रही है या विलुप्त होने की श्रेणी में पहुंच रही है। ऑस्ट्रेलिया और प्रशांत द्वीप में अंग्रेजी के कारण यहां की हजारों स्थानीय भाषाएं लुप्त हो गई हैं। उत्तरी और दक्षिणी अमेरिका, कनाडा आदि में आदिवासी भाषाएं बिल्कुल खत्म होने की कगार पर पहुंच गई हैं। लंबे समय तक उपनिवेशवाद के शिकंजे में कसे रहने के कारण अफ्रीका में भी बड़े पैमाने पर स्थानीय भाषाएं खत्म हो गई हैं और यहां अंग्रेजी, फ्रेंच और पुर्तगाली भाषाओं का वर्चस्व कायम हो गया है। इसी तरह एशिया में देखें तो चीन में स्थानीय स्तर पर स्थानीय मातृभाषाएं मंडारिन के प्रभाव के कारण लुप्त हो रही हैं और भारत में हिंदी और अंग्रेजी के वर्चस्व के कारण कई छोटी और आदिवासी भाषाएं खास तौरपर खात्मे की कगार पर हैं। कुछ कुछ ऐसा ही वर्चस्व रूस में रूसी भाषा का इसकी स्थानीय मातृभाषाओं पर पड़ रहा है। लब्बोलुआब यह कि मातृभाषाओं को सिर्फ विदेशी भाषाओं से ही संकट नहीं है बल्कि स्थानीय स्तर पर भी वर्चस्व वाली ताकतवर भाषाओं से भी खतरा है। ठीक वही बात कि बड़ी मछली छोटी मछली को निगल जाती है।

आजादी के बाद भले राजनीतिक रूप से बार बार कहा जाता हो कि हिंदी उतनी ताकतवर नहीं हो सकी, जैसे कि आजादी के बाद उम्मीद लगायी गई थी। मगर इसे आप मातृभाषाओं की नजरिये से देखें तो हिंदी आज अनेक छोटी छोटी बोलियों यानी मातृभाषाओं के लिए बड़ा संकट बन गई है। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत में लगभग 52 करोड़ लोग हिंदी बोलते थे, जो तब तक की कुल जनसंख्या में 43 फीसदी थे। हिंदी के बाद सबसे ज्यादा बांग्ला बोलने वाले 26 करोड़ से भी ज्यादा लोग हैं। इसके बाद क्रमशः तेलगू, मराठी, कन्नड़, गुजराती और पंजाबी जैसी भाषाएं भी हैं, जो हालांकि आज भी स्थानीय स्तर पर बोली जाती हैं, मजबूत भी दिख रही हैं। लेकिन हाल के दशकों में इन बड़ी भाषाओं पर भी हिंदी और अंग्रेजी का दबाव बना है, इसलिए इन भाषाओं को बचाने के लिए भी स्थानीय समाजों और सरकारों को तुरंत सजग होना पड़ेगा। आज मुंबई जैसे महाराष्ट्र के सबसे बड़े शहर की पहली भाषा हिंदी और दूसरी भाषा मराठी बन चुकी है। हालांकि यह बात स्थानीय स्तर पर कम समझ में आती है, लेकिन जब कामकाज, व्यापार और दूसरे कारोबारी संपर्क में देखा जाता है तो मुंबई में मराठी का दर्जा तीसरे नंबर का दीखता है। पहले नंबर पर अंग्रेजी और दूसरे नंबर पर हिंदी आती है। ऐसी स्थितियों से स्थानीय समाजों की संवेदनशीलता से ही मातृभाषाओं को जिंदा रखा जा सकता है; क्योंकि यूनेस्को के मुताबिक भारत में भी 197 मातृभाषाएं या तो विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कागार पर खड़ी हैं। ग्रेट अंडमानी, बोगी, जेरू और उचिकवार जैसी द्वीपीय भाषाएं जो विशेष तौरपर अंडमान द्वीप में बोली जाती थीं, अब नहीं बचीं। इसी तरह संथाली, शौरसेनी तथा उत्तर पूर्व की भी दर्जनों स्थानीय बोलियां और भाषाएं अब लुप्त हो चुकी हैं या इसके कगार पर खड़ी हैं।

## आप की बात

### आप पार्टी की पराजय

दिल्ली में जनादेश के कई संदेश हैं। दिल्ली की विजय इसलिए अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि भाजपा लाख कोशिशों के बावजूद अरविन्द केजरीवाल ने फ्रीबीज या कहें कल्याणकारी कार्यक्रमों के जरिए एक ऐसा लाभार्थी वर्ग खड़ा कर दिया था जिसे वेधने में भाजपा एक दशक तक असफल रही। दिल्ली के मतदाताओं ने जिस राजनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया उससे तमाम चुनावी पंडित भी भौचक थे। लगातार तीन लोकसभा चुनावों में दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा की जीत और विधानसभा चुनावों में एकतरफा आम आदमी पार्टी की जीत, यह कुछ ऐसा गणित था जिसे समझने और वेधने में भाजपा और उसकी सशक्त चुनावी मशीनरी को एक दशक लग गये। बहरहाल अब दिल्ली का जनादेश सामने है। अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार विरोधी लहर पर सवार होकर दिल्ली की सत्ता में आये, आम आदमी पार्टी महज एक दशक में राष्ट्रीय पार्टी बन गयी। दो राज्यों में उसकी सरकार बनी और चंडीगढ़, गुजरात से लेकर गोवा तक आम आदमी पार्टी अपना जनाधार बनाने में सफल हुई। लेकिन अरविन्द केजरीवाल की एनजीओ मार्का पॉलिटिक्स, हमेशा आरोपों की राजनीति और विकास के गंभीर मुद्दों को नजरअंदाज कर सिर्फ और सिर्फ सियासी रेवड़ियों के सहारे चुनाव जीतने की रणनीति उन पर भारी पड़ गयी। भाजपा ने उनकी राजनीति को बारीकी से समझा और उनकी मुफ्त की सियासत को ही हथियार बनाकर सत्ता से बाहर कर दिया। दिल्ली विधानसभा चुनावों की समीक्षा करें तो एक स्थिति में यह चुनाव थोड़े चौंकाते, डराते और चिंतित भी करते हैं।

**राजेन्द्र कुमार कश्यप, लखनऊ.**

### जरूरी है गरीबी उन्मूलन

गरीबी उन्मूलन बहुत जरूरी है और इसकी दिशा में सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए। सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है। सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नही है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं।

**ज्ञान प्रकाश पाण्डेय, लखनऊ.**

संक्षेप

## बांसगांव में किसान गोष्ठी आज

**अयोध्या।** आकाशवाणी अयोध्या व दूरदर्शन के किसान चैनल डीडी किसान तथा इफको के संयोजन में आज अमानीगंज के बाँसगाँव में प्रातः 11 बजे प्रगतिशील किसान उमानाथ शुक्ल के आवास पर रेडियो किसान दिवस (किसान गोष्ठी) आयोजन होगा। आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति विजेन्द्र सिंह गोष्ठी के मुख्य अतिथि व मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। किसान दिवस में केवीके मसौधा, अंबेडकरनगर के वैज्ञानिक व कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज के विशेषज्ञ किसानों की समस्याओं पर चर्चा करेंगे तथा जिले के कृषि विभाग के अधिकारी, पशुपालन, फसल सुरक्षा, गन्ना विभाग, उद्यान विभाग पर चल रही योजनाओं की जानकारी देंगे। इफको संस्था व ड्रोन दीदी द्वारा दवा तथा खाद का छिड़काव ड्रोन मशीन के द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा।

किसानों के बीच प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम द्वारा पुरस्कार वितरण भी किया जाएगा साथ ही कृषि विभाग द्वारा 90 प्रतिशत अनुदान पर मक्का बीज भी उपलब्ध कराया जाएगा। विभिन्न बीज कंपनियों की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी।

# वृक्ष रेखा का खिसकना हिमालय में जलवायु परिवर्तन का कारणः प्रो. सुनील नौटियाल

जिला संवाददाता(vol)

**मिल्कीपुर-अयोध्या ।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में चल रहे 48वें कुलपति सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। इस मौके पर विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों व मुख्य वक्ताओं ने एग्री टूरिज्म को विकसित करने व देशव्यापी स्तर पर कृषि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विस्तार से चर्चा की। सम्मेलन के समापन के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता नवसारी कृषि विश्वविद्यालय गुजरात के कुलपति डा. जेड. पी. पटेल ने की। कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह ने कहा कि भारतवर्ष में एग्री टूरिज्म को विकसित करने के लिए पॉलिसी बनाए जाने की जरूरत है। उन्होंने हाइलेवल कमेटी के गठन का सुझाव दिया जो एग्री टूरिज्म के लिए पॉलिसी गाइड लाइन का ड्राफ्ट तैयार कर सकें। इस मौके पर मुख्य वक्ता जी.बी. पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, अल्मोड़ा के निदेशक प्रो. सुनील नौटियाल ने हिमालय पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और निचले महासागरों पर इसके प्रभावह्न विषय पर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि हिमालय में जलवायु परिवर्तन का मुख्य कारण वृक्ष रेखा का ऊपर की ओर खिसकना है। यह वृक्ष रेखा प्रति दशक 10 से 50 मीटर तक ऊपर की ओर खिसक रही है। बताया कि शताब्दी के अंत तक वृक्ष रेखा कम से कम 150 मीटर ऊपर की ओर बढ़ने का अनुमान है। हिमालय में जलवायु परिवर्तन के कारण नदी के प्रवाह और तलछट भार में वृद्धि हुई इससे तटीय क्षेत्रों में जल की गंदगी और पोषक तत्वों की गतिशीलता में परिवर्तन होता है।

**● आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विवि में 48वें कुलपति सम्मेलन का समापन**

प्रो. नौटियाल ने बताया कि हिमालय में जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के कारण लवणता और पोषक तत्वों के स्तर में परिवर्तन होता है। इसके बचाव के लिए हमें एकीकृतक जलसंभर प्रबंधन के साथ-साथ ग्लेशियरों की रक्षा और वैश्विक ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कम करना होगा। एनआईटीटीई स्कूल ऑफ मैनेजमेंट बैंगलोर के मुख्य वक्ता डा. सरथ सेन्नीमलाई ने ग्रामीण आजीविका के लिए कृषि पर्यटनः नीतिगत अंतर्दृष्टिह्न विषय पर बताया कि शैक्षिक एवं मनोरंजन गतिविधियों जैसे फार्म का दौरा, फल-फूल एवं सब्जी रोपण, वर्मी वॉश परियोजना, बकरी फार्म पोल्ट्री फार्म, गाय पालन, बच्चों के लिए पार्क, नौका विहार बैलगाड़ी की सवारी व ग्रामीण खेल के माध्यम से कृषि पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। डा. सरथ ने बताया कि कि कृषि गतिविधियों तथा ग्रामीण जीवन शैली में लोगों की बढ़ती रुचि के कारण कृषि पर्यटन की मांग बढ़ रही है। इसे किसान, कृषि सहकारी समितियां, कृषि अनुसंधान केंद्र, कृषि विवि या किसान कंपनियां स्थापित कर सकती है और पर्यटन विभाग इन केंद्रों को प्रमाणित करेगा जिसके बाद वे ऋण और अन्य कर लाभ के लिए पात्र हो सकेंगे। कृषि पर्यटन के प्रणेता कृषक पांडुरंग थावरे ने उत्तर प्रदेश के 18 जिलों में एग्री टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर किया तो यह भी बताया कि 2003 में एक अनूठी अवधारणा के साथ कृषि पर्यटन की शुरूआत की। उनका उद्देश्य शहरी पर्यटकों को गांवों से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना था। इस मॉडल में पर्यटक न सिर्फ खेती की बारीकियां सीखते हैं, बल्कि ग्रामीण संस्कृति का अनुभव भी करते हैं और किसानों से सीधे उत्पाद खरीद सकते हैं। महाराष्ट्र की एग्री टूरिज्म नीति के निमार्ता के तौर पर उन्हें दो बार राष्ट्रीय पर्यटन पुरस्कार भी मिल चुका है। बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश के चयनित जिलों में कृषि पर्यटन को विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। इस मौके पर विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, मुख्य वक्ता सहित कृषि विश्वविद्यालय अयोध्या के शिक्षक एवं वैज्ञानिक मौजूद रहे।



## सिक्खे कौमे हिन्द बाराबंकी पद से नवाजे गये सरदार जसमीत सिंह



**बाराबंकी।** आदिशक्ति सेवा संस्थान के बैनर तले बुद्वजीवियो का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे अधिवक्ता समेत खबरनवीसो का अंगवस्त्र व मोमटो भेंटकर सम्मान किया गया। सम्मान समारोह का संचालन एड़वोकेट भूपिन्दर पाल सिंह शैन्की व नवीन सेठ द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। शहर के एक लॉन पर आयोजित सम्मान समारोह मे एड़वोकेट सरदार जसमीत सिंह को सिक्खे कौमे हिन्द बाराबंकी पद से नवाजा गया। इसके साथ ही पत्रकार शिवम सिंह, मनीष सिंह को अंगवस्त्र व मोमेटो भेटकर सम्मानित किया गया। साथ ही श्री गुरु सिंह सभा लाजपत नगर बाराबंकी के पूर्व प्रधान सरदार स्वर्ण सिंह, पूर्व महामंत्री सुनीत अवस्थी, अध्यक्ष प्रत्याशी जिला बार एसोसिएशन सुरेश चन्द्र गौतम, एडवोकेट सरदार सुरजीत सिंह, अवधेश सिंह, नवीन सेठ को अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, नंदराम वर्मा, सरदार कंवर सिंह पीयूष, सरदार जितेन्द्र सिंह मिन्दे, सरदार जसबीर सिंह विक्की, सरदार परमजीत सिंह राजे, सरदार परमीत सिंह, विभव मिश्रा, प्रधानाचार्य विजय प्रताप सिंह, सरदार गुरुमीत सिंह, सरदार नरेन्द्र सिंह निन्दी, सरदार हरमिन्दर सिंह सोनू, सरदार गगनप्रीत सिंह कैनी, रविन्दर पाल सिंह, मनमीत सिंह, फुरकान राईन, अवधेश टण्ड़न, अभिषेक गौतम, दान बहादुर सिंह, सतनाम सिंह खालसा, गुरुप्रीत सिंह सोनू आदि लोग मौजूद रहे।

## जिला सतर्कता समिति की बैठक संपन्न

**बहराइच ।** बृहस्पतिवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय सतर्कता समिति बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न पहुंचने पर नोडल अधिकारी द्वारा खाद्यान्न का सत्यापन करने के पश्चात उचित दर विक्रेता द्वारा राशनकार्ड धारकों को गल्ले इत्यादि का वितरण किया जाय। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह वितरण समाप्ति के उपरान्त वितरण प्रमाण-पत्र तहसील स्तर पर एकत्रित किये जायें तथा सम्बन्धित एसडीएम द्वारा वितरण प्रमाण-पत्रों की समीक्षा भी की जाय।

ई-केवाईसी प्रगति की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अब तक 73.84 प्रतिशत कार्य पूर्ण हुआ है। ई-केवाईसी में जनपद प्रदेश में 50वें स्थान पर है। डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी व उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि आधार अपडेशन सेन्टर का नियमित रूप से निरीक्षण कर अधिकाधिक कार्डधारकों के अपडेशन की कार्यवाही पूर्ण कर प्रगति में सुधार लाया जाय। अन्नपूर्णा भवन (मॉडल शाप) निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-24 के 55 तथा वर्ष 2024-25 अन्तर्गत 01 भवन का निर्माण पूर्ण हो गया है। शेष स्थानों पर भूमि का चिन्हांकन कर निर्माण कार्य प्रगति पर है। डीएम ने निर्देश दिया कि जहां कहीं विवाद के कारण के अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य अनारम्भ की स्थिति में ऐसे स्थानों के लिए सम्बन्धित एसडीएम व बीडीओ को विवाद के समाधान हेतु पत्र प्रेषित कराया जाय ताकि अनारम्भ की स्थिति समाप्त हो सके। उचित दर दुकानों की समीक्षा में पाया गया कि जिले की 12 उचित दर दुकानें निलम्बित हैं। डीएम ने निर्देश दिया कि निलम्बित दुकाने के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय की कार्यवाही एक पक्ष के भीतर पूरी की जाय। जिले में रिक्त उचित दर दुकानों पर कोटेदार की नियुक्ति हेतु डीएम ने सम्बन्धित एसडीएम व बीडीओ को पत्र प्रेषित कराते हुए चयन की प्रक्रिया को एक माह पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी, ईओ न.पा.परि. बहराइच प्रमिता सिंह, उप जिलाधिकारी, पूर्ति निरीक्षक व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सीएम योगी से मिले रूदौली विधायक रामचन्द्र यादव



**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में विधायक राम चंद्र यादव ने मुलाकात की और अयोध्या के विभिन्न विकास संबंधी मुद्दों पर चर्चा की। विकास के लिए कई प्रस्ताव भी सौंपे।

विधायक ने मुख्यमंत्री को बताया कि कल्याणी नदी पर लखनऊ-गोरखपुर-अयोध्या की सीमा पर राष्ट्रीय राजमार्ग में प्रवेश द्वार बनवाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रवेश द्वार न केवल स्थानीय लोगों के लिए सुविधाजनक होगा, बल्कि यह क्षेत्र के विकास को भी बढ़ावा देगा। इसके अलावा विधायक ने मुख्यमंत्री को राजमार्ग से जुड़े विभिन्न जनहित के मुद्दों पर भी चर्चा की।

उन्होंने कहा कि राजमार्ग के किनारे स्थित गांवों के लोगों को सुविधाजनक सड़क संपर्क, बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की आवश्यकता है।

## महाकुंभ से लगातार अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालु

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में महाकुंभ से स्नान कर लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इससे प्रशासन की चुनौतियां बढ़ गयी है। नगर में रूट डायवर्जन लागू किया गया है और नगर को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। अयोध्या धाम में किसी भी तरीके के वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया है। शहर के बाहर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई किलोमीटर लंबा वाहनों का जाम लगा हुआ है। महाकुम्भ से लौट रहे श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन निरंतर प्रयासरत है श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन अयोध्या द्वारा बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है।

**● मण्डलायुक्त और आईजी लगतार व्यवस्थाओं का कर रहे निरीक्षण**




उपजिलाधिकारी बीकापुर ने बताया कि प्रयागराज से अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया मिलिट्री ग्राउण्ड निकट तहसील व परशुराम डिग्री कॉलेज तारुन में बनाया गया है, जहां पर पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी, लाइट, मोबाइल टॉयलेट आदि के साथ साथ जनसहयोग से श्रद्धालुओं के लिए खाने की भी व्यवस्था की गयी है। यहां पर श्रद्धालु लगातार आ रहे है और विश्राम भी करते है। इसी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा भी वहां पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारे चलाये जा रहे है। श्रद्धालुओं द्वारा होल्डिंग एरिया की व्यवस्था की प्रशंसा की जा रही है प्रशासन की लगातार कोशिश है कि श्रद्धालुओं को यथाशीघ्र रामलला के दर्शन हेतु यहां से भेजा जा सकें। मण्डलायुक्त गौरव दयाल व आई0जी0 प्रवीण कुमार महाकुम्भ 2025 के दौरान लाखों की संख्या में श्रीराम मंदिर दर्शन हेतु अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओं को सुगम श्री राम मंदिर दर्शन सुनिश्चित कराने हेतु सतत रूप से भ्रमणशील रहकर निरीक्षण कर रहे है। अधिकारी द्वय श्री राम मंदिर के गर्भगृह में उपस्थित रहकर आने वाले सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम भगवान के दर्शन प्राप्त हो सुनिश्चित कराया इस दौरान अधिकारी द्वय सुरक्षा एवम भीड़ नियंत्रण हेतु तैनात मजिस्ट्रेटगण व पुलिस अधिकारियों से कहा कि हजारों किमी0 दूर से आ रहे श्रद्धालुओं की हर संभव मदद की जाय और उन्हें उनके गंतव्य तक पहुचाने हेतु की गई व्यवस्थाओ आदि की जानकारियों भी देते रहे। इस दौरान मंदिर मजिस्ट्रेट राजकुमार पांडेय, कमांडेंट सी0आर0पी0एफ0, सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर नामित नोडल अधिकारियों के साथ बैठक




**बाराबंकी।** आगामी 8 मार्च राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजनार्थ राजस्व न्यायालयों पर विचाराधीन वाद/प्री-लिटिगेशन वाद, विभिन्न विभागों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण कराये जाने एवं लोक अदालत का व्यापक प्रचार प्रसार कराये जाने को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव/अपर जिजा जज श्रीकृष्ण चन्द्र सिंह की अध्यक्षता मे समस्त विभागो के नामित नोड़ल अधिकारियो के साथ बैठक हुई। बैठक मे नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत अनिल कुमार शुक्ल ने बताया कि लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु अपने विभागों में ऐसे लंबित वाद जो राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित किये जा सकते है। उनको ज्यादा से ज्यादा चिन्हित करने एवं निस्तारित वादों की सूचना 8 मार्च 2025 को सायं 3 बजे तक आवश्यक रूप कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्राप्त कराये जिससे सभी विभागों की सूचना पोर्टल पर अपलोड की सके। बैठक मे इस अपर जिलाधिकारी इन्द्रसेन, अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नारायण सिंह, एल0डी0एम0 विवेक कुमार, जिला विकास कार्यालय से रामलाल सहायक लेखाधिकारी, डाक विभाग विवेक अवस्थी, अजय कुमार श्रीवास्तव, मनोरंजन कर विभाग मानवेन्द्र वर्मा, श्रम विभाग मयंक सिंह समेत अन्य विभाग के सम्बधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने की प्रेस वार्ता

**बाराबंकी।** के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम मे आगामी 15 फरवरी से शुरू होने वाली 18वा चैधरी आसिफ अली मेमोरियल आल इंडिया क्रिकेट लीग की तैयारियो को लेकर बाराबंकी डिस्ट्रिक जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता मे एसोसिएशन सचिव डा0 सी0ए0जावेद ने बताया कि 15 फरवरी दिन शनिवार को स्थानीय के0डी सिंह बाबू स्टेडियम मे क्रिकेट लीग का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द सिंह गोप एंव विशिष्ट अतिथि सीएमडी एकाना ग्रुप उदय सिन्हा करेगे। इस लीग में राष्ट्रीय स्तर की 6 टीमे दिल्ली, हरियाणा, मुरादाबाद, मेरठ, जालौन प्रतिभाग करेगी। लीग का शुभारम्भ 15 से होकर फाइनल मैच 23 फरवरी को खेला जाएगा। सचिव डा0 जावेद ने आगे बताया कि प्रतिदिन एक मैच जोकि 50-50 ओवर का खेला जाएगा। जिसमे सफेद गेंद का प्रयोग किया जायेगा। विजयी टीम को पुरस्कार स्वरुप 1.5 लाख एवं रनर टीम को 75 हजार रुपए की इनाम दी जायेगी। बीसीसीआई एंव यूपीसीए से अंपायर लीग मे प्रतिभाग करेगे। प्रेस वार्ता मे एसोसिएशन उपाध्यक्ष राजेश अरोरा बब्बू ने बताया कि इस बार पूर्व खिलाड़ी अनिल सागर व नसीम कीर्ति को श्री साईं विजय अरोरा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार देकर सम्मानित किया जायेगा। प्रेस वार्ता के दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष अख्तर अजीज खान, तारिक जिलानी, अफाक अली, रवि श्रीवास्तव, मोहम्मद आसिफ, जतिन चैधरी, वीरेंद्र प्रताप यादव, सरफराज, अतीक अहमद, गौरव तिवारी, जिला बार अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई मौजूद रहे।

**● आज होगा चौधरी आसिफ अली मेमोरियल आल इंडिया क्रिकेट लीग का उद्घाटन**
**● विजयी टीम को 1.5 लाख व रनर टीम को 75 हजार रुपए दिया जायेगा पुरस्कार**
**● बीसीसीआई एवं यूपीसीए से अंपायर लीग मे करेगे प्रतिभाग**



## केंद्र सरकार में किसी पसमांदा चेहरे को शामिल करे भाजपाः वसीम राईन

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** कांग्रेस से लेकर समाजवादी पार्टी ने पसमांदा मुसलमान को सिर्फ वोटबैंक बनाकर रखा। उसे सत्ता पाने के लिए इस्तेमाल किया। जब कुछ करने की बारी आई मुंह फेर लिया। इन दलों की राह पर भाजपा को नही चलना चाहिए। पसमांदा को साथ लेने का एक मतलब यह भी है कि केन्द्र सरकार में किसी पसमांदा चेहरे को शामिल किया जाए जो अब तक नही हुआ है। भाजपा को इस बारे में सोचना होगा। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही।

**● साथ लेकर चलने की बात कहकर पसमांदा मुस्लिम में भाजपा ने जगायी आस**

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वादा कर मुकर जाने में बेहद माहिर है। इस दल के नेताओ ने कहा कि समितियों की सिफारिश लागू की जाएगी पर ऐसा नही हुआ। किसी पसमांदा चेहरे को राज्यसभा पहुँचने नही दिया बस बयानबाजी करते रहे और वोट लेकर राज करते आये। यह भूल गए कि सत्ता तक पहुंचने में पसमांदा मुसलमान ने कितनी बड़ी भूमिका निभाई। यही हाल कांग्रेस ने भी किया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि इन दोनों फरेबी दलों से मुंह मोड़ कर बैठे पसमांदा मुसलमान में भाजपा ने आस जगाई और साथ लेकर चलने की बात कहकर उम्मीद से वास्ता कराया पर करीबी अब तक कहीं दिखाई नही दी। सरकार में भागीदारी के बिना कोई समाज अपने पैरों पर खड़ा नही हो सकता।



भाजपा को भी सरकार में पसमांदा को भागीदारी देकर अपना उदार चेहरा सामने रखना चाहिए था। इसका सन्देश दूर तक जाता और समाज भी बेहतर ढंग से भाजपा के साथ खड़ा हो सकता। पर अभी तक ऐसा कुछ भी नही किया गया। जिससे पसमांदा समाज मे निराशा है।

अन्य दलों की करतूतों से इतर भाजपा को खुद को अलग साबित करना होगा। तभी वह अपने मकसद में कामयाब हो सकती है।

## नारकोटिक्स के संबंध में डीएम ने की बैठक



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने नारकोटिक्स के सम्बंध में जिला स्तरीय समिति के साथ बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि दवा विक्रेता बिना डाक्टर के पर्चे के ऐसी दवा विक्रय न करें। जो नशीली दवाओं की श्रेणी में आती हैं। ऐसी दवाओं की बिक्री करते हुए पाए जाने पर दुकानदार के विरूद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाए। तथा ऐसे ड्रग्स की बिक्री रोकने के लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रिया को कड़ाई से लागू किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि मेडिकल कॉलेज, डिग्री कॉलेज आदि के परिसरों पर विशेष निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में पूरे जनपद में अभियान चलाकर अफीम की खेती के लिए जिनके पास लाइसेंस है और जितने रकबे के लिए लाइसेंस जारी हुआ, वो उतने ही एरिया में अफीम की खेती कर रहे है। अनुमन्य क्षेत्र से अधिक क्षेत्र में अफीम की खेती करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कड़ी कार्यवाही की जाए। इस मौके पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 डीके श्रीवास्तव सहित नारकोटिक्स, औषिधि विभाग के सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## कई स्थानों पर भंडारा शुरू




**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर महानगर में पदाधिकारियों ने कई स्थानों अयोध्या आ रहे श्रद्धालुओं के लिए भंडारा चलाया जा रहा है। भंडारा स्थलों पर श्रद्धालुओं के विश्राम की भी व्यवस्था की गई। प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय की संस्था रामाय सेवा टस्ट द्वारा महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय के बगल, ब्लाक प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह द्वारा पूरा बाजार पेटोल पम्प के बगल, गन्ना चेयर मैन दीपेन्द्र सिंह द्वारा गंगौली चैराहा, भाजपा नेता अभय सिंह द्वारा गुरूकुल महाविद्यालय रानोपाली में भंडारे का आयोजन किया गया है। भाजपा महानगर के पदाधिकारियों को भंडारे की जिम्मेदारियां दी गई हैं। शुक्रवार को प्रथम महापौर द्वारा संचालित भंडारे में आरएसएस के प्रांत प्रचारक कौशल किशोर, विभाग प्रचारक कृष्ण जी, महानगर संघचालक विक्रमा पांडे पूरा बजार के भंडारे में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने श्रद्धालुओं को प्रसाद बांटा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा हम अयोध्या वासी सौभाग्य शाली है कि यहां श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर प्राप्त हुआ है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शीर्ष नेतृत्व के आवाहन पर महानगर के कई स्थानों पर महानगर पदाधिकारियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने बताया कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो ऐसा हम सभी का प्रयास है। भण्डारे में पेयजल, मोबाइल चार्जिंग तथा श्रद्धालुओं के लिए विश्राम की व्यवस्था की गई है।

## ग्राम भिलौरा बासु में सेवा से संतृप्तीकरण अभियान आयोजित

**बहराइच 14 फरवरी।** केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा आम जनमानस को मूलभूत सुविधाओं से आच्छादित किये जाने हेतु चलाई जा रही समस्त योजनाओं की पात्रता रखने वाले वंचित लोगों तथा विभिन्न योजनाओं से आच्छादित व्यक्तियों की अन्य समस्याओं का एक ही स्थान पर सुगमतापूर्वक समाधान कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर जिले में चलाये जाने वाले सेवा से संतृप्तिकरण अभियान अन्तर्गत विकास खण्ड फखरपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय, भिलौरा बासू में वृहद शिविर का आयोजन किया गया। डीएम मोनिका रानी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर मेगा शिविर का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागतगीत, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं योगा की मनमोहक प्रस्तुति की गई। डीएम मोनिका रानी ने अन्य अधिकारियों के साथ मेगा शिविर में लगाये गये सभी स्टालों का निरीक्षण कर लाभार्थी पंजीकरण एवं आवेदनों के निस्तारण के बारे में जानकारी प्राप्त की।

**● बड़ी संख्या में लाभान्वित हुए ग्रामीण**



दिव्यांग विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान डीएम ने केवाईसी, आपूर्ति विभाग के स्टाल पर राशन कार्डों के संशोधन एवं अपडेशन, राजस्व के स्टाल पर वरासत, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्रों, पैमाइश, धारा-24 इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त की। इसी प्रकार कृषि, पंचायती राज के स्टालों फार्मर रजिस्ट्री कार्य, परिवार रजिस्टर की नकल, फैमली आईडी व शौचालय के लिए प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों, बेसिक शिक्षा के स्टाल पर डीएम ने छात्र-छात्राओं द्वारा तैयार किये गये प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी प्राप्त की। बीएसएनएल स्टाल के निरीक्षण के दौरान आधार कार्ड बनाने की प्रगति में सुधार लाने का निर्देश दिया। शिविर को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने कहा कि संचार क्रांति के इस युग में विभिन्न योजनाओं से सम्बन्धित अधिकतर प्रक्रियाएं आनलाइन हो जाने से ग्रामीण पृष्ठभूमि के लोगों को होने वाली असुविधा के निवारण हेतु सेवा से संतृप्तिकरण अभियान जिले में संचालित किया जा रहा है। डीएम ने कहा कि मेगा शिविर के सफल आयोजन में अधीनस्थ अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए एक ही छत के नीचे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों का पंजीकरण, आवेदन भरने, स्वीकृति एवं वितरण जैसी कार्यवाही कर रहे हैं। डीएम ने कहा कि देश के मा. प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी मंशा है कि शासन जनता के द्वार की पहुंच कर उन्हें विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाय। उन्होंने कहा कि सेवा से संतृप्तिकरण अभियान द्वारा दूर-दराज रहने वाले ग्रामीणों को उनके द्वार पर ही लाभान्वित किया जा रहा है।

डीएम ने मेगा शिविर के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले परिषदीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए बच्चों को बहराइच महोत्सव में प्रदर्शन का अवसर देने का वादा किया। डीएम ने ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि निराश्रित पेंशन योजना की पात्रता रखने वाली महिलाओं का आवेदन कराएं।

मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने शिविर के माध्यम से आमजन को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज तकनीकी युग में कुछ जागरूक किसान टेक्नालॉजी का सहारा लेकर कम जमीन पर जहां अधिक उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं।

## जिपं सदस्य ने अग्नि पीड़ितों को दी सहायता

**अमानीगंज-अयोध्या।** वरिष्ठ समाजसेवी राजन पांडेय के पुत्र एवं जिला पंचायत सदस्य अंकित पांडेय ने शुक्रवार को रामपुर गौहनियां गांव के अग्नि पीड़ित परिवारों को सहायता दी। क्षेत्र के रामपुर गौहनियां गांव में बुधवार दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग जाने से चार परिवारों की गृहस्ती जलकर राख हो गई थी।

संक्षेप

## आवारा मवेशी से युवक हुआ घायल

**अमेठी।** अवारा गोवंशो को पकड़ने के लिए गांवों में तैनात किए गए सफाई कर्मी खतरों से खेलने को मजबूर हैं। शुक्रवार को टीम में ड्यूटी कर रहे एक सफाई कर्मचारी पर सांड ने हमला कर दिया। सफाई कर्मी को काफी चोंटे आई हैं।बाईक क्षतिग्रस्त हो गई है। शुक्रवार को नरैनी और कोरारी गिरधरशाह न्याय पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों को महमदपुर में घूम रहे अवारा गोवंशो को सरैया दुबान की गोशाला में संरक्षित करने से लगाया गया था।सांडो को खदेड़कर गोशाला ले जाते समय एक सांड ने सफाई कर्मी सभाजीत रावत को दौड़ा लिया। सांड सभाजीत के मोटरसाइकिल पर कूद गया। सभाजीत बाईक के साथ जमीन पर गिर पड़े और बाईक उनके ऊपर आ गई। सभाजीत को काफी चोंटे आई है।बाईक क्षतिग्रस्त हो गई है।

## टक्कर से बाइक सवार घायल

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** दियरा बाजार में शुक्रवार को एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे प्राथमिक उपचार के लिए मोतिगरपुर लाया गया, जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देखते हुए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के खेमाजतपुर गांव निवासी संतोष यादव (35) पुत्र राम लौट शुक्रवार को दियरा राजघाट पर एक अंतिम संस्कार में शामिल होने गए थे। दोपहर बाद वह अपनी बाइक से वापस लौट रहे थे। जैसे ही वह दियरा बाजार पहुंचे, अचानक पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संतोष सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। लोग इलाज के लिए मोतिगरपुर सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर रेफर कर दिया। वहां उनका इलाज चल रहा है।

## हर्षोल्लास से मनाया वार्षिकोत्सव अलंकृति

हरचंदपुर रायबरेली। क्षेत्र के बाबू एलपीएस पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव अलंकृति के रूप में मनाया गया। जिसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के कुल 511 बच्चों ने प्रतिभाग लिया तथा अलग-अलग कार्यक्रम के रूप में सामूहिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती पूजन व दीप प्रज्ज्वलित करके हुआ जिसे विद्यालय के प्रबंधक विनोद कुमार श्रीवास्तव व विद्यालय समिति के उपाध्यक्ष अश्वनी कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब रायबरेली के सचिव वरिष्ठ पत्रकार महेश त्रिवेदी व विद्यालय की प्रधानाचार्या सपना श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना के साथ की गई कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रायबरेली के अपार पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार के बारे में भी समझाया। इस अवसर पर अधिवक्ताओं में एडवोकेट अमरेश श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, नीरज सिंह, प्रभु कुमार, उमेश श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, विपुल दीक्षित, अंशु तिवारी, कौशलेंद्र और राज मिश्रा आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# पुलवामा हमले में शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में जम्मू कश्मीर के पुलवामा में हुए आत्मघाती हमले को काले दिन के रूप में याद किया गया। हमले में शहीद 40 जवानों को प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों के साथ भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।

श्री प्रजापति ने बताया कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भारतीय सुरक्षा कर्मियों को ले जाने वाले सीआरपीएफ के वाहनों के काफिले पर हुए आत्मघाती हमले में 40 भारतीय सुरक्षा कर्मियों की जान गयी थी। यह हमला जम्मू और कश्मीर के पुलवामा जिले में अवन्तिपोरा के निकट लेथपोरा इलाके में हुआ था। जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद के सबसे घातक हमलों में से एक इस घटना को हम काला दिन भी कहते है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों द्वारा किए गये इस हमले में शहीद हुए जवानों का बलिदान व्यर्थ नही गया, हमले के बाद भारत ने बालाकोट में सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को नष्ट किया।

## एम्स की टीम ने सीएम योगी से की मुलाकात

**रायबरेली।** एम्स रायबरेली के अधिशासी निदेशक प्रो. (डॉ) अरविन्द राजवंशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिष्टाचार भेंट की। उनके साथ डीन (अकादमिक) प्रो. नीरज कुमारी, उप-निदेशक (प्रशासन) कर्नल अखिलेश सिंह एवं वित्तीय सलाहकार कर्नल यू एन राय भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने संस्थान के विषय में डॉ राजवंशी से जायजा लिया तथा राज्य सरकार की ओर से हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। डॉ राजवंशी ने एम्स में हो रही प्रगति के बारे में बताते हुए आने वाले वर्षों में होने वाली परियोजनाओं तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्थान के उद्देश्यों व लक्ष्यों के विषय में भी अवगत कराया। डॉ राजवंशी ने एम्स द्वारा महाकुंभ 2025 में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को बताया जिसके लिए योगी जी ने संस्थान की सराहना की।

## फर्जी नियुक्ति दिखाकर वेतन लेने का प्रयास करने वाले चार और शिक्षकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रायबरेली।** फर्जी नियुक्ति पत्र लेकर वेतन की माँग करने वाले चार आरोपियों पर कोतवाली पुलिस व भदोखर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लाल ऋषि इंटर कालेज व भारती षिक्षा निकेतन में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पद की नियुक्ति को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। डीआईओस की जाँच में फर्जी नियुक्ति का खुलासा हुआ है। जिला विद्यालय निरीक्षक की सख्ती का असर दिखने लगा है। जिला विद्यालय निरीक्षक के सख्त निर्देश के बाद लाल ऋषि इंटर कालेज व भारती षिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्यो ने फर्जी नियुक्ति के आधार पर तैनात चतुर्थ श्रेणी पद के पांच कर्मचारियों पर मुकदमा पंजीकृत कराया है। भारती शिक्षा निकेतन के प्रधानाचार्य ने तहरीर देकर बताया कि धर्मेन्द्र प्रताप व राम प्रकाष ने अपनी नियुक्ति भारती शिक्षा निकेतन खागीपुर सडवा में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रुप में दिखाते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक से वेतन की मांग की थी। वेतन न दिए जाने पर उक्त व्यक्तियों ने उच्च न्यायालय की लखनऊ खण्डपीठ में याचिका दायर कर दी थी। उच्च न्यायालय के आदेश से जिला विद्यालय निरीक्षक रायबरेली ने नियुक्तियों की सत्यता की जांच की तो पाया गया कि नियुक्तियां फर्जी थी। इनके द्वारा प्रशासन को गुमराह करके वेतन लेने का प्रयास किया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना भदोखर पुलिस ने धर्मेन्द्र प्रताप व राम प्रकाष पर मुकदमा पंजीकृत किया है। वहीं कोतवाली पुलिस ने लाल ऋषि इंटर कालेज के प्रधानाचार्य की तहरीर पर दो पर मुकदमा दर्ज कराया है।

## दस लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का केस दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज पावर हाउस के अवर अभियंता बृजेश कुमार मौर्य ने बताया कि पूर्व में बकाए पर कटे विद्युत संयोजनों को चेक करने पर बिना विद्युत बिल जमा किए हुए पुनः कनेक्शन जुड़े पाए गए जिसकेकारण 10 लोगों के खिलाफ विद्युत चोरी का मुकदमा दर्ज कराया गया है। अवर अभियंता बृजेश मौर्य ने बताया कि पूरे तबीजन मजरे कुम्हरौड़ा निवासी सुभरतन निशा पत्नी नूर मोहम्मद, बीबो पत्नी जहूर, रोशनी पत्नी मुशर्रत रहमान, अफजल पुत्र अब्दुल रजाक और मुबारकपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र जागेश्वर सहित रामशंकर सिंह पुत्र हौसला सिंह, शैलेन्द्र सिंह पुत्र अर्जुन सिंह, सावित्री सिंह पत्नी शहदेव सिंह ,शीला सिंह पत्नी नकुल सिंह, हरिश्चंद्र पुत्र पारस नाथ सिंह निवासी पांडेपुर, बिशुनखेड़ा के खिलाफ सुसंगत धाराओं में थाना एंटी पावर थेफ्ट रायबरेली में प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं।

## उखड़ी गिट्टियों से राहगीरों को हो रही आवागमन में परेशानी



**बाजार शुक्ल, अमेठी।** सरकार के दावे फेल करने का काम कर रहे ,संबंधित अधिकारी व नेतागढ़ । उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा दिए गए गढ्ढा मुक्ति सड़क अभियान का संबंधित अधिकारी नहीं करवा रहे पालन जहां वर्ष पहले से ही डामर वाली सड़क की गिट्टियां उखड़ी पड़ी हुई है जिससे राहगीरों को साइकिल व मोटरसाइकिल चलाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है तथा स्कूली बच्चों को दूसरी मार्ग पर से जाने के लिए घर से घंटे पहले निकालना पड़ता है उसके बावजूद भी विद्यालय पहुंचने में लेट हो जाते हैं ग्रामीणों से जानकारी ली गई तो लोगों ने बताया कि सबसे बड़ी परेशानी सड़क न बनने से जो सड़क के बगल गंदगी और उखड़ी हुई गिट्टियों से है जिस पर चलने से गिट्टियां फिसलती है और लोग गिरकर चोटिल भी हो जाते हैं समस्या विकासखंड बाजार शुक्ला क्षेत्र अंतर्गत शुकुल बाजार में मार्ग से नहर वाली रोड से जुड़ा लिंक मार्ग जो रहमतगढ़ व पूरे शुक्लन को जाता है यह मार्ग दर्जनों गांवों को जोड़ता है सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे भी हो गए हैं , जिससे चार पहिया वाहनों के आवागमन में दिक्कत होती है ।

## अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़

**अमेठी ।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को उनि जितेन्द्र कुमार थाना मोहनगंज म ? हमराही द्वारा तलाश ,वांछित, संदिग्ध ?क्ति, वस्तु, वाहन चेकिंग के दौरान क्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति उसरी से फूला मार्ग पर बाग में बनी कोठरी में अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे है । सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबन्दी करते हुए हिकमतअमली से चार अभियुक्तों को अवैध शस्त्र बनाते हुए पकड़ लिया गया । पूछने पर एक ने अपना नाम राघवेन्द्र सिंह पुत्र अमित कुमार सिंह निवासी रायपुर टोड़ी थाना नसीराबाद जनपद रायबरेली उम्र करीब 23 वर्ष, दूसरे ने अपना नाम महेश कुमार पुत्र मनीराम निवासी सुब्बा का पुरवा मजरे मधूपुर उमरबल थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 23 वर्ष, तीसरे ने अपना नाम पंकज कुमार सिंह उर्फ राजू पुत्र शिव सिंह निवासी ग्राम कनपुरिया मजरे मधूपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 38 वर्ष, चौथे ने अपना नाम अंकित उर्फ संतोष पुत्र जयलाल निवासी खानापुर चपरा थाना मोहनगंज जनपद अमेठी बताया । मौके से गिरफ्तार अभियुक्तों से 3 निर्मित (1तमंचा 12 बोर, 1 तमंचा 315 बोर, 1 तमंचा 32 बोर), 3 अर्द्ध निर्मित (1तमंचा 12 बोर, 1 तमंचा 315 बोर,1 तमंचा 32 बोर) कुल 6 अवैध शस्त्र, 7 अदद अर्द्ध निर्मित नाल, 2 कारतूस (एक 12 बोर1 315 बोर) व 1 धौकनी, 1 छोटा सिलेंडर, 1 अदद ड्रिल मशीन, हथौडी, कटर, आरी, 6 आरी ब्लेड, लोहे की रेती, पेंचकस, बेंच वाइस राड, 33 अदद स्प्रिग, 1 बण्डल लोहे का तार, पंच, स्क्रू, छेनी आदि भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए । पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि हम लोग मिलकर देशी तमंचा व अद्धी बनाने व बेचने का काम करते है । अवैध शस्त्र बनाने के बाद यही बाग में झाड़ियों में गड्ढा खोदकर दबा देते है और मौका पाकर बेच देते है । बरामदगी के आधार पर चारो अभियुक्तों को थाना मोहनगंज पुलिस ने करीब 1.40 बजे रात्रि में गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

- भारी मात्रा में अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ 4 आरोपी गिरफ्तार

## सदर विधायक ने विधायक निधि से निर्मित बारात घर का किया लोकार्पण



**रायबरेली ।** सदर विधायक अदिति सिंह ने सदर विधानसभा क्षेत्र के हीरालाल का पुरवा में विधायक निधि से निर्मित बारात घर का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि महंगे से महंगे लान में लोगों को अपनी बेटियों की शादी कराने में धन व समय का खर्च करना पड़ रहा है जिसके मद्देनजर सुविधा के अनुकूल व्यवस्था देने के लिए गाँव स्तर पर प्रदेश सरकार ने मुहिम छेड़ कर बारात घरों के निर्माण के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि गांवों में शुभ विवाह के लिए बरात घर आज की उपयोगिता है जिसको लेकर गाँव में भी लोगों को समर्पित किया जा रहा है। उन्होंने सभी वर्गों की समानता एवं उनके जीवन में विकास की ऊर्जा का संचार करने के लोगों को प्रोत्साहित किया। सदर विधायक ने सिकंदरपुर उमरा कसेहटी आदि ग्राम सभाओं में जनसभा को संबोधित किया तथा लोगों से उनकी समस्याओं को लेकर चर्चा की । सदर विधायक ने ग्राम सभा सराय मुगला में पूर्व प्रधान नजीर बेग के बहनोई के आकस्मिक निधन पर उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त की। ग्राम सभा से साररहा मैं संत रविदास की जयंती पर आयोजित भंडारे में शामिल हुई। इस अवसर पर ग्राम सभा के गणमान्य नागरिकों समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# चित्रकला प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम




**सुलतानपुर (वीओएल)।** कटका क्लब सामाजिक संस्था के द्वारा द्वारिकागंज स्थित सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर विद्यालय में 14 फरवरी को शहीद दिवस के रूप में मनाया गया। संस्था द्वारा पुलवामा हमले में शहीदों की याद में महाकुंभ के श्रद्धालुओं को तहरी वितरण और निजी विद्यालय में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में आयुषी विश्वकर्मा को प्रथम स्थान, कौशिकी एवं अंकिता को द्वितीय स्थान और आयुष तिवारी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम कि अगुवाई संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने किया। इस मौके पर उपस्थित मुख्य ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट और समाजसेवी वीर विक्रम सिंह ने बताया कि 2019 की 14 फरवरी को जम्मू कश्मीर के पुलवामा हमले में देश की रक्षा करते हुए हमारे सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हुए थे, और पूरे देश में शोक की लहर फैल गई थी। यह दिन हर भारतीय के दिल में शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है। शिक्षक और साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने बताया कि पुलवामा हमला आज से छह कि पुलवामा हमला सिर्फ एक घटना नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा के लिए एक बड़ी चुनौती थी, जिसका जवाब भारत ने मजबूती से दिया। यह दिन हमें उन बहादुर जवानों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बताया कि पुलवामा हमले की बरसी पर देश का संकल्प 14 फरवरी, 2019 वो काला दिन जिसे भारत के इतिहास में ह्यब्लैक डेह्न के रूप में मनाया जाना चाहिए। इस मौके पर संयोजक शिवम मिश्रा, शैलेश शर्मा, प्रदीप कुमार, कुंती यादव, अंजू शर्मा, रुद्र प्रताप तिवारी आदि लोग मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की हुई मौत

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के मदुरी निवासी दिनेश कुशवाहा पुत्र शैल कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। दुर्घटना लालगंज उन्नाव मार्ग पर मुबारकपुर के पास हुई है। मृतक की बहन रज्जो देवी ने बताया कि दिनेश घर से लालगंज बाजार घरेलू सामान लेने जा रहे थे तभी सामने से आ रहे लोडर पिकअप ने टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लालगंज अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## अटल आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 16 को

**अमेठी।** सहायक श्रम आयुक्त गोविन्द यादव ने बताया कि उप्र भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के तहत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों एवं कोरोना काल में निराश्रित हुए बच्चों (जो महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीकृत हो) तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत पात्र बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोडने व उनके बौद्धिक एवं शारीरिक विकास हेतु श्रम विभाग के अधीन अटल आवासीय विद्यालय का संचालन मण्डल स्तर पर जनपद अयोध्या के रुदौली तहसील अन्तर्गत अमराई गांव में संचालित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उक्त अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में चयन परीक्षा के माध्यम से कक्षा-6 में 140 छात्र/छात्राओं तथा कक्षा-09 में 140 छात्र/छात्राओं को प्रवेश दिया जायेगा, जिसमें कक्षा-6 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से मानसिक क्षमता परीक्षण, अंकगणित परीक्षण तथा भाषा परीक्षण से सम्बन्धित 80 प्रश्न व इसी प्रकार कक्षा-9 में प्रवेश हेतु उम्मीदवारों से अंग्रेजी, हिन्दी, गणित तथा विज्ञान से सम्बन्धित 100 प्रश्न होंगे। उन्होंने बताया कि अटल आवासीय प्रवेश परीक्षा रविवार 16 फरवरी 2025 को कक्षा-6 हेतु 82 बच्चे एवं कक्षा-9 हेतु 88 बच्चे प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे तथा परीक्षा समय कक्षा-6 हेतु 11 से 1 बजे एवं कक्षा-9 हेतु 11 से 1:30 बजे तक होगी।

## वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुत किये विविध कार्यक्रम



**शाहगढ़, अमेठी।** प्राथमिक विद्यालय केशवपुर शाहगढ़ में वार्षिकोत्सव व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम खण्ड शिक्षा अधिकारी ममता सरकार द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। विद्यालय स्टाफ द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी, ग्राम प्रधान, ए आर पी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। आरुषि एकता सेजल अंकुश और कृष्णा ने स्वागत गीत के माध्यम से आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया ।स्वच्छता पर आधारित नाटिका का मंचन सुशांत सेजल आरती साक्षी रूद्र रवि और आर्यन ने किया जो उपस्थित सभी के मन को प्रफुल्लित कर दिया।ए आर पी शशिधर त्रिपाठी, विजय शंकर द्विवेदी ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा शिक्षा में किया जा रहे विशेष कार्यक्रमों के बारे में बताया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री ममता सरकार खंड शिक्षा अधिकारी ने कार्यक्रम एवं स्टाफ के प्रयास की सराहना करते हुए अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की प्रतिज्ञा कारवाई। ग्राम प्रधान राम सजीवन ने विद्यालय के विकास के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। महेंद्र प्रताप मिश्र जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक एसोसिएशन ने सरकारी विद्यालय के महत्व एवं गुणवत्ता के बारे में बताते हुए सभी से सहयोग की अपील की। वंदना एल्युमिनियम के प्रोपराइटर प्रमोद विश्वकर्मा ने विद्यालय के सभी बच्चों को पेन, पेंसिल किट देकर उत्साह वर्धन किया । कार्यक्रम का संचालन आचार्य हरिनाथ पाण्डेय ने किया और अंत में इंचार्ज प्रधान अध्यापक विश्व बंधु उपाध्याय ने सभी को आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में कार्तिकेय सिंह, संगीता देवी, पारसनाथ त्रिपाठी, अमित यादव, पंकज तिवारी, अर्जुन द्विवेदी , कर्मराज यादव आदि अनेक शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित होकर कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रसंशा करते हुए कहा कि विद्यालय मे इस प्रकार का आयोजन होना चाहिए।

## रामगोपाल ने जेईई मेंस की परीक्षा में जिले का नाम किया रोशन



**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** तहसील बल्दीराय के निवासी अरविंद कुमार अग्रहरी के पुत्र रामगोपाल ने जेईई मेंस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने जिले का नाम रोशन किया है। रामगोपाल ने 2025 में सेंशन 1 की जेईई मेंस परीक्षा में 97.5 अंक प्राप्त किए, जो उसकी कड़ी मेहनत और लगन का परिणाम है।

रामगोपाल ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कस्बे के विद्या देवी इंटर कॉलेज से प्राप्त की, इसके बाद डी ए वी स्कूल, यूनिवर्सिटी कुमारगंज अयोध्या में दाखिला लिया और फिर ऑनलाइन शिक्षा के जरिए अपनी पढ़ाई जारी रखी। इस सफलता के बाद, रामगोपाल के माता-पिता और आसपास के लोग गर्व महसूस कर रहे हैं। रामगोपाल के पिता अरविंद कुमार अग्रहरी एक प्राइवेट जॉब करते हैं, जबकि उनकी मां ललिता देवी एक कुशल गृहिणी हैं। इस सफलता पर मां ने खुशी जाहिर करते हुए बेटे का मुंह मीठा करवाया। कस्बे के लोगों ने भी रामगोपाल को बधाई दी और उसकी मेहनत की सराहना की। रामगोपाल की सफलता ने यह साबित कर दिया कि मेहनत और समर्पण से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस शानदार उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## पुलवामा के वीर शहीदों को दी गयी श्रद्धांजलि



**सुलतानपुर (वीओएल)।** पुलवामा हमले की 5वीं बरसी पर एक अनूठी पहल की गई। समाजसेवी संस्था ह्यसंदेश फाउंडेशनह्न ने अपने स्थापना दिवस पर राजकीय मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। 14 फरवरी को आयोजित इस शिविर में 11 लोगों ने रक्तदान कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्साधिकारी ओपी चैधरी ने फीता काटकर किया। रक्तदान करने वालों में संदेश फाउंडेशन के अध्यक्ष और पत्रकार प्रदीप यादव, सुरेश शर्मा, दिनेश सिंह यादव, धर्मेंद्र यादव, शुभम रावत, रिंकेश यादव, दस्तावेज लेखक अरविंद सिंह यादव, गोपाल सिंह यादव, रामप्रकाश गुप्ता, सुरेन्द्र यादव और रामकुमार यादव शामिल रहे। गौरतलब है कि 14 फरवरी 2019 को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में हुए आतंकी हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे। आतंकियों ने 350 किलो विस्फोटक से भरी एसयूवी को सीआरपीएफ की बस से टकरा दिया था। कार्यक्रम में सीएमएस एसके गोयल, ब्लड बैंक प्रभारी आरके मिश्रा, डॉ. अनुराग गुप्ता, डॉ. सुरेश यादव, डॉ. नरेंद्र बहादुर यादव सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## श्रद्धालुओं के लिए दियरा पावर हाउस परिसर में तीसरे दिन भी चला भंडारा

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पावर हाउस दियरा परिसर में शुक्रवार को भी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय व प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह के संयोजन में चल रहे इस भंडारे मे अन्य प्रदेशों से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। देर शाम तक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं प्रसाद ग्रहण कर आयोजको की सराहना की। शुक्रवार को भी विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने स्वयं सेवा भाव से श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराते नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में अमृत स्नान के लिए आए



श्रद्धालुओं की सेवा का अवसर पाकर वे अभिभूत हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं को विनम्रता पूर्वक प्रसाद ग्रहण कराते हुए क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ष्दूसरों की पीड़ा में शामिल होना ही मानव धर्म है ष् प्रमुख चंद्र प्रताप सिंह ने कहा श्रद्धालुओं की सेवा के लिए समर्पित इस भंडारे में लोगों के बीच आपसी सौहार्द और सहयोग की मिसाल पेश की हैं। समाजिक कार्य में स्थानीय कार्यकर्ता एवं समाजसेवी सक्रिय रूप से जुटे रहे। भण्डारे में बीडीओ महेश चंद्र त्रिपाठी, राजमणि सेठ, सजल मिश्र, भोले तिवारी, दिवाकर मौर्य, अनंत , पिंटू सिंह, कमलेश, सुरेश सिंह, घनश्याम, पंकज यादव, रमेश सिंह, जेपी सिंह सहित अन्य लोगों ने योगदान दिया।

# व्यापारियों ने तीर्थ यात्रियों की सेवा कर दिखायी मानवता



**सूरापुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** बिहार के जनपद सुपौल से अयोध्या धाम जा रही एक बस गुरुवार शाम सूरापुर में खराब हो गई, जिससे बाजार में जाम की स्थिति बन गई। बस में सवार तीर्थ यात्रियों को राहत देने के लिए बाजार के व्यापारियों ने तत्परता से मदद की। बस खराब होने की सूचना मिलने पर व्यापारी नेता वीके अग्रहरि विजय के नेतृत्व में व्यापारियों ने तीर्थ यात्रियों को शुक्रवार तक भोजन, स्नान और विश्राम की समुचित व्यवस्था की। तीर्थ यात्रियों ने बिजेथुआ महावीर धाम स्थित अग्रहरि धर्मशाला में जाकर दैनिक क्रियाएं और स्नान किए। हनुमान जी का दर्शन करने के बाद उन्हें सुसज्जित भोजन की व्यवस्था भी की गई। व्यापारियों ने आश्वासन दिया कि अगर बस सही नहीं होती तो रात में भी सभी की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी। बस चालक अनिल के अनुसार, बस बिहार के सुपौल से तीर्थ यात्रियों को लेकर अयोध्या जा रही थी, लेकिन सूरापुर के करीब बस का प्रेशर कम होने से यह खराब हो गई। मिस्त्री के इंतजार में समय बीतते-बीतते रात हो गई। व्यापारियों के सहयोग से महिलाओं और पुरुषों को रातभर शरण दी गई। देवेंद्र सिंह और महेश मोदनवाल ने अपने-अपने घरों में यात्रियों को ठहराया। बिहार से आए तीर्थ यात्री महादेव दास, रामकृष्ण मेहता और अन्य ने बाजार के व्यापारियों की सराहना की। व्यापारियों ने यह सुनिश्चित किया कि तीर्थ यात्रियों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### जमोली बॉर्डर से टांटिया नगर तक लगा जाम

**कूरेभार, सुलतानपुर।** प्रयागराज से अयोध्या राम लला के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की भीड़ कम नही हो रही हैं। लगातार वाहनों की लंबी लाईन लगी हुई हैं। टांटिया नगर, मुजेश टोल प्लाजा, जमोली बॉर्डर के पास श्रद्धालुओं के वाहनों की भारी भीड़ लगी हुई हैं। गुरुवार की रात से श्रद्धालुओं को अयोध्या में भारी भीड़ के चलते रोका गया है। वही जमोली बार्डर से टांटिया नगर तक 18 की मी तक लम्बा जाम लगा हुआ है अयोध्या जाने वाले श्रद्धालुओं को पुलिस जगह जगह से बैरियर लगाकर रोक रही थी। श्रद्धालु इधर उधर भटकते नजर आए। इस दौरान मुजेश से बाबूगंज तक कटका, टांटिया तक भीषण जाम लगा हुआ था। कूरेभार में भी भीषण जाम की स्थिति नजर आयी पुलिस अयोध्या जाने वाले वाहनों को हलियापुर व सेमरी की तरफ डायवर्जन किया। सेमरी रॉड पर इरुल तिराहे तक 4 की मी लम्बा जाम लगा हुआ। जाम में फंसे श्रद्धालुओं राजस्थान के बलोतरा जिले के निवासी राम राज, जसकरन, धामी, सुग्रीव जमुना आदि ने बताया बस से हूं कूरेभार से जमोली बॉर्डर पहुचने में 36 घण्टे लग गए। छोटे वाहन निकल जा रहे हैं ।बड़े वाहन को पुलिस रोक दे रही हैं। देर शाम लगभग 4 बजे पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह कूरेभार चैक से श्रद्धालुओं से धैर्य बनाये रखने व पुलिस द्वारा निर्धारित रूट से आगे बढ़ने की अपील की। गाँव गिराव जाने वाले रास्ते पर वाहनों भारी भीड़ लगी हुई हैं। जगह जगह लोग अयोध्या जाने वाले रास्ते को ढूढ़ रहे हैं।

- पगडंडियों से अयोध्या की तरफ बढ़ रहे श्रद्धालु

## प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह बाबा का अधिवास पंचामृत के साथ प्रारम्भ

**रायबरेली।** मां शीतला मंदिर में हो रही खाटू श्याम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दूसरे दिन सुबह बाबा का अधिवास पंचामृत से प्रारंभ हुआ, कल जो 13 तारीख को भव्य शोभायात्रा से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ उसमे शाम के पूजन में बाबा को जलाधिवास के तहत पूर्ण रात्रि जल में सभी देवता देवी देवताओं के साथ वास कराया गया आज सुबह सभी 22 जजमानों द्वारा बाबा का पंचामृत अधिवास प्रारंभ हुआ आचार्य अरुण शास्त्री जो की हम सभी के मध्य नैमिशराय से पधारे हैं उनके द्वारा मंत्र उचारण व पूर्ण विधि विधान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। आज के कार्यक्रम में यजमान दिनेश व मोनिका खेतान, महेश नारायण व मनीषा अग्रवाल, अमिय व सरिता शुक्ला, राजेश व वर्षा गाडिया, अनुपम व स्वाती अग्रवाल, अनिल व निशा अग्रवाल, अर्पित व हिमांगी सिंघल, अशोक व शवेता श्रीवास्तव, राकेश व अंकिता अग्रवाल, दीपक व संगीता सिंह, गोविंद व किरन बंसल, ललित व सुभाषानी शुक्ला, माया शंकर व एकता शुक्ला, राघव व शिखा मुरारका, ऋषि व प्रियंका अग्रवाल, राजकमल व निशि अग्रवाल, राघव व अविशि सिकरिया, राजेश व प्रेमलता, गोविंद बंसल, रोहित व आशा मित्तल, राकेश व रुकमणि अग्रवाल फुरसतगंज, सौरभ व कोमल अग्रवाल सुल्तानपुर, संजय व वंदना अग्रवाल रहे वसमिति के अन्य सदस्यों में अभिषेक गोयल, मोहित अग्रवाल, पल्लव, महेंद्र , मुकेश अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, रजत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

## चोरी के मुकुट सहित 1 अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा मंदिर से चोरी किए गये मुकुट सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर धातरी के पास से अभियुक्त मनोज पुत्र रामगोपाल निवासी खेडा धातरी थाना सिरसागंज फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया,जिसके कब्जे से मंदिर से चोरी किया गया मुकुट बरामद किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

## साइबर ठगी के रुपये वापस कराये

**फिरोजाबाद।** थाना साइबर अपराध पुलिस टीम ने साइबर ठगी में वादी के 79,000 रुपए सकुशल वापस कराये।शिकायतकर्ता नन्दलाल पुत्र चिरंजी लाल निवासी रूकनपुर थाना शिकोहाबाद द्वारा ऑनलाइन शिकायती पत्र दिया गया था कि अज्ञात साइबर ठगों द्वारा मोबाइल फोन कॉल के माध्यम से धोखाधड़ी कर विभिन्न खातों में 88,614 रुपये डलवाकर साइबर ठगी कर ली गयी है। शुक्रवार को थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा प्रयास करते हुए सम्बन्धित बैंको व नोडल अधिकारियों को पत्राचार किया गया । जिसके क्रम में वादी के कुल 79,000 रुपये वापस कराए गए। वादी द्वारा थाना साइबर अपराध पुलिस टीम का धन्यवाद प्रकट किया गया।

## 1.87 करोड़ के गबन में बार सदस्यता से पूर्व अध्यक्ष व सचिव निष्कासित

**मथुरा।** बार एसोसिएशन में हुये 1.87 करोड़ के गबन का मामला आज एक बार फिर आम सभा में जोरदारी से उठा जिसके बाद कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मदनगोपाल सिंह और पूर्व सचिव गोपाल गौतम को बार की सदस्यता से स्थाई रूप से निष्कासित करने का फैसला लिया गया। इन दोनों की सदस्यता रद्द करने के लिए बार काउंसिल उत्तर प्रदेश व बार काउंसिल आफ इंडिया को पत्र लिखा जाएगा। गबन को लेकर दोनों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया जाएगा और सात दिन में इन्होंने अगर गबन का रूपया जमा नहीं किया तो दीवानी न्यायालय में दावा प्रस्तुत करते हुये रिकवरी कराई जायेगी। शुक्रवार इस संबंध में बार एसोसिएशन के हॉल में आम सभा आयोजित की गयी जिसमें अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और सचिव शिवकुमार लवानियां के अलावा बार एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी और गणमान्य अधिवक्ता मौजूद रहे। उन्हीं के सामने यह फैसला सुनाया गया। बार सचिव ने इस संबंध में बताया कि गबन के इस मामले को लेकर पूर्व कोषाध्यक्ष ब्रजेश गौतम ने प्रार्थनापत्र दिया था। दोनों पूर्व पदाधिकारियों ने कोई हिसाब नहीं दिया था, जिसको लेकर कोषाध्यक्ष ने धरना भी दिया और विरोध जताया। बार एसोसिएशन द्वारा इस मामले को लेकर पांच सदस्यीय जांच समिति बनाई थी जिसने हैदराबाद तक मामले की जांच की और गबन के इस मामले का बारीकी से अवलोकन किया, जिसमें पाया गया कि पूर्व अध्यक्ष और सचिव ने 1 करोड़ 87 लाख का गबन किया है।

## बंद मकानों में हाथ साफ करने वाले गिरफ्तार

**मथुरा।** बंद मकानों, घरों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस कार्यवाही में एक बदमाश के पैर में गोली लगी है। इनसे चोरी का सामान भी बरामद हुआ है। महावन थाना प्रभारी निरीक्षक डेजी पवार ने बताया कि गत रात को पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में चोरी करने वाले घूम रहे हैं। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ ग्राम मनोहरपुर के पास बरेली हाईवे अंडरपास के नजदीक पहुंच गई और चेकिंग शुरू कर दी। थोड़ी देर में एक ऑटो आता दिखाई दिया। पुलिस को देख चालक ने ऑटो भगा दिया। पीछा करने पर ऑटो सवार चोरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। मुठभेड के दौरान मनोज जोगी पुत्र ओमप्रकाश (गैंगस्टर) निवासी ग्राम बसेरा अलीगढ़ हाल निवासी दामोदरपुरा सदर बाजार मथुरा और श्याम पुत्र पप्पू निवासी नारायणपुरी धौलीप्याऊ को गिरफ्तार किया है। मनोज के पैर में गोली लगी है जिसके जिला अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया है। इनके पास से अवैध असलहा, कारतूस, अलग अलग स्थानो से चोरी किये गये माल व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद हुआ है। दोनों शातिर अपराधी हैं जिनके विरुद्ध जनपद के अलग अलग थानो में चोरी, नकबजनी जैसे कई मुकदमें दर्ज हैं।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह की सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक

### एडीजी सुरक्षा, एडीजी आगरा जोन, डीआईजी ने नये प्रस्तावों पर किया विचार-विमर्श




जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि शाही ईदगाह परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर होने वाली त्रैमासिक समीक्षा बैठक शुक्रवार दोपहर पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित की गई। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक सुरक्षा रघुवीर लाल ने श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की इसके साथ सुरक्षा में लगे अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किये। मथुरा पुलिस लाइन में आयोजित होने वाली मीटिंग करने पहुंचे एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल और एडीजी आगरा जॉन अनुपमा कुलश्रेष्ठ को मथुरा पुलिस के जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया इसके बाद सभागार में अधिकारी पहुंचे, वहां एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय लिया।

मीटिंग में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा के विषय में जानकारी ली, जिस पर डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा 3 जोन में बांटी गई है, जिसमें रैड जोन में श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह है, इसके अलावा यलो जोन में बाहरी इलाका है अन्य क्षेत्र को ग्रीन जोन में बांटा गया है।

करीब डेढ घंटे चली बैठक में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए, मीटिंग के बाद बाहर आए डीआईजी शैलेश कुमार पांडे ने बताया कि स्टैंडिंग कमेटी की बैठक हुई है, बैठक में पूर्व के एजेंडे पर वार्ता की गई थी कुछ नए प्रस्ताव रखे गए उन पर भी विचार किया गया, श्री कृष्ण जन्म भूमि शाही ईदगाह की सुरक्षा व्यवस्था को और कैसे सुदृढ़ किया जाए, भीड़ को नियंत्रण किस प्रकार किया जाय और आने वाले श्रद्धालुओं को और बेहतर अनुभव लेकर यहां से जाय, इन सब मुद्दों पर चर्चा आधारित रही। बैठक में एडीजी सुरक्षा रघुवीर लाल के साथ एडीजी जोन आगरा अनुपमा कुलश्रेष्ठ, एडीजी आईवी, पुलिस महानिरीक्षक दीपक कुमार, डीआईजी सीआरपीएफ, डीएम सीपी सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडे, एसपी सुरक्षा बजरंग बलि, एसपी सिटी डॉ अरविंद कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रेमानंद महाराज ने की भक्तों से सावधान रहने की अपील



**मथुरा (मधुसूदन शर्मा)।** वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज और उनके आश्रम के नाम पर दुकानें चल रही है। ऐसी जानकारी होने पर आश्रम की ओर से सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है। जिसमें भक्तों से सावधान रहने की अपील की है।

मथुरा के वृंदावन में संत प्रेमानन्द महाराज और उनके आश्रम के नाम पर दुकानें चल रही हैं। ऐसी जानकारी होने पर आश्रम की ओर से सार्वजनिक नोटिस जारी किया गया है, जिसमें भक्तों से सावधान रहने की अपील की है। नोटिस में कहा गया है कि आश्रम का नाम जोड़कर कोई भी व्यक्ति, शिष्य, परिकर, संत वेषधारी किसी भी विषय में भ्रमित करता है तो ऐसे व्यक्तियों से सावधान व सतर्क

- **उनके नाम पर चल रही दुकानों पर किया नोटिस जारी**

रहने की जरूरत है, उनके झांसे में न आयें। संत प्रेमानन्द महाराज और उनके आश्रम के नाम पर बहुत लोग व्यवसाय कर रहे हैं। किसी ने गेस्ट हाउस पर बोर्ड लगा दिया कि संत के दर्शन के लिये संपर्क करें तो कोई आश्रम के नाम पर कंठी, माला व अन्य सामान की दुकान खोल बैठा है।

आश्रम को जानकारी हुई है कि कई लोग आश्रम के नाम पर रियल स्टेट का कारोबार कर रहे हैं और कुछ हैं जो आश्रम की गौशाला बताकर दान ले रहे हैं। इसे देखते हुए श्री हित राधा केलि कुंज आश्रम की ओर से शुक्रवार को सार्वजनिक सूचना जारी की गई है। जिसमें कहा गया है कि वृंदावन के अलावा आश्रम की अन्य कहीं भी किसी भी प्रकार की कोई शाखा (ब्रांच) नहीं है। आश्रम द्वारा किसी भी प्रकार का भूमि, फ्लैट, प्लॉट, एवं भवन निर्माण आदि के विक्रय का कार्य नहीं किया जाता है। आश्रम का कहीं भी, किसी भी प्रकार का होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा, यात्री विश्राम स्थल, चिकित्सालय, गुरुकुल विद्यालय नहीं है और न ही कोई गौशाला है।

# राजा टोडरमल की मनायी जयंती श्रद्धा सुमन अर्पित किये



**आगरा/फतेहपुर सीकरी।** सम्राट अकबर के नवरत्नों में सुमार राजा टोडरमल की 522 वीं जयंती आज धूमधाम से मनाई गई इस दौरान उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए इस दौरान बड़ी संख्या में राजस्व से जुड़े अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। मुगल काल में उनके निवास बारहदरी जो लाल पत्थर से बना हुआ है उसमें उनकी जन्म जयंती का प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार अनिल चौधरी ने कहा कि भारत में राजस्व प्रणाली के जनक थे राजा टोडरमल, सीतापुर जिले के लहरपुर गांव में उनका जन्म एक सामान्य परिवार में हुआ, राजा टोडरमल अकबर के दरबार में एक बहुत ही उच्च पद पर थे। विशिष्ट अतिथि क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष मधुसूदन टंडन ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मुगल काल में भी काशी विश्वनाथ मंदिर तिरुपति बालाजी मंदिर के निर्माण के साथ तमाम धर्मशाला व कुओं का निर्माण कराया उन्होंने हिंदू संस्कृति को मुगल काल में भी जीवित रखा। कार्यक्रम की अध्यक्षता टोडरमल स्मारक समिति के संयोजक रमेश सविता ने की इस दौरान प्रमुख रूप से खत्री महासभा के महासचिव विजय कपूर, यूथ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अनुज कपूर राजस्व निरीक्षक लाखन सिंह, राजस्व निरीक्षक संजय ठाकुर, लेखपाल सरदार सिंह चौहान, ताराचंद राजपूत, अजय सिंहल, विष्णु सौंख, अमित पाराशर राजकुमार दास समेत कई मौजूद रहे।

## एसएन मेडिकल कॉलेज की 19 वर्षीय छात्रा ने की आत्महत्या, फंदे पर लटकी मिली लाश

**आगरा।** एसएन मेडिकल कॉलेज की छात्रा ने फंदे पर लटक कर जान दे दी। सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गए। परिजनों ने एक युवक पर बेटी को परेशान करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसएन मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन टेक्निकल का कोर्स कर रही कौशांबी की रहने वाली 19 वर्षीय छात्रा ने शोहदे से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। पिता का कहना है कि बेटी लोहामंडी स्थित किराए के मकान में रहती थी। वह रोजाना उन्हें बता रही थी कि एक युवक काफी समय से परेशान कर रहा है। फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इससे वह तनाव में आ गई। बदनामी के डर की वजह से उन्होंने कहीं कोई शिकायत नहीं दर्ज कराई। दो दिन पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के पास युवक का मोबाइल नंबर है। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किया जा रहे हैं।

## स्कूल से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को स्कूल से चोरी किये गये एक कैमरा पंखा एवं 3000 रुपये बरामदगी सहित गिरफ्तार किया गया। शुक्रवार को थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा वादी नीरज सिंह के स्कूल से चोरी किये गये एक कैमरा व एक छत का पंखा तथा 3000 रुपये बरामदगी सहित अभियुक्त दीपक पुत्र जगदीश ग्राम अहमदपुर थाना सिरसागंज फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना सिरसागंज पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

# मैम अपने लड़के को साथ लाती हैं वो हमारे प्राइवेट पार्ट छूता है

**आगरा।** सैंया के कस्तूरबा गांधी विद्यालय की कुछ छात्राओं के जो वीडियो वायरल हुए हैं, वे बहुत चौंकाने वाले हैं। अब ये गहन जांच का विषय है कि बच्चियों ने ये वीडियो खुद बनाये हैं या उनसे रिकार्ड करवाये गये हैं। एक छात्रा तो वायरल वीडियो में विद्यालय की एक टीचर का नाम लेकर बता रही है कि मैम अपने बेटे को साथ लाती हैं और उनका बेटा उनसे बदतमीजी करता है। प्राइवेट पार्ट को छूता है। कस्तूरबा विद्यालय में एक छात्रा की पिटाई और कुछ अन्य छात्राओं के वायरल वीडियो की जानकारी मिलने पर ही उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान बीते कल यहां निरीक्षण के लिए पहुंची थीं। जो वीडियो सामने आए हैं, उनमें से एक वीडियो में एक छात्रा एक टीचर का नाम लेकर बता रही है कि मैम अपने लड़के को भी यहां लेकर आती हैं। वो हमसे बदतमीजी से बात करता है। हमारे प्राइवेट पार्ट को छूता है। मैम हमें अपने घर भी ले जाती हैं। घर पर झाड़ू पोंछा करवाती हैं और बोलती हैं कि मम्मी-पापा और टीचर को मत बताना। काम करने से मना करती हैं तो मारती-पीटती हैं और स्कूल से बाहर कर कहती हैं कि अकेली चली जाओ। यह छात्रा अपनी टीचर के बारे में यह भी बता रही है कि मैम उससे कहती हैं कि क्या तुम्हारा ब्याय फ्रेंड बनाने का मन करता है। मुझे बता दो, मैं बनवा दूंगी तुम्हारा ब्यॉय फ्रेंड। एक अन्य छात्रा वीडियो में एक शिक्षिका का नाम लेकर कह रही है कि मैम ने मुझसे कहा कि दूसरी मैम के बारे में ऐसे-ऐसे बोलना। मुझसे दूसरी मैम के बारे में गलत बुलवा दिया। इसी विद्यालय की तीसरे वायरल वीडियो में एक छात्रा एक शिक्षिका का नाम लेकर कह रही है कि मैम हमें मारती हैं, पीटती हैं, अपना निजी काम करने के लिए बोलती हैं। कहती हैं कि मेरे घर चल। मेरा काम करेगी तो तुझे अच्छे से पढ़ाउंगी। मैं कहती हूं कि ये काम नहीं आता है तो कहती हैं मारूंगी। मेरे मां-बाप नहीं हैं तो कहती हैं कि मैं तुझे तेरी बुआ के घर से भी धक्का मारकर निकलवा दूंगी, ये धमकी देती हैं मुझे।

- **सैंया के कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं के वायरल वीडियो से सामने आ रही हैं सनसनीखेज बातें**

# संस्कृति विश्वविद्यालय के छात्रों ने एमएसएमई आगरा का किया भ्रमण



जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी के विद्यार्थियों का एक दल उद्यम प्रशिक्षण के लिए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग केंद्र आगरा पहुंचा। शिक्षकों के साथ पहुंचे विद्यार्थियों के इस दल ने वहां औद्योगिक प्रशिक्षण के अलावा प्रयोगशालाओं को भी देखा और मशीनों के कार्य करने के तरीकों के बारे में भी अध्ययन किया।

संस्कृति इंजीनियरिंग स्कूल की शिक्षिका डा. रीना रानी ने बताया कि इस औद्योगिक प्रशिक्षण का आयोजन संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी विभाग के द्वारा किया गया था। विद्यार्थियों ने इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान औद्योगिक इकाई के कार्य करने के तरीकों के बारे में व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। साथ ही विद्यार्थियों ने आईओटी लैब, आगमेंटेड रियल्टी लैब, वर्चुअल लैब, फाउंड्री लैब और सीएनसी न्यूमेरिक कंट्रोल लैब का भी अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने लैब टेक्नीशियन से मशीनों और वहां उपस्थित उपकरणों के बारे में अनेक सवाल कर उनके काम करने के तरीकों जाना और अपने ज्ञान में वृद्धि की। डा. रीना रानी बताया कि विद्यार्थियों के ऐसे भ्रमण में उनको प्रत्यक्षतः वे जानकारियां हासिल होतीं हैं जो सिर्फ किताबों से हासिल नहीं हो पातीं। इसके अलावा वे हर प्रणाली को अपने सामने कार्य करते देख पाते हैं और इस तरह वे अपनी स्मृति में सहेज कर ज्ञान में आसान वृद्धि कर लेते हैं।

इस भ्रमण के दौरान संस्कृति स्कूल आफ इंजीनियरिंग के 72 विद्यार्थी इस दल में शामिल थे। इन विद्यार्थियों के साथ सात शिक्षकों का दल भी साथ में था जो विद्यार्थियों के इस भ्रमण को सहज बना रहा था और उनके सवालों का जवाब देकर उनको संतुष्ट कर रहा था।

## भाजपा जिलाध्यक्ष को सौंपा समर्पण राशि का चेक



**टूंडला।** नगर में पंडित दीनदयाल के विचारों और उनके योगदान को स्मरण करके भाजपा द्वारा समर्पण दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। भारतीय जनता पार्टी पूरे देश भर संगठन के लोगों के बीच में समर्पण दिवस मनाया जाता है पंडित दीनदयाल का एकात्म मानववाद सिद्धांत उनकी राष्ट्रवादी सोच भारतीय राजनीति ओर समाज के लिए महत्वपूर्ण स्थान रखती हैं इस समर्पण दिवस पर कार्यकर्ता अपनी स्वेच्छा से पंडित दीनदयाल उपाध्याय के प्रति समर्पण भाव रखकर भाजपा को समर्पण राशि प्रदान करते है इसी क्रम में भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन ने अपना समर्पण राशि का चेक फिरोजाबाद भाजपा जिला अध्यक्ष को सौंपा ओर पार्टी व संगठन के प्रति अपने समर्पण भाव व्यक्त किए सचिन जैन ने भाजपा और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा उनके सिद्धांत ओर उनके मार्गदर्शन पर चलकर समाज की सेवा में अपना योगदान देने का प्रण लिया, इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ब्लॉक प्रमुख नारखी सुशील चक मंडल प्रभारी वीरेन्द्र सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ब्रज क्षेत्र सचिन जैन बिनोद बाबू, राजीव सारस्वत विकास बाल्मीकि और समस्त भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डूब क्षेत्र में कॉलोनी के लिए काटे पेड़ व नष्ट की हरियाली

**आगरा।** यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित होने के बाद अब इसके दायरे में आने वाले निर्माणों का सर्वे कराने की तैयारी है। लेकिन यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित होने के बाद भी कुछ लोग खुलेआम निर्माण कार्य कराने व नई कालोनी के बसाने को प्लाटिंग का कार्य कर रहे हैं। यमुना का 200 मीटर डूब क्षेत्र निर्धारित किया गया है लेकिन लोग 100 मीटर यमुना की खादर को ही कब्जा रहे हैं। आगरा के राधा नगर नई आवादी में गोशाला की जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों द्वारा एएसआई द्वारा घोषित स्मारक व खादर को कब्जाने के लिए सीमेंटेट वाउन्ड्री रातों रात खड़ी कर दी गई जिसकी एडीए व जिम्मेदार विभागों को भनक तक नहीं लगी। वहीं उक्त जमीन पर पहले से दो मंजिला भवनों का एडीए के नोटिश के बाबजूद निर्माण कर लिया गया है। अवैध वाउन्ड्री खड़ी करने बाद बिल्डर द्वारा लगातार प्राचीन पेड़ कटवाने के साथ हरियाली को नष्ट किया जा रहा है। वहीं लोगों का आरोप है कि अब बिल्डर द्वारा उक्त जमीन पर एएसआई द्वारा घोषित संरक्षित स्मारकों को रातों रात ध्वस्त किए जाने की तैयारी की जा रही है। बिल्डर ने संरक्षित स्मारक को भी कब्जा लिया है। क्षेत्रिय लोगों ने बताया कि उक्त डूब क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में प्राचीन पेड़ थे जो तीन से चार दिन में काटवा दिए गये। इस मामले में नागरिकों ने एडीए में मय फोटो सहित उपाध्यक्ष सहित तमाम अधिकारियों को शिकायत की गई है। आपको बता दें कि यमुना किनारे तमाम अवैध निर्माण हो चुके हैं। पूर्व में कुछ अवैध निमार्णों पर एडीए का बुल्डोजर चल भी चुका है। यमुना के डूब क्षेत्र में बड़ी संख्या में निर्माण हो रहे है। कैलाश मंदिर से लेकर दयालबाग, मनोहपुर, जगनपुर, बल्केश्वर से लेकर काफी आगे तक निर्माण हो रहे हैं। यहां कॉलोनियों से लेकर बहुमंजिला इमारतें और फार्म हाउस बन गए हैं। 2014 में पर्यावरणविद डीके जोशी ने याचिका दायर की थी। 2016 में डीके जोशी के निधन के बाद एचएस जाफरी वादी बने थे। तब 7 बड़े प्रोजेक्ट भी डूब क्षेत्र में शामिल थे। इन प्रोजेक्ट की रजिस्ट्री पर रोक लगा दी गई थी। एडीए ने एनजीटी के आदेश पर 2018-19 में सर्वे किया था। तब नमामि गंगा मिशन के आधार पर सिंचाई विभाग ने डूब क्षेत्र का निर्धारण कर मुड्डियां लगाई थीं। इसके बाद एडीए ने एक बिल्डर के लगभग 17 फ्लैट तोड़े थे। एडीए उपाध्यक्ष एम अरुन्मोली का कहना है कि पूर्व में हुई कार्रवाई का अध्ययन करने के बाद डूब क्षेत्र में हुए निमाणों का फिर से सर्वे कराया जाएगा। जो भी निर्माण डूब क्षेत्र की गाइडलाइन में शामिल होंगे। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब यमुना किनारे अवैध निर्माण नहीं हो सकेंगे। प्रदेश सरकार ने यमुना के डूब क्षेत्र को अधिसूचित कर दिया है। इस संबंध में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में एफिडेविट दाखिल किया है। जिसमें गौतमबुद्ध नगर से प्रयागराज तक यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित करने की जानकारी दी है। अब यमुना के डूब क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, एनजीटी और विभिन्न न्यायालयों द्वारा समय-समय पर पारित किए गए आदेश प्रभावी होंगे। आगरा के पर्यावरणविद डा. शरद गुप्ता की याचिका पर एनजीटी ने 11 सितंबर 2024 को राज्य सरकार को यमुना के डूब क्षेत्र को निर्धारित करने का आदेश दिया था। केंद्रीय जल आयोग ने 30 नवंबर 2024 को यमुना में असगरपुर से इटावा और शाहपुर से प्रयागराज तक के डूब क्षेत्र को निर्धारित करते हुए एनजीटी में रिपोर्ट दाखिल की थी। 100 वर्ष में एक बार बाढ़ की प्रत्याशा में डूब क्षेत्र के उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के आधार पर केंद्रीय जल आयोग ने यमुना का डूब क्षेत्र निर्धारित किया। इसके अनुसार, केंद्रीय जल आयोग ने ठक्रृळ में दाखिल की गई अपनी रिपोर्ट में आगरा में यमुना के बाएं किनारे पर अधिकतम 2.55 किमी तक और दाएं किनारे पर अधिकतम 5.09 किमी तक डूब क्षेत्र माना गया। लंबाई व आक्षांश के आधार पर इसकी गणना की गई है। गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा, जालौन, औरैया, कानपुर देहात, हमीरपुर, कानपुर, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज में इन जिलों में डूब क्षेत्र का निर्धारण होगा।

- **बल्केश्वर के राधानगर में लगाई सीमेंट वाउन्ड्री अब संरक्षित स्मारकों को ध्वस्त करने का प्लान**

## प्रशिक्षण का शुभारंभ

**मथुरा।** केन्द्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान, मखदूम में कृत्रिम गभार्धान तकनीक पर 10 फरवरी से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए 22 पशु चिकित्सक अधिकारियों को बकरियों में कृत्रिम गभार्धान विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उड़ीसा से आये हुए 22 पशु चिकित्सकों (20 पुरुष एवं 2 महिला) को कृत्रिम गभार्धान से होने वाले फायदों एवम भारत सरकार के अंतर्गत चलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। इसके साथ ही इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. रवि रंजन, प्रधान वैज्ञानिक ने संस्थान में होने वाली विभिन्न वैज्ञानिक गतिविधियों से परिचित कराया व कृत्रिम गभार्धान से नस्ल सुधार पर विशेष चर्चा की। पशु पालन विभाग, उड़ीसा द्वारा 10 से 12 फरवरी तक प्रायोजित इस कार्यशाला में बकरियों में कृत्रिम गभार्धान पर विशेष प्रशिक्षण दिया जायेगा।

## विभिन्न गतिविधियों के साथ मना प्रकृति प्रेम दिवस

**फिरोजाबाद।** जन आधार कल्याण समिति एवं चर्चित फाउंडेशन द्वारा विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संगठनों से समन्वय स्थापित करते हुए जनपद में पर्यावरण संबंधित विभिन्न गतिविधियों के साथ प्रकृति प्रेम दिवस मनाया गया। जिसमें रसूलपुर शहीद चौक स्थित एसएमजी पब्लिक स्कूल की नन्हीं परियों ने पौध रोपण करते हुए मानव श्रृंखला बनाई और सभी ने एकजुट होकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान शिक्षिका व समाज सेविका जया शर्मा ने बेटियों का मनोबल बढ़ाते हुए उनसे पौधरोपण करवाया और पर्यावरण हित में कार्य कर रहे उत्कर्ष पाठक का उत्साह वर्धन किया। दबरई स्थित सिविल लाइन में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पांडेय, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ.ब्रजमोहन सिंह जिला कम्यूनिटी अधिकारी ग्रामीण रवि कुमार, महिला कल्याण विभाग से अंजुली वर्मा, एसआरजी जया शर्मा व अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं पत्रकारों और प्रबुद्ध जनों ने पेड़ों पर लाल रंग का फीता बांधते हुए जनमानस से अपने प्यार को प्रकृति से जोड़ने व पर्यावरण को बचाने की अपील की। बताते चलें कि तत्कालीन उपनिदेशक बचत आगरा मण्डल आगरा एवं रेडटेप मूवमेंट के संस्थापक प्रभात मिश्र की प्रेरणा से 8 जुलाई 2021 को वन विभाग, एआरटीओ विभाग जिला क्षयरोग केंद्र, नगर निगम की टीम एवं सेवा पथ जन कल्याण समिति सहित क्षेत्रीय पार्षद व नागरिकों के सहयोग से जनआधार कल्याण समिति ने उप्र के जनपद फिरोजाबाद में टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान उस जगह को चिन्हित करते हुए जहां, हरियाली का नामोनिशान नहीं था। वहां, पौधारोपण कर मिट्टी वाली प्लेन भूमि को हरा भरा खूबसूरत पार्क का रूप दिया और विभिन्न विभागीय अधिकारियों व धर्म गुरुओं की उपस्थिति में 14 फरवरी 2023, मंगलवार को इसी पार्क से प्रकृति प्रेम दिवस का शुभारंभ किया था। इस अवसर पर मुख्य रूप से जन आधार कल्याण समिति सचिव प्रवीन कुमार शर्मा सदस्य वॉलिंटियर सौरभ अग्रवाल एवं चर्चित फाउंडेशन कोषाध्यक्ष कश्मीर सिंह, विद्यालय की प्रधानाचार्या सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं और स्टॉफ मौजूद रहा।




# नकल विहीन परीक्षा कराने को सीडीओ ने दिये कड़े निर्देश

**फिरोजाबाद।** सीडीओ शत्रोहन वैश्य की अध्यक्षता में जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर में हाईस्कूल तथा इण्टर की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन व शांतिपूर्ण ढंग से कराये जाने हेतु एक आवश्यक बैठक आयोजित की गयी, सीडीओने माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित कराई जा रही हाईस्कूल तथा इण्टर की बोर्ड परीक्षा नकलविहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु तैनात किये केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को कड़े निर्देश दियें है कि वह प्रतिदिन बोर्ड परीक्षा प्रारम्भ होने से एक घण्टे पूर्व परीक्षा केंद्रों पर पहुंचेगे और सारी व्यवस्थाओ का जायजा लेकर अपनी पूरी देख-रेख में प्रश्नपत्र के लिफाफे खुलवायेंगे और इस आशय के अपने हस्ताक्षर भी करेंगे। उन्होने यह भी निर्देश दियें है कि पूरे परीक्षा समय में तैनात रहकर उत्तर पुस्तिका सील कराने तक परीक्षा केंद्र पर ही मौजूद रहेंगे तत्पश्चात अपनी उपस्थिति कंट्रॉल रूम में दर्ज करायेंगे। सीडीओ ने निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा केन्द्रों पर नकल विहीन परीक्षा पारदर्शितापूर्ण ढंग से कराये जाने एवं उसकी वेबकास्टिंग द्वारा मानिटरिंग किये जाने के उद्देश्य से कम्प्यूटर प्रणाली जिसमें वॉयस रिकार्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा, मॉनीटर, डीवीआर, राऊटर डिवाइस, हाईस्पीड ब्राडबैण्ड कनेक्शन लगे होने की अनिवार्यता के दृष्टिगत इन्हें सम्पूर्ण परीक्षा अवधि में कियाशील रखना केन्द्र व्यवस्थापक की जिम्मेदारी होगी, उन्होने कहा कि इस कम्प्यूटर प्रणाली में जानबूझ कर विचलन या छेड़छाड़ को अनुचित साधन प्रयोग मानते हुए कार्यवाही की जाये, किसी प्राकृतिक आपदा व आकस्मिकता की स्थिति में इन उपकरणों के बन्द होने की दशा में केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को तत्काल सूचित किया जाएगा, साथ ही इन्हें पुनः क्रियाशील करने की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करनी होगी। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि परीक्षा अवधि में परीक्षा केन्द्र परिसर में परिक्षार्थियों, कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षा में लगे अन्य कर्मचारियों द्वारा मोबाइल या इलैक्टॉनिक उपकरणों को एक सुरक्षित बॉक्स में रखवाया जाए, उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर कोई भी परीक्षार्थी नकल सामग्री, मोबाइल कैलकुलेटर अथवा किसी भी प्रकार के इलैक्ट्रॉनिक डिवायस पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। एडीएम विरा विशु राजा ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो कक्ष निरीक्षक नियुक्त होंगे, परीक्षा केन्द्र पर नियुक्त कक्ष निरीक्षकों से उनके परिचय पत्र, आधार कार्ड के साथ कक्ष निरीक्षण कार्य कराते हुए नकलविहीन परीक्षाएं सम्पादित कराना केन्द्र व्यवस्थापक का दायित्व होगा, उन्होने कहा केन्द्र व्यवस्थापक यह सुनिश्चित कर लें कि किसी भी दशा में विषय से संबंधित अध्यापक को विषय से संबंधित परीक्षाओं में कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी न लगायी जाये, इसके अतिरिक्त परीक्षा केन्द्र में आवंटित छात्रों के विद्यालय के शिक्षकों की ड्यूटी वाह्य कक्ष निरीक्षक के रूप में उस कक्ष में न लगायी जाये, उन्होने कहा कि परीक्षा केन्द्र पर डयूटी करने वाले कक्ष निरीक्षकों तथा अन्य कर्मचारियों के परिचय पत्र अनिवार्य रूप से चैक किए जाऐं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक व नमामि गंगे एस पी सिटी, समस्त उप जिलाधिकारी, डीआईओएस धीरेन्द्र कुमार व संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी व केन्द्र व्यवस्थापक आदि उपस्थित रहे।

- **बोर्ड परीक्षा में लगाये गये सभी स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा से एक घण्टे पहले पहुंचकर अपनी उपस्थिति में प्रश्नपत्र के लिफाफे खुलवायें और उत्तर पुस्तिका सील कराने तक तैनात रहेंगे : सीडीओ**



संक्षेप

## सोना रिकॉर्ड 89 हजार रुपये के पार

नयी दिल्ली। आभूषण एवं खुदरा विक्रेताओं की भारी लिवाली के बीच सोने की कीमत 1,300 रुपये बढ़कर 89,400 रुपये प्रति 10 ग्राम के अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 88,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,300 रुपये बढ़कर 89,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 87,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत भी शुक्रवार को 2,000 रुपये उछलकर चार माह के उच्च स्तर एक लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। वृहस्पतिवार को चांदी 98,000 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। कमजोर डॉलर सूचकांक और अमेरिकी शुल्क नीतियों से मिले लगातार समर्थन के कारण सोने की कीमतों में तेजी जारी रही। त्रिवेदी ने कहा कि अब ध्यान आगामी अमेरिकी खुदरा बिक्री के आंकड़ों पर है।

## कर्नाटक ने स्वच्छ परिवहन नीति 2025-30 पेश की

बेंगलुरु। कर्नाटक के ऊर्जा मंत्री के. जे. जॉर्ज ने शुक्रवार को इन्वेस्ट कर्नाटक 2025 के दौरान स्वच्छ परिवहन नीति 2025-2030 पेश की। आधिकारिक बयान के अनुसार, नीति का उद्देश्य कर्नाटक को एशिया के शीर्ष स्वच्छ परिवहन केंद्र के रूप में स्थापित करना है। साथ ही राज्य को टिकाऊ और भविष्य के लिए तैयार परिवहन परिवेश में तब्दील करने तेजी लाना है। नीति का लक्ष्य स्वच्छ परिवहन मूल्य श्रृंखला में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करना है, जिसका मकसद इस क्षेत्र में एक लाख नए रोजगार सृजित करना है। यह कर्नाटक में कुल निवेशित पूंजीगत व्यय पर 25 प्रतिशत तक की सब्सिडी प्रदान करता है।

## बैंकों पर लगाया 68 लाख का जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने नियमों के उल्लंघन के लिए नैनीताल बैंक और उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक पर कुल 68.1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने एक बयान में कहा कि कर्ज पर ब्याज दर और बैंकों में ग्राहक सेवा पर कुछ निर्देशों का पालन न करने के लिए नैनीताल बैंक लिमिटेड पर 61.40 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। इसके अलवा आरबीआई द्वारा जारी कुछ नियमों का पालन न करने के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक पर 6.70 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरबीआई ने गैर-बैंकिंग इकाई श्रीराम फाइनेंस पर भी 5.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

## आईएफएफआई अभियान शुरू

बंगलुरू। इंडिया एनर्जी वीक 2025 में जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का शुभारंभ किया। अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निमार्ता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं।

## जिओस्टार ने लॉन्च किया जिओहॉटस्टार

मुंबई। वायकॉम18 और स्टार इंडिया के विलय से बने जिओस्टार ने जिओहॉटस्टार लॉन्च किया है। इस प्लेटफॉर्म पर जिओसिनेमा और डिजनी+ हॉटस्टार जैसे दो प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एक साथ आ गए हैं। करीब 3 लाख घंटे के मनोरंजन, लाइव स्पोर्ट्स कवरेज और 50 करोड़ से अधिक यूजर्स के साथ जिओहॉटस्टार मनोरंजन की दुनिया को नए आयाम देने और दर्शकों के लिए infinite possibilities के द्वार खोलने के लिए तैयार है। जिओहॉटस्टार का मकसद भारत के हर व्यक्ति तक प्रीमियम मनोरंजन पहुंचाना है। हमारा वादा है infinite possibilities, जिससे मनोरंजन सबका हक बने। हम एआई -ड्रिवन कंटेंट सुझाव और 19 भाषाओं में स्ट्रीमिंग के जरिए दर्शकों को बेहतरीन एक्सपीरियंस देंगे।

# सेंसेक्स में 200 अंकों की गिरावट



मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुक्रवार को लगातार 8वें दिन गिरावट जारी रही।

बाजार में कारोबार की शुरुआत सकारात्मक रुख के साथ हुई, लेकिन जल्द ही शुरुआती बढ़त खत्म हो गई। कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 199.76 अंक या 0.26 प्रतिशत गिरकर 75,939.21 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 699.33 अंक या 0.91 प्रतिशत गिरकर 75,439.64 पर आ गया था। एनएसई निफ्टी 102.15 अंक यानी 0.44 प्रतिशत गिरकर 22,929.25 पर बंद हुआ। आठ कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स 2,644.6 अंक यानी 3.36 प्रतिशत और निफ्टी 810 अंक यानी 3.41 प्रतिशत टूट चुका है। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा अल्ट्राटेक सीमेंट, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी और टाटा स्टील भी नुकसान में रहे। दूसरी ओर नेस्ले, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एचसीएल टेक लाभ में रहे। कंपनियों की कमजोर आय के कारण निवेशकों के बीच जोखिम से बचने की भावना हावी होती जा रही है। कमजोर तिमाही नतीजों, रुपये में गिरावट और शुल्क जैसे बाहरी कारकों से निकट भविष्य में बाजार धारणा कमजोर रहने का अनुमान है। एफआईआई की निकासी जारी रहने से गिरावट बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि जब तक शुल्क पर स्पष्टता नहीं आ जाती है, और कंपनियों की आय में सुधार नहीं होता है, तब तक अस्थिरता बनी रहने का अनुमान है। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़कर बंद हुए, जापान के निक्की में गिरावट हुई। यूरोपीय बाजारों में मिलाजुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को बढ़त के साथ बंद हुए। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बृहस्पतिवार को 2,789.91 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत बढ़कर 75.43 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

# अमेरिका के जवाबी शुल्क लगाये जाने से भारत को अधिक नुकसान नहीं होगा: जीटीआरआई

नयी दिल्ली। अमेरिका सरकार के अपने व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क लगाने के कदम से भारत को अधिक नुकसान होने के आसार नहीं है, क्योंकि दोनों देशों के निर्यात खाके में काफी अंतर है।

आर्थिक शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा कि यदि अमेरिका भारतीय पिस्ता पर 50 प्रतिशत का जवाबी शुल्क लगाता है, क्योंकि भारत भी उतना ही शुल्क लगाता है तो इससे भारत को कोई फर्क नहीं पड़ेगा क्योंकि वह पिस्ता का निर्यात नहीं करता। जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा कि भारत को होने वाले अमेरिकी निर्यात के 75 प्रतिशत मूल्य पर औसत शुल्क पांच प्रतिशत से कम है। इसके विपरीत, भारत को कपड़ा, परिधान तथा जूते जैसी कई श्रम-प्रधान वस्तुओं पर उच्च अमेरिकी शुल्क का सामना करना पड़ रहा है, जो कई उत्पादों पर 15-35 प्रतिशत के बीच है। श्रीवास्तव ने कहा कि दोनों देशों के निर्यात खाके (प्रोफाइल) में अंतर को देखते हुए, जवाबी शुल्क का कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा... (अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड) ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में, जवाबी शुल्क पर अप्रैल में अमेरिका के फैसले का भारत इंतजार कर सकता है और फिर जून 2019 की तरह समान स्तर की जवाबी कार्रवाई कर सकता है। वाशिंगटन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वार्ता के बाद ट्रंप ने घोषणा की कि भारत व्यापार घाटे को कम करने के लिए अमेरिका से अधिक तेल, गैस तथा सैन्य उपकरण खरीदेगा, लेकिन उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत पर जवाबी शुल्क लगाने से अमेरिका कोई परहेज नहीं करेगा। व्यापार समझौते के बारे में उन्होंने कहा कि हालांकि अभी तक इसका ब्योरा स्पष्ट नहीं है लेकिन यह जवाबी शुल्क पर एक सीमित समझौता हो सकता है, जिसकी घोषणा अप्रैल में होने की उम्मीद है। अमेरिका पहले ही इस्पात तथा एल्युमीनियम पर 25 प्रतिशत का शुल्क लगाने की घोषणा कर चुका है जो उसकी जवाबी शुल्क की कार्रवाई से परे है। जीटीआरआई ने यह भी कहा कि अमेरिका की ओर से यह स्पष्ट नहीं है कि जवाबी शुल्क विशिष्ट उत्पादों पर लागू होगा या पूरे क्षेत्र पर।

# ट्रंप के टैरिफ शुल्क का भारत पर असर

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने साफ कहा है कि अमेरिका जवाबी शुल्क लगाने से भारत को छूट नहीं देगा।

ट्रंप ने आयात पर जवाबी शुल्क लगाने की अपनी योजना को आगे बढ़ाया है, जिससे वैश्विक व्यापार युद्ध के और गहराने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2021-24 के दौरान अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार था। अप्रैल-नवंबर 2024-25 के दौरान, दोनों देशों के बीच वस्तुओं का द्विपक्षीय व्यापार 82.52 अरब अमेरिकी डॉलर (52.89 अरब डॉलर निर्यात और 29.63 अरब डॉलर आयात) रहा था। इस दौरान व्यापार घाटा 23.26 अरब डॉलर रहा, जो भारत के पक्ष में है। भारत के कुल माल निर्यात में अमेरिका का योगदान करीब 18 प्रतिशत, आयात में 6.22 प्रतिशत और द्विपक्षीय व्यापार में 10.73 प्रतिशत है। ट्रंप ने सभी इस्पात और एल्युमीनियम आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। यह 12 मार्च से लागू होगा। मूडीज रेटिंग्स ने कहा कि अमेरिका के 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के फैसले के बाद भारतीय इस्पात उत्पादकों को अपने उत्पादों के निर्यात में चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। **सवाल**- शुल्क क्या हैं? **जवाब** - अंतरराष्ट्रीय व्यापार की भाषा में माल के आयात शुल्क, सीमा शुल्क या कर लगाए जाते हैं। आयातकों को यह शुल्क सरकार को देना होता है। आम तौर पर कंपनियां इन करों को अंतिम उपयोगकर्ताओं पर डालती हैं। उदाहरण के लिए, यदि कोई कंपनी 100 रुपये मूल्य के किसी उत्पाद के का आयात कर रही है, जिस पर 10 प्रतिशत सीमा शुल्क है, तो उत्पाद की लागत 110 रुपये हो जाएगी।

यह एक अप्रत्यक्ष कर है, जो किसी देश के लिए राजस्व का एक स्रोत है। एंटी-डंपिंग शुल्क, प्रतिकारी शुल्क या सुरक्षा शुल्क भी शुल्क के प्रकार हैं। **सवाल**- जवाबी और प्रतिशोधी शुल्क क्या है? **जवाब**- आम तौर पर, दोनों का उपयोग एक ही अर्थ में किया जा सकता है। इन्हें व्यापार भागीदारों के शुल्कों में वृद्धि या अधिक शुल्क का जवाब देने के लिए देश लगाते हैं। उदाहरण के लिए, जब 2018 में अमेरिका ने कुछ इस्पात और एल्यूमीनियम उत्पादों पर अधिक शुल्क लगाया, तो भारत ने 29 अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई की।

# रुपया 12 पैसे चढ़कर 86.81 पर बंद



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपये में तेजी जारी रही और यह शुक्रवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 12 पैसे की बढ़त के साथ 86.81 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

हालांकि, विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कच्चे तेल की उंची कीमतों और विदेशी संस्थागत निवेशकों की सतत बिकवाली ने रुपये की तेज बढ़त पर अंकुश लगाया। साथ ही, उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकार के अब एक अप्रैल से जवाबी शुल्क लागू करने की घोषणा के बाद डॉलर में तीव्र तेजी थमी है। इससे उसके व्यापारिक भागीदारों को कुछ राहत मिली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.86 प्रति डॉलर पर खुला और कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 86.79 के उच्च स्तर पर पहुंच गया। इसने 86.90 प्रति डॉलर के निम्न स्तर को भी छुआ और सत्र के अंत में डॉलर के मुकाबले 86.81 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो अपने पिछले बंद से 12 पैसे की तेजी दर्शाता है। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले दो पैसे की मामूली बढ़त के साथ 86.93 पर लगभग स्थिर रहा था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा कि कमजोर अमेरिकी डॉलर सूचकांक की वजह से रुपये में तेजी आई। उन्होंने कहा कि अमेरिकी डॉलर में गिरावट आई क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जवाबी शुल्क के क्रियान्वयन को एक अप्रैल तक टाल दिया, जिससे बाजार की घबराहट शांत हुई है। चौधरी ने कहा कि एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) की लगातार बिकवाली से रुपये पर और दबाव पड़ सकता है। हालांकि, भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा आगे कोई भी हस्तक्षेप, रुपये को निचले स्तरों पर सहारा दे सकता है। कारोबारी, अमेरिका के खुदरा बिक्री और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉलर-रुपया हाजिर मूल्य 86.60 से 87.10 के दायरे में रहने की संभावना है। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती आंकने वाला अमेरिकी डॉलर सूचकांक शुक्रवार को 0.39 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.79 पर रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.35 प्रतिशत बढ़कर 75.28 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। बंबई शेयर बाजार का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 199.76 अंक घटकर 75,939.21 पर बंद हुआ।

# थोक महंगाई जनवरी में घटकर 2.31 प्रतिशत पर



नयी दिल्ली। खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों की कीमतों में गिरावट से थोक मुद्रास्फीति मासिक आधार पर जनवरी में घटकर 2.31 प्रतिशत हो गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 में 2.37 प्रतिशत और जनवरी 2024 में 0.33 प्रतिशत थी।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई जनवरी में घटकर 5.88 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 8.47 प्रतिशत थी। सब्जियों की महंगाई उल्लेखनीय रूप से घटकर 8.35 प्रतिशत रह गई, जबकि दिसंबर 2024 में यह 28.65 प्रतिशत थी। आलू की महंगाई 74.28 प्रतिशत पर उच्च स्तर पर बनी रही और प्याज की मुद्रास्फीति जनवरी में बढ़कर 28.33 प्रतिशत हो गई। इस दौरान टमाटर की कीमतों में गिरावट आई। अंडा, मांस और मछली श्रेणी में मुद्रास्फीति बीते महीने के 5.43 प्रतिशत से घटकर 3.56 प्रतिशत रह गई। ईंधन तथा बिजली श्रेणी में जनवरी में मुद्रास्फीति 2.78 प्रतिशत घटी जबकि दिसंबर में यह 3.79 प्रतिशत थी। विनिर्मित वस्तुओं में मुद्रास्फीति दिसंबर 2024 के 2.14 प्रतिशत की तुलना में जनवरी 2025 में 2.51 प्रतिशत हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति के बुधवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जनवरी में घटकर पांच महीने के निचले स्तर 4.31 प्रतिशत पर आ गई। इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा, हमारा अनुमान है कि वित्त वर्ष 2024-25 में थोक मुद्रास्फीति औसतन 2.4 प्रतिशत रहेगी और वित्त वर्ष 2025-26 में तीन प्रतिशत तक रहेगी। केयर रेटिंग्स की मुख्य अर्थशास्त्री रजनी सिन्हा के अनुसार मौसमी सुधार के कारण आने वाले महीनों में खाद्य पदार्थों की कीमतों में कमी आने की संभावना है। हालांकि, वैश्विक जिंस कीमतों के मोर्चे पर कुछ बाधाएं हैं।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर पर



मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में 7.65 अरब डॉलर बढ़कर 638.26 अरब डॉलर हो गया।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बताया, यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। 31 जनवरी को समाप्त सप्ताह में यह 1.05 अरब अमेरिकी डॉलर बढ़कर 630.607 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया था। रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने में मदद के लिए आरबीआई के विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन के कारण हाल ही में भंडार में गिरावट का रुख रहा था। इससे पहले सितंबर 2024 के अंत में विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 704.885 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। अरबीआई की ओर से जारी आंकड़ों अनुसार, सात फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 6.42 अरब डॉलर बढ़कर 544.11 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। समीक्षाधीन सप्ताह में स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.31 अरब डॉलर बढ़कर 72.21 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.1 करोड डॉलर बढ़कर 17.88 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 7.1 करोड़ डॉलर घटकर 4.07 अरब डॉलर रह गया।

## पेज एक का शेष

### भारत-अमेरिका

अधिकतम वस्तुओं पर सीमा शुल्क को या तो खत्म कर देते हैं या काफी कम कर देते हैं। इसके अलावा, वे सेवाओं में व्यापार को बढ़ावा देने और निवेश को बढ़ावा देने के लिए मानदंडों को भी आसान बनाते हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल के दौरान भारत तथा अमेरिका ने एक छोटे व्यापार समझौते पर चर्चा की थी। लेकिन बाइडन प्रशासन ने इसे टाल दिया था, क्योंकि वे मुक्त व्यापार समझौते के पक्ष में नहीं थे। ट्रंप और मोदी ने द्विपक्षीय व्यापार बाधाओं को दूर करने के लिए आपसी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने हेतु शीघ्र उठाए गए कदमों का भी स्वागत किया। वस्तुओं व सेवाओं में अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय व्यापार 2023 में 190.08 अरब अमेरिकी डॉलर (123.89 अरब डॉलर वस्तु व्यापार और 66.19 अरब डॉलर सेवा व्यापार) था। उस वर्ष, अमेरिका को भारत का माल निर्यात 83.77 अरब डॉलर था, जबकि आयात 40.12 अरब डॉलर था। इसमें अमेरिका का व्यापार घाटा 43.65 अरब डॉलर था।

### अंतरिक्ष अन्वेषण

बयान के अनुसार, मोदी और ट्रंप ने अंतरिक्ष अन्वेषण में और अधिक सहयोग का आह्वान किया, जिसमें लंबी अवधि के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन, अंतरिक्ष उड़ान सुरक्षा और संबंधित उभरते क्षेत्रों में विशेषज्ञता और पेशेवर आदान-प्रदान को साझा करना शामिल है। बयान में कहा गया नेताओं ने पारंपरिक और उभरते क्षेत्रों, जैसे कनेक्टिविटी, उन्नत अंतरिक्ष उड़ान, उपग्रह और अंतरिक्ष प्रक्षेपण प्रणाली, अंतरिक्ष पर्यटन और उन्नत अंतरिक्ष विनिर्माण में उद्योग की भागीदारी के माध्यम से वाणिज्यिक अंतरिक्ष सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री की 12-13 फरवरी की अमेरिका यात्रा, 20 जनवरी को ट्रंप के शपथग्रहण के लगभग तीन सप्ताह बाद हुई। संयुक्त बयान में, नेताओं ने 2025 को अमेरिका-भारत असैन्य अंतरिक्ष सहयोग के लिए एक अग्रणी वर्ष के रूप में सराहा, जिसमें एएक्सआईओएम के माध्यम से नासा-इसरो के प्रयास से पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ले जाने की योजना बनाई गई। इसमें संयुक्त निसार मिशन के जल्द शुरू होने का भी उल्लेख किया गया है, जो दोहरे रडार का उपयोग करके पृथ्वी की सतह पर परिवर्तनों को व्यवस्थित रूप से विश्लेषण करने वाला अपनी तरह का पहला मिशन है। नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार या निसार का उपयोग भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा कृषि मानचित्रण और भूस्खलन-संभावित क्षेत्रों सहित विभिन्न उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

### यूपी में नौ

से मुंशी पुलिया चौराहा फ्लाईओवर (दो किमी) शामिल है। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कुल 588 करोड़ रुपये की 114 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस मौके पर कहा कि डबल इंजन की सरकार लखनऊ को न केवल एयरो सिटी बल्कि कृत्रिम मेधा (एआई) शहर के रूप में भी विकसित कर रही है। जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हो रहा है और राज्य के हर नागरिक को बेहतर बुनियादी ढांचा और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ को 1000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनायें मिली है, जिसमें 440 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग की दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं और करीब 600 करोड़ रुपये की विभिन्न राज्य परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास शामिल है। उन्होंने कहा कि लखनऊको मेट्रो शहरों की तरह विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के मार्गदर्शन एवं सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने प्रदेश के विकास के लिए हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लखनऊके समग्र विकास पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश राजधानी क्षेत्र की तर्ज पर लखनऊ को योजनाबद्ध तरीके से विकसित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के ऐतिहासिक आयोजन को उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक और आर्थिक समृद्धि का प्रतीक बताया।

### 26/11 हमले

इंसानों में से एक और मुंबई आतंकवादी हमले के साजिशकर्ताओं में से एक को भारत में न्याय का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित करने को मंजूरी दे दी है। इसलिए, वह न्याय का सामना करने के लिए भारत वापस जा रहा है। जनवरी में अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राणा की समीक्षा याचिका खारिज कर दी और उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। भारत ने पिछले महीने कहा था कि वह राणा के शीघ्र प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था, अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने 21 जनवरी को आरोपी की याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। हम अब मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी को शीघ्र भारत प्रत्यर्पित करने के लिए प्रक्रियागत मुद्दों पर अमेरिका के साथ काम कर रहे हैं।

### सोशल मीडिया

में हुए एक कार्यक्रम का था। इसे महाकुंभ की घटना के रूप में गलत तरीके से पेश किया गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि राष्ट्रवादी और धार्मिक व्यक्तियों ने सेना के जवानों पर जूते फेंके थे। अधिकारियों ने पुष्टि की कि वीडियो वास्तव में पटना के गांधी मैदान में फिल्म पुष्पा 2 के प्रचार कार्यक्रम का था, जहां अनियंत्रित भीड़ ने अमर्यादित बर्ताव किया था। सांप्रदायिक तनाव भड़काने के प्रयास के आरोप में 15 सोशल मीडिया अकाउंट के खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। बयान के मुताबिक, पिछले महीने महाकुंभ से संबंधित गलत एवं भ्रामक सूचना फैलाने के आरोप में कुल 53 सोशल मीडिया अकाउंट को चिह्नित कर कानूनी कार्रवाई की गयी। 13 जनवरी, 2025 को एक सोशल मीडिया अकाउंट ने झूठा दावा किया कि उत्तर प्रदेश अग्निशमन सेवा द्वारा आयोजित एक नियमित अग्नि शमन अभ्यास कुंभ मेले में वास्तव में आग लगने की घटना थी।

इसी तरह, दो फरवरी को सात सोशल मीडिया अकाउंट ने नेपाल की एक घटना के वीडियो को महाकुंभ में हुई भगदड़ से जोड़कर गलत तरीके से प्रसारित किया। उसी दिन एक अन्य अकाउंट ने झूठा आरोप लगाया कि महाकुंभ में शामिल होने वाले लोगों के अंगों को निकालने के बाद उनके शवों को नदी में फेंका जा रहा है। कुछ दिनों बाद, सात फरवरी को एक फेसबुक अकाउंट ने एक भ्रामक वीडियो साझा किया, जिसमें भीड़ प्रबंधन के उपाय को भगदड़ के रूप में प्रस्तुत किया गया।

नौ फरवरी को 14 सोशल मीडिया अकाउंट ने झारखंड के धनबाद से एक वीडियो को साझा किया, जिसमें दावा किया गया कि उत्तर प्रदेश पुलिस अपने लापता रिश्तेदारों की तलाश कर रहे श्रद्धालुओं की पिटाई कर रही है। एक और घटना 12 फरवरी को हुई, जब सात सोशल मीडिया अकाउंट ने गाजीपुर से 2021 का एक वीडियो साझा किया, जिसमें झूठा दावा किया गया कि भगदड़ पीड़ितों के शव गंगा में दिखाई दे रहे हैं।

### दिल्ली में 700

अधिक ऐसी गोलियां बरामद की है, जिसके लोग आदि बन सकते हैं।

पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल 784 स्थानों पर छापेमारी की गई। अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत पुलिस ने अवैध हथियारों और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ भी कार्वाई की। दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत कुल 157 मामलों में 161 गिरफ्तारियां हुईं और 33,000 से अधिक शराब की बोतलें बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा, शस्त्र अधिनियम के 27 मामलों में 29 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से एक रिवॉल्वर, एक पिस्तौल, छह देसी पिस्तौल, 11 कारतूस, 18 चाकू और 24,000 रुपये नकद जब्त किए गए हैंइसके अतिरिक्त, शस्त्र अधिनियम के 27 मामलों में 29 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे एक रिवाल्वर, एक पिस्तौल, छह देशी पिस्तौल, 11 जिंदा कारतूस, 18 चाकू, एक सर्जिकल ब्लेड और 24,000 रुपये नकद जब्त किए गए। विशेष पुलिस आयुक्त ने बताया, कुल 909 लोगों को एहतियातन हिरासत में लिया गया है। इसके अलावा, जुआ खेलने के तीन मामलों में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

### देवभूमि के

के समापन के अवसर पर हमें देश के गृहमंत्री अमित शाह का सानिध्य प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में उत्तराखंड में पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन हुआ। खेलों के इस महा समागम में देशभर से आये 16 हजार से अधिक एथलीटों ने 35 खेल विधाओं में प्रतिभाग कर कुल 448 स्वर्ण, 448 रजत और 594 कांस्य पदक जीते। कई खिलाड़ियों द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अनेक रिकॉर्ड स्थापित किए गए और भविष्य में भारत का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता रखने वाले बहुत से चैंपियन भी उभर कर सामने आये हैं। इन खेलों में जहां हमने पहली बार योग और मलखंब जैसे अपने पारंपरिक खेलों को शामिल करने का कार्य किया वहीं रात्रि काल में रिवर राफ़्टिंग की प्रतियोगिता का आयोजन कर विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राष्ट्रीय खेल में देहरादून, हरिद्वार, रुद्रपुर, हल्द्वानी और ऋषिकेश जैसे मैदानी शहरों के साथ ही अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और टिहरी जैसे सुदूर पहाड़ी स्थानों में भी खेल स्पर्धायें आयोजित की गयी। चकरपुर जैसे एक छोटे से कस्बे में भी राष्ट्रीय खेलों की प्रमुख स्पर्धा का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय खेल में जितने भी वाटर स्पोर्ट्स के इवेंट्स हुए, सभी को उत्तराखंड की हाई एल्टिट्यूड पर स्थित झीलों एवं नदियों में आयोजित किया गया। इन खेलों के आयोजन के लिए अस्थाई निर्माण की बजाय प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर स्थाई स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित करने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों को सफलतापूर्वक आयोजन के साथ उत्तराखंड ने इन खेलों में 24 स्वर्ण पदकों के साथ रिकॉर्ड 103 पदक अर्जित किए हैं।

### महाकुंभ : अब

अभिव्यक्ति महान सनातन के प्रति दृढ़ होती आस्था का परिचायक है। मुख्यमंत्री ने कहा वास्तविक अर्थों में भारत की लोक आस्था का यह अमृतकाल है। एकता और आस्था के इस महायज्ञ में पवित्र स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त करने वाले सभी पूज्य साधु-संतों, धर्माचार्यों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन। उन्होंने कहा, मानवता के इस महोत्सव के सकुशल आयोजन में सहभागी महाकुंभ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुंभ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाईउ भगवान तीर्थराज प्रयाग सभी की मनोकामना पूर्ण करें।

### ऊर्जा क्षेत्र

के सहयोग और पहले दौर में ब्लॉकों के लिए बोली लगाने में रिलायंस का उल्लेख किया, जो उद्योग साझेदारी का एक मजबूत संदेश है। वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि तेल आपूर्ति बढ़ाने के लिए नए अमेरिकी प्रशासन के प्रयासों ने वैश्विक बाजारों में अनुकूल परिस्थितियां पैदा की हैं। उन्होंने ब्राजील, अर्जेंटीना, सूरीनाम, कनाडा, अमेरिका और गुयाना सहित पश्चिमी गोलार्ध से नए तेल स्त्रोतों के उभरने को भारत जैसे प्रमुख उपभोक्ता देशों के लिए फायदेमंद बताया।




# रोहित और विराट विदाई मैच विश्वकप में हो : दर्शक

## रोहित और विराट को दक्षिण अफ्रीका में 2027 विश्व कप खेलते देखना चाहते हैं स्थानीय क्रिकेट प्रेमी



जोहानिसबर्ग। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म के बावजूद रोहित शर्मा और विराट कोहली के प्रशंसकों की दक्षिण अफ्रीका में कमी नहीं है और उन्हें उम्मीद है कि 2027 में यहां होने वाले वनडे विश्व कप में वे दोनों भारतीय दिग्गजों को खेलते देखेंगे। जोहानिसबर्ग के रहने वाले शहजाद पटेल ने यहां हाल ही में संपन्न एसए20 के दौरान भाषा से कहा कि मैने यहां वांडरर्स पर 2007 टी20 विश्व कप फाइनल देखा था जब महेंद्र सिंह धोनी की टीम ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था। मुझे श्रीसंत का वह कैच आज भी याद है।

एस श्रीसंत ने टी20 विश्व कप 2007 के फाइनल में जोगिंदर शर्मा की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग में मिसबाह उल हक का कैच लपका था जिससे पाकिस्तान की उम्मीदें ध्वस्त हो गई और भारत ने खिताब जीता। गुजरात मूल के पटेल ने कहा कि मौजूदा भारतीय टीम में मेरे पसंदीदा खिलाड़ी विराट और रोहित हैं। हम चाहते हैं कि सूर्यकुमार यादव, विराट और रोहित यहां 2027 में विश्व कप खेलें। हम चाहते हैं कि विराट और रोहित का आखिरी मैच यहीं हो। हम उन्हें यहीं से विदाई दें। सत्रह वर्ष के रेनार्ड लोउ भारतीय कप्तान रोहित के फैन हैं लेकिन अभी तक हिटमैन को टीवी पर ही देखा है। उन्होंने कहा कि मुझे क्रिकेट बहुत पसंद है और आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स मेरी पसंदीदा टीम है लेकिन मुझे रोहित शर्मा की बल्लेबाजी देखना अच्छा लगता है। वह शानदार बल्लेबाज है और उसके पुल शॉट गजब के होते हैं। इमरान इब्राहिम का मानना है कि अगर फाफ डु प्लेसी 40 वर्ष की उम्र में खेल सकते हैं तो विराट और रोहित 2027 विश्व कप क्यो नहीं खेल सकते। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि विराट और रोहित को 2027 विश्व कप खेलना चाहिये। अगर फाफ खेल सकता है तो बाकियों को किसने रोका है। विश्व कप में अभी समय है और तब तक ये दोनों अपने चिर परिचित फॉर्म में लौट आयेंगे। इब्राहिम ने यह भी कहा कि वह भविष्य में एसए20 में और भारतीय खिलाड़ियों खासकर सीएसके के करिश्माई पूर्व कप्तान धोनी को देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय एसए20 में दिनेश कार्तिक ही एकमात्र भारतीय है। हम चाहते हैं कि शुभमन गिल, रोहित और विराट भी खेलें। यहां सभी छह टीमें आईपीएल की हैं लेकिन एक और टीम होनी चाहिये ..आरसीबी और धोनी के आने से एसए20 की रौनक बढ़ जायेगी। वेस्टर्न केप के रहने वाले एंजेल एडम्स को जसप्रीत बुमराह पसंद है और वह उनके कैरियर के शुरूआती दिनों से उनके मुरीद हैं। उन्होंने कहा कि मुझे 2027 विश्व कप का इंतजार है। भारतीय टीम खासकर बुमराह और विराट का। विराट अगर अपनी फिटनेस का यूं ही ध्यान रखे तो वह जरूर विश्व कप खेलेगा। उन्होंने कहा कि बुमराह की गेंदबाजी की शैली अनूठी है। मैं तब से उसे देख रहा हूं जब उसने आईपीएल में पदार्पण किया था। अब तो वह एलीट लीग में आ चुका है और दुनिया का सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज है। भारतीय मूल की दक्षिण अफ्रीकी प्रशांटा गावांडा को धोनी पसंद है और वह चाहती है कि 2027 विश्व कप में कोच के तौर पर भारत के साथ आयें। उन्होंने कहा कि मैने वांडरर्स पर लंबे बाल वाले धोनी को टी20 विश्व कप जीतते देखा है। मैं तब बहुत छोटी थी। अब विश्व कप में जड्डू (रविंद्र जडेजा), हार्दिक पंड्या, विराट और केएल राहुल को देखना चाहती हूं। धोनी अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलते हैं लेकिन कोच बनकर आ सकते हैं। सेंचुरियन में सुपर स्पोर्ट पार्क पर हॉकी और क्रिकेट उपकरण बेचने वाली सेंचुरियन क्रिकेट कंपनी के सह मालिक मौरिस को विराट और बुमराह का इंतजार है। यह पूछने पर कि वह किन भारतीय खिलाड़ियों को 2027 में यहां विश्व कप खेलते देखना चाहते हैं, उन्होंने कहा कि विराट, बुमराह और सभी को। भारतीय टीम बहुत अच्छी है और दक्षिण अफ्रीका में काफी लोकप्रिय भी। उन्होंने कहा कि हम भारत के शुक्रगुजार हैं जिसने एसए20 में अपनी आईपीएल टीमें भेजी। हमें एक और टीम की जरूरत है और वह है आरसीबी। दक्षिण अफ्रीका में आरसीबी के काफी प्रशंसक हैं और इसकी वजह विराट तो हैं ही, साथ ही एबी डिविलियर्स और फाफ भी हैं जो उसके लिये खेल चुके हैं।

# प्रो लीग हमारे लिए बहुत बड़ा मौका : सलीमा टेटे



भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि एफआईएच प्रो लीग उनकी टीम के लिए अपनी कमजोरियों को दूर करने का शानदार मौका है और वह चाहती है कि उनके खिलाड़ी परिणाम की परवाह किए बिना अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करें। भारतीय टीम अपने अभियान की शुरुआत शनिवार को यहां इंग्लैंड के खिलाफ करेगी। इसके बाद वह रविवार को फिर से इंग्लैंड का सामना करेगी। भारतीय टीम 18 और 19 फरवरी को स्पेन से खेलेगी।

इसके बाद भारतीय टीम 21 और 22 फरवरी को जर्मनी तथा 24 और 25 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ खेलेगी। सलीमा ने पहले मैच की पूर्व संध्या पर कहा कि हम अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करेंगे। कुछ खिलाड़ी हैं जो ओलंपिक के बाद अपने पहले प्रो लीग मैच में खेलेंगे। उन्होंने कहा कि जीत और हार खेल का हिस्सा है लेकिन सबसे महत्वपूर्ण अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना है। यह हमारे लिए बहुत बड़ा मौका है लेकिन हम परिणाम के बारे में नहीं सोच रहे हैं। हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करेंगे और हमारा ध्यान प्रत्येक मैच पर है। सलीमा ने कहा कि पिछले साल अप्रैल में टीम से जुड़ने वाले मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने टीम पर व्यापक प्रभाव छोड़ा है। उन्होंने कहा कि टीम संस्कृति और खिलाड़ियों के बीच आपसी संबंधों में मजबूती आई है। अगर टीम की संस्कृति अच्छी होती है तो उसका असर मैदान पर भी दिखता है। हमारे अपने कोच के साथ अच्छे संबंध हैं। भारतीय होने के कारण हरेंद्र सर के साथ काम करना आसान हो जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी समझता है कि वह क्या कहना चाहते हैं। संवाद कोई समस्या नहीं है। अगर हम किसी चीज से सहमत नहीं हों तो हम हरेंद्र सर से कहते हैं और वह हमारी बात पूरे धैर्य के साथ सुनते हैं।

## संक्षेप

### इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे तेंदुलकर

नयी दिल्ली। चैम्पियन बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर पहली इंटरनेशनल मास्टर्स लीग में भारत के कप्तान होंगे जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज कुमार संगकारा श्रीलंका की कप्तानी करेंगे। टूर्नामेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जायेगा। भारतीय मास्टर्स टीम का ऐलान यहां शुक्रवार को किया गया जिसमें विश्व कप विजेता युवराज सिंह, सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी हैं। इरफान ने एक विज्ञप्ति में कहा कि लीग के पहले सत्र में इंडिया मास्टर्स टीम का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। सचिन तेंदुलकर और अन्य साथियों के साथ अतीत में इतने खुशनुमा और अनमोल पल साझा किये हैं कि बहुत अच्छा लग रहा है। श्रीलंका मास्टर्स टीम में पूर्व आक्रामक बल्लेबाज रोमेश कालूवितरणा, तेज गेंदबाज सुरंगा लकमल और सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा हैं। भारत और श्रीलंका के अलावा इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज भी इसमें भाग लेंगे।

### इगा स्वियातेक कतर ओपन के सेमीफाइनल में

दोहा। तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए एलेना रयबाकिना को 6-2, 7-5 से हराकर कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में जगह बनाने के लिए स्वियातेक का सामना येलेना ओस्टापेंको से होगा, जिन्होंने ओन्स जाबेउर को 6-2, 6-2 से हराया। रूस की एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा ने छठी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को 4-6, 6-1, 6-1 से हराकर अपना विजय अभियान जारी रखा। विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर मौजूद रूसी खिलाड़ी ने इस सप्ताह के शुरू में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका को हराया था। सेमीफाइनल में अलेक्जेंड्रोवा का मुकाबला एक अन्य अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने यूक्रेन की मार्टा कोस्त्युक को 4-6, 7-5, 6-4 से पराजित किया।

### बेन सियर्स चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर

क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज बेन सियर्स हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं, जो 19 फरवरी से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट से पहले कीवी टीम के लिए एक बड़ा झटका है। न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) ने सियर्स की जगह पर जैकब डफी को अपनी टीम में शामिल किया है। एनजेडसी ने बयान में कहा कि कराची में बुधवार को टीम के पहले अभ्यास सत्र के दौरान सियर्स को अपने बाएं हैमस्ट्रिंग में कुछ दर्द महसूस हुआ और बाद के स्कैन में मामूली चोट का पता चला जिससे उबरने में उन्हें कम से कम दो सप्ताह का समय लग जाएगा।

# प्रो लीग का प्रत्येक मैच जीतना करना हमारा लक्ष्यः हरमनप्रीत



भुवनेश्वर। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य एफआईएच प्रो लीग के प्रत्येक मैच को जीतना और लीग में शीर्ष पर रहकर 2026 में होने वाले विश्व कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। भारत शनिवार को भुवनेश्वर में स्पेन के खिलाफ अपने एफआईएच प्रो लीग अभियान की शुरुआत करेगा। भारत इसके बाद अगले दिन फिर से स्पेन का सामना करेगा। इसके बाद वह 16 और 19 फरवरी को जर्मनी से खेलेगा।

हरमनप्रीत ने एफआईएच प्रो लीग के उद्घाटन से पहले कहा, हॉकी इंडिया लीग से हमारा अभ्यास अच्छा चल रहा है। हम महीनों से तैयारी कर रहे हैं, एचआईएल से बहुत कुछ सीखा है। हम अपनी फिटनेस बनाए रखने में भी सक्षम हैं। उन्होंने कहा, हम सिर्फ अच्छी हॉकी खेलना चाहते हैं, सभी खिलाड़ी अच्छी स्थिति में हैं और हमारा लक्ष्य विश्व कप को देखते हुए (प्रो लीग में) हर मैच जीतना है। पुरुष हॉकी विश्व कप 14 से 30 अगस्त 2026 तक वेवरे, बेल्जियम और अम्स्टेलवीन, नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा। वर्तमान में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ ड्रैगफ्लिकरों में से एक हरमनप्रीत ने एचआईएल के शीर्ष स्कोरर जुगराज सिंह की फ्लिक करने की क्षमता की प्रशंसा की और कहा कि घरेलू खिलाड़ियों का इस तरह से सामने आना राष्ट्रीय टीम के लिए अच्छे संकेत हैं। उन्होंने कहा कि हमने एचआईएल में कुछ अच्छे घरेलू खिलाड़ी देखे हैं। यह युवाओं के लिए एक अच्छा मौका था और उन्होंने इसका पूरा फायदा उठाया। जुगराज ने सर्वाधिक गोल किए और उसका प्रदर्शन शानदार रहा। मैं उसके लिए खुश हूं और यह राष्ट्रीय टीम के लिए भी फायदेमंद है। हरमनप्रीत ने के साथ ही कहा कि उनकी टीम स्पेन को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि स्पेन की टीम बहुत अच्छी है और हम उसे हल्के से नहीं ले सकते हैं। हमारा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके मैच जीतने पर है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग टीम के लिए उचित संयोजन तैयार करने का एक मौका है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए यह उचित टीम संयोजन तैयार करने का मौका है। हम कुछ चीजों को आजमाएंगे और देखेंगे कि हमारे लिए सबसे बेहतर क्या है।

# दस महीने खेलने से चोटों का खतरा और बढ़ेगा : कपिल देव

कोलकाता। विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेटरों के चोटिल होने की बढती घटनाओं पर चिंता जताते हुए इसकी वजह व्यस्त कैलेंडर को बताया जिसमें खिलाड़ी साल में करीब दस महीने तक खेलते हैं। बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी इन दिनों खिलाड़ियों के रिहैबिलिटेशन का केंद्र बन गया है जहां खिलाड़ी अभ्यास से ज्यादा समय रिकवरी में बिता रहे हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस कड़ी में ताजा नाम बन गए हैं जिन्हें कमर की चोट के कारण सिडनी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट से बाहर रहना पड़ा। चैम्पियंस ट्रॉफी के लिये प्रारंभिक टीम में शामिल होने के बावजूद बुमराह अंतिम टीम से बाहर हो गए। मोहम्मद शमी 14 महीने तक चोट के कारण बाहर रहे।1983 विश्व कप विजेता कपिल ने यहां टाटा स्टील गोल्फ पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान कहा मुझे चिंता यही है कि वे साल में दस महीने खेल रहे हैं। यह पूछने पर कि क्या चैम्पियंस ट्रॉफी में बुमराह की कमी खलेगी, कपिल ने खिलाड़ियों से चोटिल खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की बजाय एक दूसरे का सहयोग करने पर फोकस रखने के लिये कहा।

# दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के मैच में शेफाली पर होगी नजर



वडोदरा। पहले टूर्नामेंट के विजेता मुंबई इंडियंस और दो बार फाइनल में जगह बनाने वाले दिल्ली कैपिटल्स के बीच शनिवार को यहां होने वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के मैच में सभी की निगाहें विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा पर टिकी रहेंगी जिनका लक्ष्य अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना होगा।

मुंबई और दिल्ली दोनों टीमों ने पहले दो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी। मुंबई दूसरे टूर्नामेंट के एलिमिनेटर में बाहर हो गया था जबकि दिल्ली को फाइनल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से हार का सामना करना पड़ा था। इससे पता चलता है कि यह दोनों टीम कितनी अच्छी हैं और इसलिए उनके बीच रोमांचक मुकाबला होने की संभावना है। मुंबई ने अपने प्रमुख खिलाड़ियों को टीम में बनाए रखा है और उसके टीम संयोजन में किसी तरह के खास बदलाव की संभावना नहीं है। भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गई है और मुंबई ने उनकी जगह बाएं हाथ की स्पिनर पारुनिका सिसोदिया को लिया है जिन्होंने हाल ही में अंडर-19 महिला टी 20 विश्व कप में भारत को चैंपियन बनने में अहम भूमिका निभाई थी। अंडर-19 टी20 विश्व कप विजेता टीम की एक अन्य सदस्य जी कमलिनी पर भी निगाहें रहेंगी, जिन्होंने सात मैच में 143 रन बनाए थे। मुंबई के पास हरमनप्रीत कौर के रूप में अनुभवी कप्तान और बल्लेबाज है। उसकी टीम में कुछ कुशल विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं जिनमें नेट साइवर-ब्रंट (इंग्लैंड), हेले मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), अमेलिया केर (न्यूजीलैंड) के साथ-साथ दक्षिण अफ्रीका की नादिन डी क्लार्क, शबनिम इस्माइल और क्लो ट्राइटन प्रमुख हैं। जहां तक दिल्ली का सवाल है तो सभी की निगाहें विस्फोटक भारतीय बल्लेबाज शेफाली पर होंगी जिन्होंने राष्ट्रीय टीम से बाहर होने के बाद घरेलू क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया। वह अपनी इस फॉर्म को यहां जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है। दिल्ली के पास शेफाली और मेग लैनिंग के रूप में खतरनाक सलामी जोड़ी है जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, इंग्लैंड की एलिस कैप्सी और भारत की जेमिमा रोड्रिग्स उसके मध्य क्रम की धुरी हैं।

**टीम इस प्रकार हैं:**

मुंबई इंडियंसः हरमनप्रीत कौर (कप्तान), अक्षिता माहेश्वरी, अमनदीप कौर, अमनजोत कौर, अमेलिया केर, क्लो ट्रायॉन, हेले मैथ्यूज, जिन्तिमनी कलिता, कीर्तना बालाकृष्णन, नादिन डी क्लर्क, नताली साइवर-ब्रंट, परुनिका सिसौदिया, सजीवन सजना, संस्कृति गुप्ता, जी कमलिनी (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), सैका इशाक, शबनीम इस्माइल।

दिल्ली कैपिटल्सः मेग लैनिंग (कप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, स्नेह दीप्ति, एलिस कैप्सी, एनाबेल सदरलैंड, अरुंधति रेड्डी, जेस जोनासेन, मारिजैन कैप, मिन्नू मणि, एन चरणी, निकी प्रसाद, राधा यादव, शिखा पांडे, नंदिनी कश्यप (विकेटकीपर), तानिया भाटिया (विकेटकीपर), सारा ब्राइस (विकेटकीपर), तितास साधु।

मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

# क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने की बात को खेल मंत्रालय ने बकवास करार दिया



नयी दिल्ली। खेल मंत्रालय ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि एशियाई खेलों या ओलंपिक खेलों में पदक जीतने की संभावना बढ़ाने के लिए देश के प्रतिभाशाली युवा क्रिकेटरों को बेसबॉल खिलाड़ी बनाने पर विचार करेगा।

मंत्रालय ने इस तरह की अटकलों को कपोल कल्पित करार देते हुए कहा कि इस तरह के विचार पर कभी भी किसी भी स्तर पर चर्चा या विचार नहीं किया गया है। मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा कि इस सप्ताह की शुरुआत में मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) की बैठक में इस तरह के किसी भी सुझाव पर चर्चा नहीं की गई। उन्होंने स्पष्ट किया कि बेसबॉल इस समय एक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय महासंघ भी नहीं है। सूत्र ने कहा, यह पूरी तरह से काल्पनिक है। बेसबॉल को मंत्रालय से मान्यता भी हासिल नहीं है। साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण) क्रिकेट में क्यों आएगा या क्रिकेट खिलाड़ियों को बेसबॉल खिलाड़ी में क्यों बदलेगा। बेसबॉल 1994 से एशियाई खेलों और 1992 से ओलंपिक खेलों का हिस्सा रहा है। भारत ने इस खेल में कभी भाग नहीं लिया है। देश में एक भारतीय एमेच्योर बेसबॉल महासंघ है जो खेल की वैश्विक संस्था से संबद्ध है, लेकिन यह खेल मंत्रालय से मान्यता प्राप्त नहीं है और ना ही सरकार से किसी भी तरह के वित्त पोषण का हकदार है। मंत्रालय के सूत्र ने कहा, एमओसी की बैठक में इस पर चर्चा नहीं की गई।

# आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी विजेता को मिलेगी 22.40 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि



दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने पाकिस्तान और संयुक्त अरब अमीरात में 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी की पुरस्कार राशि में 53 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है और अब विजेता टीम को 22 लाख 40 हजार डॉलर (लगभग 20 करोड रुपए) मिलेंगे।

उपविजेता को इसकी आधी राशि 11 लाख 20 हजार डॉलर (9.72 करोड़ रुपये) मिलेगी। सेमीफाइनल में हारने वाली टीमों को 560,000 डॉलर (4.86 करोड़ रुपये) मिलेंगे। कुल पुरस्कार राशि 60 लाख 90 हजार डॉलर (लगभग 60 करोड़ रुपये) कर दी गई है। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने बयान में कहा, यह पुरस्कार राशि खेल में निवेश करने और हमारी प्रतियोगिताओं की वैश्विक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाती है। किसी भी टीम को ग्रुप चरण में जीत हासिल करने पर 34,000 डॉलर (30 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि मिलेगी। पांचवें या छठे स्थान पर रहने वाली प्रत्येक टीम को 350,000 डॉलर (तीन करोड़ रुपये), जबकि सातवें और आठवें स्थान पर रहने वाली टीमों को 140,000 अमेरिकी डॉलर (1.2 करोड़ रुपये) मिलेंगे। इसके अलावा प्रतियोगिता में भाग लेने वाली सभी आठ टीमों में से प्रत्येक को 125,000 डॉलर (1.08 करोड़ रुपये) की गारंटी मिलेगी। पाकिस्तान 1996 के बाद पहली बार आईसीसी की किसी प्रतियोगिता की मेजबानी कर रहा है। भारतीय टीम हालांकि सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान का दौरा नहीं कर रही है और वह अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। पाकिस्तान में होने वाले मैच कराची, लाहौर और रावलपिंडी में खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में भाग ले रही आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। आईसीसी अध्यक्ष ने कहा कि आईसीसी पुरुष चैंपियनशिप ट्रॉफी 2025 क्रिकेट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इस टूर्नामेंट की फिर से वापसी हो रही है जिसमें वनडे में सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं भाग लेती हैं और इसका हर मैच महत्वपूर्ण है। पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन 2009 से 2017 तक प्रत्येक चार साल में किया गया लेकिन इसके बाद कोविड और इसकी प्रासंगिकता को लेकर उठ रहे सवालों के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 1998 हुई थी और इसका आयोजन तब प्रत्येक दो साल में किया जाता था।

महिला चैंपियंस ट्रॉफी टी20 प्रारूप में 2027 में शुरू होगी।

# एथलीटों ने रचा इतिहास, 20 स्वर्ण सहित 43 पदक जीते

देहरादून। राष्ट्रीय खेलों में रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 पदक हासिल किए हैं। इनमें 20 स्वर्ण, 16 रजत और 7 कांस्य पदक शामिल हैं। एथलेटिक्स में रिलायंस फाउंडेशन के एथलीटों ने झंडे गाड़ दिए और कुल 21 पदक अपने नाम किए। 100 मीटर, 200 मीटर और 4x100 मीटर रिले में तीन स्वर्ण पदक जीतकर अनिमेष कुजूर स्टार खिलाड़ी बनकर उभरे। ज्योति याराजी ने स्वर्ण जीतने का सिलसिला जारी रखते हुए 100 मीटर बाधा दौड़ और 200 मीटर स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक तेजस शिरसे ने पुरुषों की 110 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण जीतकर पदकों की संख्या में इजाफा किया। ज्योति और तेजस दोनों ने पिछले तीन राष्ट्रीय खेलों में लगातार स्वर्ण पदक जीता है। सावन ने भी 5000 मीटर और 10000 मीटर में स्वर्ण पदक दिलवाए, किरण म्हात्रे ने 10000 मीटर रजत पदक जीता। इसके साथ ही किरण ने 2025 में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप के लिए भी क्वालिफाई कर लिया है।

# अच्छी तैयारी के साथ भारत दौरे पर आये थे : ब्रेंडन मैकुलम

अहमदाबाद। इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम ने उन सुझावों को खारिज कर दिया है कि उनकी टीम ने भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी।

रवि शास्त्री और केविन पीटरसन ने बुधवार को खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा था कि जो रूट को छोड़कर इंग्लैंड के किसी भी खिलाड़ी ने वनडे श्रृंखला के लिए पर्याप्त तैयारी नहीं की थी। भारत ने इस श्रृंखला के तीनों मैच जीतकर क्लीन स्वीप किया था। मैकुलम ने इंग्लैंड की तीसरे वनडे में हार के बाद टॉकस्पोर्ट से कहा कि यह पूरा बयान ही तथ्यात्मक रूप से गलत है कि हमने अच्छी तैयारी नहीं की थी। उन्होंने कहा कि हम बहुत अच्छी तैयारी के साथ यहां आए थे। हमारे खिलाड़ी काफी क्रिकेट खेल कर यहां आए थे। परिणाम अनुकूल नहीं रहने पर यह कहना आसान हो जाता है कि हमने पर्याप्त तैयारी नहीं की थी।

इंग्लैंड की टीम ने नागपुर में खेले गए पहले वनडे से पूर्व अभ्यास सत्र में भाग लिया था लेकिन इसके बाद अगले दो मैच में उसने अनौपचारिक अभ्यास सत्र का विकल्प चुना था। अगले हफ्ते पाकिस्तान और दुबई में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड को अपने आखिरी वनडे मैच में भारत से 142 रन से हार का सामना करना पड़ा। इंग्लैंड को वनडे श्रृंखला से पहले पांच मैच की टी20 श्रृंखला में भी भारत से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। मैकुलम ने जैकब बेथेल (हैमस्ट्रिंग) और जेमी स्मिथ (पिंडली) की चोटों का भी हवाला दिया। उन्होंने कहा, हमारे खेलने की एक शैली, एक तरीका है जिस पर हम पूरा विश्वास करते हैं। हमारे कुछ खिलाड़ी चोटों से जूझ रहे हैं। आखिरकार जो कहा गया है वह तथ्यात्मक रूप से गलत है और हम जिस पर विश्वास करते हैं उस पर कायम रहेंगे।

# शाह ने दी पुलवामा के शहीदों को श्रद्धांजलि

## पुलवामा हमले के बाद हवाई हमलों के जरिये आतंकवादियों को दिया गया मुंहतोड़ जवाब



हल्द्वानी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को पुलवामा आतंकवादी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि दी और पाकिस्तान में हवाई हमलों के जरिये आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ की। आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के आत्मघाती हमलावर ने 14 फरवरी 2019 को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लेथपोरा-पुलवामा में विस्फोटकों से भरी अपनी कार से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के काफिले में शामिल बस में टक्कर मार दी थी, जिससे 40 जवान शहीद हो गए थे।

हमले के कुछ दिन बाद भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों ने पाकिस्तान के अंदर बालाकोट में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों पर बमबारी की थी। पुलवामा हमले की बरसी पर शाह ने कहा कि जवानों की शहादत ने देश की सीमाओं को सुरक्षित बना दिया है। गृह मंत्री ने हल्द्वानी में 38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, 2019 में आज ही के दिन पुलवामा में हमारे 40 जवान शहीद हो गए थे। लेकिन उनकी शहादत ने देश की सीमाओं को सुरक्षित बना दिया। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें दिल से श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। लेकिन पुलवामा हमले के बाद किये गए हवाई हमलों के जरिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया। शाह ने दावा किया कि पुलवामा हमले और उसके बाद हुए हवाई हमलों ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। उन्होंने कहा, इसने दुनिया भर के आतंकवादियों को संदेश दिया कि वे हमारे सैनिकों या हमारी सीमाओं के साथ खिलवाड़ न करें।

### महाराष्ट्र सरकार से नये आपराधिक कानून लागू करें

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार से राज्य के सभी पुलिस आयुक्तालयों में तीन नए आपराधिक कानूनों को जल्द से जल्द लागू करने को कहा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महाराष्ट्र में आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर यहां मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मौजूदगी में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए शाह ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र सरकार को नए आपराधिक कानूनों के अनुसार अभियोजन निदेशालय बनाना चाहिए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम ने क्रमशः औपनिवेशिक युग की भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का स्थान लिया है। ये नए कानून पिछले साल एक जुलाई से लागू हुए।

## तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पर काम किया जा रहाः विदेश सचिव मिसरी



वाशिंगटन। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत तहव्वुर राणा के आत्मसमर्पण और अमेरिका से उसके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पर काम कर रहा है। उनका यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति की उस घोषणा के बाद आया जिसमें कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने 26।11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।

मिसरी ने बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को यहां एक पत्रकार सम्मेलन में कहा, यह एक ऐसा मुद्दा है जिस पर अमेरिकी प्राधिकारियों ने बहुत स्पष्ट निर्णय लिए हैं। व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी देने की घोषणा की। मुंबई में 26।11 के आतंकवादी हमलों में संलिप्तता का आरोपी राणा भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा वांछित है। राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की समय-सीमा के बारे में पीटीआई-भाषा द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में मिसरी ने कहा, हम उसके आत्मसमर्पण और भारत प्रत्यर्पण की प्रक्रिया पर काम कर रहे हैं। कुछ अंतिम चरण पूरे किए जाने हैं। दोनों पक्ष इस विशेष मुद्दे पर संपर्क में हैं। प्रधानमंत्री की अमेरिका यात्रा के दौरान जारी भारत-अमेरिका संयुक्त बयान में कहा गया है कि मोदी और ट्रंप ने इस बात पर पुनः जोर दिया कि आतंकवाद के वैश्विक संकट से लड़ा जाना चाहिए तथा दुनिया के हर कोने से आतंकवादियों के ठिकानों को समाप्त किया जाना चाहिए। पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस के एक मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में बंद है। माना जाता है कि वह मुंबई के 26।11 हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली से जुड़ा है। भारत ने पिछले महीने कहा था कि वह राणा के शीघ्र प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अधिकारियों के साथ काम कर रहा है।

**संक्षेप**

### राजनीतिक दलों को आरटीआई के दायरे में लाने की याचिका

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को केंद्र, निर्वाचन आयोग और छह राजनीतिक दलों से उन याचिकाओं पर लिखित में जवाब देने को कहा, जिनमें चुनावों के दौरान जवाबदेही सुनिश्चित करने और काले धन पर रोक लगाने के लिए उन्हें सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के दायरे में लाने का अनुरोध किया गया है। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ इस मुद्दे पर गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) और वकील अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर दो अलग-अलग जनहित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, हम इसे अंतिम सुनवाई के लिए किसी नॉन-मिसलेनियस दिन लेंगे। इस बीच, दलीलें पूरी होनी चाहिए। नॉन-मिसलेनियस दिन से आशय ऐसे दिन से है जब न्यायालय केवल सूचीबद्ध मामलों की सुनवाई करता है, आपातकालीन याचिकाओं की नहीं। इनमें बुधवार, बृहस्पतिवार और शुक्रवार शामिल हैं। एडीआर का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि उनकी याचिका पिछले 10 वर्षों से लंबित है। पीठ ने वादियों से कहा कि वे अंतिम सुनवाई से पहले अधिकतम तीन पृष्ठों में लिखित दलीलें दाखिल करें और सुनवाई 21 अप्रैल के सप्ताह के लिए निर्धारित कर दी।

## अस्थिबाधित महिला उम्मीदवार जमकर नाचती दिखी, सिविल सेवा में चयन पर उठे सवाल

इंदौर (मध्यप्रदेश)। खुद को अस्थिबाधित बताकर दिव्यांग कोटे में जिला आबकारी अधिकारी के पद पर चुनी गई एक महिला उम्मीदवार के जमकर नाचते हुए वीडियो सामने आने के बाद बेरोजगार युवाओं के संगठन ने उसके चयन को लेकर शुक्रवार को सवाल उठाए और गड़बड़ी के आरोप लगाते हुए राज्य सरकार से जांच करने की मांग की। नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य राधे जाट ने एक बयान में कहा कि प्रियंका कदम नामक उम्मीदवार अपने अस्थिबाधित होने का प्रमाणपत्र लगाकर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग (एमपीपीएससी) की आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2022 में विकलांग कोटा के तहत शामिल हुई थीं।

उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के पिछले महीने घोषित परिणाम के मुताबिक प्रियंका का चयन जिला आबकारी अधिकारी के पद पर हुआ है। जाट ने कहा कि प्रियंका के वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं जिनमें उन्हें जमकर नाचते देखा जा सकता है। उन्होंने एमपीपीएससी की आयोजित सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी के आरोप लगाए और मांग की कि इस परीक्षा में दिव्यांग कोटे से चयनित सभी उम्मीदवारों की भोपाल स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जानी चाहिए। जाट ने कहा कि इन उम्मीदवारों की घोषित दिव्यांगता की एम्स के चिकित्सकों द्वारा पुष्टि किए जाने के बाद ही उन्हें सरकारी नियुक्ति दी जानी चाहिए। सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी के आरोपों पर एमपीपीएससी की प्रतिक्रिया कई प्रयासों के बाद भी नहीं मिल सकी है।

## मोदी की यात्राओं में खामियां निकालना कांग्रेस की आदत

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा को ऐतिहासिक बताया और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उनकी आलोचना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की विदेश यात्राओं में खामियां निकालना कांग्रेस नेताओं की आदत बन गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रभावशाली अमेरिका यात्रा ने भारत-अमेरिका के संबंधों को मजबूत किया है, जैसा पहले कभी नहीं हुआ। यह एक ऐतिहासिक यात्रा थी। उन्होंने अमेरिका यात्रा के दौरान मोदी की उपलब्धियां भी गिनाईं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा कि 26।11 मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी के बारे में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणा को भारत के लिए एक बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत बताया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, 26।11 आतंकी हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा को भारत लाया जाएगा। उन्होंने (प्रधानमंत्री मोदी) अमेरिका को इसके लिए राजी किया। यह भारत के लिए बहुत बड़ी कूटनीतिक जीत है। उन्होंने उद्योगपति गौतम अदाणी के कथित भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने का मोदी पर आरोप लगाने के लिए राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस



नेता को यह ध्यान रखना चाहिए कि मोदी ने देश के प्रधानमंत्री और 140 करोड़ लोगों के नेता के रूप में अमेरिका का दौरा किया था, न कि भाजपा नेता के रूप में। उन्होंने राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, प्रधानमंत्री के विदेश दौरों में कमियां निकालना कांग्रेस की आदत बन गई है। इससे पहले राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा अमेरिका में उद्योगपति गौतम अदाणी से जुड़े मामले में की गई टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को आरोप लगाया कि विदेश में प्रधानमंत्री मोदी के लिए रिश्वतखोरी और देश की संपत्ति को लूटना व्यक्तिगत मामला बन जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में गौतम अदाणी से जुड़े सवाल पर कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है और हमारे संस्कार, हमारी संस्कृति वसुधैव कुटुंबकम की है। हम पूरे विश्व को अपना एक परिवार मानते हैं। हर भारतीय को मैं अपना मानता हूं। मोदी ने कहा कि ऐसे व्यक्तिगत मामलों के लिए दो देश के मुखिया न मिलते हैं, न बैठते हैं न बात करते हैं।

## द्विपक्षीय सहयोग से तीसरे पक्ष को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिएः चीन

बीजिंग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बैठक पर सधी हुई प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग ने शुक्रवार को कहा कि द्विपक्षीय सहयोग में चीन को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए और इससे किसी तीसरे देश के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने मोदी और ट्रंप की मुलाकात पर कहा कि एशिया-प्रशांत शांतिपूर्ण विकास का केंद्र है, न कि भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का क्षेत्र। मोदी और ट्रंप के बीच हुई वार्ता में रक्षा सहयोग को मजबूत करने के अलावा अमेरिका और भारत के बीच घनिष्ठ साझेदारी को स्वतंत्र, खुले, शांतिपूर्ण एवं समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण मानने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। गुओ ने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि चीन का मानना है कि देशों के बीच संबंधों और सहयोग में चीन को मुद्दा नहीं बनाया जाना चाहिए या अन्य के हितों को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए तथा यह शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए अनुकूल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विशेष समूह बनाने तथा गुटीय राजनीति और गुटीय टकराव में शामिल होने से सुरक्षा नहीं आएगी तथा किसी भी तरह से एशिया-प्रशांत एवं पूरे विश्व को शांतिपूर्ण और स्थिर नहीं रखा जा सकेगा। मोदी और ट्रंप के बीच बृहस्पतिवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को हुई वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में कहा गया कि दोनों देश भारत-अमेरिका रक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने पर सहमत हुए हैं और 21वीं सदी के लिए एक नयी पहल- यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट (सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसर उत्पन्न करना) शुरू की है।

## यूक्रेन ने रूस पर लगाया आरोप, रूस ने नकारा

कीव। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने शुक्रवार को कहा कि उच्च विस्फोटकों से लैस एक रूसी ड्रोन ने रात के समय कीव स्थित चर्नोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र के बाहरी सुरक्षात्मक आवरण पर हमला किया।

जेलेंस्की और संयुक्त राष्ट्र परमाणु एजेंसी ने कहा कि हालांकि हमले से विकिरण का स्तर नहीं बढ़ा है। वहीं रूसी सरकार के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने शुक्रवार को यूक्रेन के दावे नकार दिया। पेस्कोव ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, परमाणु बुनियादी ढांचे, परमाणु ऊर्जा प्रतिष्ठान पर हमला करने जैसी कोई बात ही नहीं है, ऐसा कोई भी दावा सच नहीं है। हमारी सेना ऐसा नहीं करती। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी अधिकारियों ने हमले का दावा इसलिए किया क्योंकि वे वार्ता के माध्यम से युद्ध को समाप्त करने के प्रयासों को विफल करना चाहते थे। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से शांति समझौता करने को कहा है। पेस्कोव ने कहा कि यह स्पष्ट है कि ऐसे लोग हैं



(यूक्रेनी सरकार में) जो बातचीत की प्रक्रिया के किसी भी प्रयास का विरोध करना जारी रखेंगे और यह भी स्पष्ट है कि वे लोग इस प्रक्रिया को पटरी से उतारने की हर संभव कोशिश करेंगे। उधर संयुक्त राष्ट्र परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने हमले के लिए किसी को जिम्मेदार नहीं ठहराया, हालांकि कहा कि घटनास्थल पर तैनात उसकी टीम ने विस्फोट की आवाज सुनी तथा उन्हें बताया गया कि एक ड्रोन ने बम गिराया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि ड्रोन हमले से सुरक्षा आवरण को नुकसान पहुंचा और वहां आग लग गई, जिसे बुझा दिया गया है। यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा यह कहे जाने के दो दिन बाद हुआ कि वह युद्ध समाप्त कराने के लिए बातचीत के वास्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करेंगे। ट्रंप के इस बयान से ऐसा संकेत मिलता है कि मानो पुतिन ही महत्वपूर्ण हैं और किसी भी शांति वार्ता में जेलेंस्की के साथ-साथ यूरोपीय सरकारों को भी दरकिनार किया जा सकता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी ने कहा कि चर्नोबिल पर हमला स्थानीय समयानुसार देर रात 1:50 बजे हुआ। एजेंसी ने कहा कि आंतरिक कवच में नुकसान के कोई संकेत नहीं है। आईएईए प्रमुख राफेल रॉसी ने एक्स पर कहा कि चर्नोबिल हमला और जापोरिजिया परमाणु संयंत्र के पास सैन्य गतिविधि में हाल ही में वृद्धि लगातार परमाणु सुरक्षा जोखिमों को रेखांकित करती है।

**इंटरटेनमेंट...**

## आईफा में लापता लेडीज और भूल भुलैया-3 ने बनायी जगह






नयी दिल्ली। अंतराष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आईफा) 2024 में लापता लेडीज, भूल भुलैया-3 और स्त्री 2-सरकटे का आतंक को लोकप्रिय श्रेणी में सबसे अधिक नामांकन हासिल हुए हैं। आयोजकों ने रविवार को इसकी घोषणा की। किरण राव के निर्देशन में बनी लापता लेडीज नौ नामांकन के साथ शीर्ष पर है, जबकि अनीस बज्मी निर्देशित भूल भुलैया-3 और अमर कौशिक की स्त्री 2-सरकटे का आतंक क्रमशः सात और छह नामांकन के साथ दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं। जयपुर में आठ-नौ मार्च को आयोजित होने वाले आईफा अवॉर्ड समारोह के रजत जयंती संस्करण में सर्वश्रेष्ठ फिल्म, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, मुख्य भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (महिला और पुरुष), सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (महिला और पुरुष), नकारात्मक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, संगीत निर्देशन और पार्श्व गायन (पुरुष और महिला) सहित कुल 10 श्रेणियों में कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा।

### संसद भवन में होगी फिल्म रामायण : द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम की स्क्रीनिंग

नयी दिल्ली। संसद भवन में 1993 की जापानी-भारतीय एनीमेशन फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम की विशेष स्क्रीनिंग 15 फरवरी को आयोजित की जाएगी। फिल्म वितरण कंपनी गीक पिक्चर्स ने रविवार को यह जानकारी दी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, फिल्म के प्रदर्शन में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ-साथ संसद सदस्य और सांस्कृतिक क्षेत्र से विशेष आमंत्रित व्यक्ति भी शामिल होंगे। गीक पिक्चर्स के सह-संस्थापक अर्जुन अग्रवाल ने एक बयान में कहा यह सिर्फ एक फिल्म का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि हमारी समृद्ध विरासत और रामायण की कालातीत कथा का उत्सव है, जो हमें प्रेरित करने के साथ हमारा मार्गदर्शन करती है। रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम भारत में 24 जनवरी को मूल अंग्रेजी संस्करण के अलावा हिंदी, तमिल और तेलुगु में एक साथ रिलीज हुई थी।

## नस्ली टिप्पणी के आरोप में एल्विश यादव तलब



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने मिस अरुणाचल का खिताब अपने नाम करने वाली और रियलिटी शो बिग बॉस की प्रतिभागी रही चुम दरांग के खिलाफ नस्ली टिप्पणी करने के आरोप में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर एल्विश यादव को तलब किया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि एनसीडब्ल्यू ने यादव को सोमवार को उसके समक्ष पेश होने के लिए कहा है। अरुणाचल प्रदेश राज्य महिला आयोग ने यादव द्वारा दरांग के खिलाफ की गई अपमानजनक और नस्ली टिप्पणी की 11 फरवरी को कड़ी निंदा की थी। एपीएससीडब्ल्यू की अध्यक्ष केंजुम पकम ने राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष को लिखे एक पत्र में कहा कि यादव की टिप्पणी न केवल दरांग का अपमान है, बल्कि पूरे पूर्वोत्तर भारत की महिलाओं का भी अपमान है।

## सिनेमाई ऑडियो कहानी मंच वेलवेट से जुड़े पंकज त्रिपाठी



नयी दिल्ली। अभिनेता पंकज त्रिपाठी सिनेमाई ऑडियो कहानी मंच वेलवेट में सह-संस्थापक के रूप में शामिल हो गए हैं। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह मंच भारत की समृद्ध मौखिक कहानी कहने की विरासत को नयी ऊंचाइयों पर ले जाने के मकसद से तैयार किया गया है। अक्टूबर 2024 को शुरू हुए वेलवेट के सह-संस्थापक त्रिपाठी अब अभिनेता और डायलॉग कोच विकास कुमार, अक्षत सक्सेना, वरद भटनागर और शारिब खान के साथ काम करेंगे। स्त्री 2, गैंग्स ऑफ वासेपुर, बरेली की बर्फी और वेब सीरीज मिर्जापुर जैसी फिल्मों के लिए मशहूर त्रिपाठी ने कहा कि कहानी कहने की कला भारतीय संस्कृति में गहराई से निहित है। अभिनेता ने एक बयान में कहा लोक कथाओं से लेकर महाकाव्यों तक, हमारी कहानियां हमेशा प्रेरित करने, शिक्षित करने के साथ मनोरंजन से भरपूर होती हैं। इस ऑडियो मंच के साथ हम कहानी सुनने की परंपरा को श्रोताओं के लिए एक सिनेमाई अनुभव में बदलना चाहते थे ताकि श्रोताओं को कल्पना की दुनिया में ले जाएं। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वेलवेट एक ऑडियो फॉरवर्ड मंच है जिसका उद्देश्य उन श्रोताओं के लिए एक अनूठी जगह बनाना है जो मुख्य रूप से हिंदी भाषा में आकर्षक, कल्पनाशील और सिनेमाई ऑडियो सामग्री का आनंद लेते हैं। इसमें कहा गया कि जल्द ही अंग्रेजी और भारत की अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में कहानियां उपलब्ध कराने की योजना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वेलवेट ने पहले ही अपने मंच पर 10 हजार से अधिक श्रोताओं और अपने वितरण भागीदारों के माध्यम से 10 लाख से अधिक श्रोताओं तक पहुंच बना ली है, जिसमें भारत में जोश ऐप और अमेरिका में फ्यूचर टुडे ग्रुप शामिल हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com